दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 133 | जयपुर | बुधवार, 19 मार्च, 2025 | चैत्र, कृष्ण पक्ष पंचमी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹5.00 | पृष्ठ : 12

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


**मौसम** जयपुर

31.0⁰ अधिकतम तापमान | 19.0⁰ न्यूनतम तापमान

**बाजार** शेयर बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 75,301.26 (+1,131.30 (1.53%)) |
| निफ्टी | 22,834.30 (+325.55 (1.45%)) |

**सर्राफा** सोना/चांदी

| | |
|---|---|
| सोना | 91,100 /10g |
| चांदी | 1,04,000 /Kg |

# नागपुर में हिंसा के बाद 11 इलाकों में कर्फ्यू, 50 अरेस्ट

## 33 पुलिसकर्मी घायल, इनमें 3 डीसीपी, संभाजीनगर में औरंगजेब की कब्र के पास बैरिकेडिंग

बढ़ता राजस्थान

**नागपुर (एजेंसी)।** नागपुर में औरंगजेब का पुतला जलाने पर हुई हिंसा के बाद मंगलवार को 11 इलाकों में कर्फ्यू लगा दिया गया है। सोमवार शाम हुई हिंसा में 33 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं, इनमें 3 डीसीपी हैं। 5 आम लोग भी घायल हैं, इनमें से एक आईसीयू में भर्ती है। दंगाइयों ने 12 बाइक, कई कारें, 1 जेसीबी जला दी। पुलिस ने दंगे के आरोप में 50 लोगों को अरेस्ट किया गया है। वहीं, संभाजीनगर में औरंगजेब की कब्र की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। कब्र की ओर जाने वाले रास्तों पर बैरिकेडिंग कर दी गई है। हर आने-जाने वालों की जांच की जा रही है। औरंगजेब की प्रतीकात्मक कब्र जलाने से बवाल हुआ सोमवार को नागपुर में विश्व हिंदू परिषद ने प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन के दौरान गोबर के कंडों से भरा एक हरे रंग का कपड़ा जलाया गया। वीएचपी के मुताबिक, ये औरंगजेब की प्रतीकात्मक कब्र थी। इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद देर शाम 7:30 बजे नागपुर के महल इलाके में हिंसा भड़क गई। पथराव और तोड़फोड़ शुरू हो गई। उपद्रवियों ने घरों पर पथराव किया और सड़क पर खड़े दर्जनों वाहनों में तोड़फोड़-आगजनी की। पुलिस पर भी हमला किया गया।

डीसीपी निकेतन कदम कुल्हाड़ी के हमले से घायल हो गए। पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। रात 10.30 बजे से 11.30 बजे के बीच ओल्ड भंडारा रोड के पास हंसपुरी इलाके में एक और झड़प हुई। सीएम ने घायल डीसीपी से वीडियो कॉल पर बात की मंगलवार को सीएम देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा में बताया कि नागपुर हिंसा को लेकर 5 एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं, 31 पुलिसकर्मी और 7 नागरिक घायल हुए हैं। फडणवीस ने कुल्हाड़ी के हमले से घायल डीसीपी निकेतन कदम से वीडियो कॉल पर बात भी की। मुंबई के मुस्लिम बहुल इलाकों में भी सुरक्षा बढ़ी हिंसा के बाद शहर के गणेशपेठ, लकड़गंज, पचपावली, शांतिनगर, सक्करदरा, नंदनवन, इमामवाड़ा, यशोधरा नगर और कपिल नगर में कर्फ्यू लगाया गया है। इसके अलावा मुंबई में भी पुलिस सुरक्षा बढ़ा दी गई है।



बजट सत्र के दूसरे फेज का पांचवां दिन

# महाकुंभ में अनेक अमृत निकले, एकता का अमृत इसका पवित्र प्रसाद : पीएम मोदी

## राहुल बोले- भगदड़ में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि नहीं दी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बजट सत्र के दूसरे फेज के पांचवें दिन मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाकुंभ को लेकर संसद को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में अनेक अमृत निकले हैं। एकता का अमृत इसका पवित्र प्रसाद है।

पीएम ने कहा कि महाकुंभ पर सवाल उठाने वालों को जवाब मिला है। देश के कोने-कोने में आध्यात्मिक चेतना उभरी है। महाकुंभ में राष्ट्रीय चेतना के दर्शन हुए और महाकुंभ के उत्साह-उमंग को महसूस किया। देश की सामूहिक चेतना का नतीजा महाकुंभ के दौरान देखने को मिला। युवा पीढ़ी भी पूरे भाव से महाकुंभ से जुड़ी।

पीएम मोदी ने मॉरीशस यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि वहां के गंगा तालाब में त्रिवेणी का पवित्र जल डाला। अनेकता में एकता हमारी बहुत बड़ी ताकत है। इसी विशेषता को हम निरंतर समृद्ध करते रहें, ये हमारा दायित्व है। इधर, राहुल गांधी ने मोदी के महाकुंभ पर दिए गए वक्तव्य पर कहा- मैं प्रधानमंत्री की बात का समर्थन करना चाहता था।

कुंभ हमारी परंपरा है, संस्कृति है, इतिहास है। एक शिकायत थी कि प्रधानमंत्री ने जिनकी मृत्यु हुई उन्हें श्रद्धांजलि नहीं दी। जो युवा कुंभ में गए उन्हें प्रधानमंत्री से रोजगार चाहिए और प्रधानमंत्री को उस पर भी बोलना चाहिए था।

### महाकुंभ से निकला अमृत हमारे संकल्पों की सिद्धि का बहुत बड़ा माध्यम बनेगा

हमारे देश में कई छोटी-बड़ी नदिया हैं, कुछ ऐसी हैं जिन पर संकट आ रहा है। कुंभ से हमें दिखा कि नदी उत्सव को विस्तार देना होगा। पीढ़ी को पानी का महत्व पता चलेगा, साफ-सफाई को बल मिलेगा, नदियों की रक्षा होगी। भरोसा है कि महाकुंभ से निकला अमृत हमारे संकल्पों की सिद्धि का बहुत बड़ा माध्यम बनेगा।



### एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना दिखती है

जब अलग क्षेत्र, अलग भाषा के लोग संगम पर उद्घोष करते हैं तो एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना दिखती है। वहां छोटे-बड़े का भेद नहीं था। ये दिखाता है कि एकता का अद्भुत तत्व हमारे भीतर रचा-बसा है। एकता की यही भावना भारतीयों का सौभाग्य है। विश्व में जो बिखराव की स्थिति है, उस दौर में एकजुटता का विराट प्रदर्शन हमारी ताकत है।

### मॉडर्न युवा पीढ़ी महाकुंभ और दूसरे उत्सवों से जुड़ी रहे

प्रधानमंत्री ने कहा- मॉडर्न युवा पीढ़ी महाकुंभ और दूसरे उत्सवों से जुड़ी रहे। आज भारत का युवा परंपरा, आस्था, श्रद्धा को गर्व के साथ अपना रहा है। जब एक समाज की भावनाओं में अपनी विरासत पर गर्व का भाव बढ़ता है तो हम ऐसी ही भव्य प्रेरक तस्वीरें देखते हैं, जो हमने महाकुंभ के दौरान देखी हैं। इससे आपसी भाईचारा और आत्मविश्वास बढ़ता है कि देश के रूप में बड़े लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। ये भावना आज के भारत की बहुत बड़ी पूंजी है। महाकुंभ से अनेक अमृत निकले हैं। एकता का अमृत इसका पवित्र प्रसाद है। महाकुंभ ऐसा आयोजन रहा, जिसमें देश के हर क्षेत्र से हर कोने से आए लोग एक हो गए। अहम त्याग कर वयं के भाव से मैं नहीं, हम की भावना से प्रयाग राज में जुटे, त्रिवेणी का हिस्सा बने।

पीएम बोले- ये उमंग ये उत्साह सिर्फ यहीं तक सीमित नहीं था। बीते हफ्ते मैं मॉरीशस में था। त्रिवेणी से महाकुंभ के समय का पावन जल लेकर वहां गया था। जब उस पवित्र जल को मॉरीशस के गंगा तालाब में अर्पित किया गया, तो श्रद्धा-आस्था और उत्सव का माहौल देखते ही बनता था। ये दिखाता है कि आज हमारी परंपरा, हमारी संस्कृति और संस्कारों को आत्मसात करने की, उत्सव मनाने की भावना कितनी प्रबल हो रही है।

# सोने ने तोड़े अब तक के सारे रिकॉर्ड...

## 10 ग्राम की कीमत पहुंची 90,600; चांदी 1 लाख 2900 रुपए की हुई



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** भारत में सोने की कीमत ने अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। दुनियाभर के बाजार में जारी अस्थिरता और शेयर बाजार में जारी उठापटक के बाद सोने में निवेश बढ़ गया है। इसकी वजह से स्टैंडर्ड सोने की कीमत ने अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ बढ़ाकर 90 हजार के 600 रुपए पर आ गई है। वहीं, चांदी की कीमत बढ़कर एक लाख 2900 रुपए के शिखर पर पहुंच गई है। सर्राफा व्यापारी शंकर सोनी ने बताया कि वैश्विक बाजार में लगातार हो रहे बदलाव की वजह से भारत में सोने की कीमत में अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। इसका सबसे ज्यादा असर सर्राफा व्यापारियों पर नजर आ रहा है। क्यों कि स्टैंडर्ड सोने के साथ जेवराती सोने की कीमत भी 85 हजार को पार कर गई है। जिसकी वजह से बाजार में खरीदारों की कमी और सोने और चांदी के आभूषण बेचने वालों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में अगर बाजार में इसी तरह भाव में तेजी बरकरार रही। तो सोना वैडिंग सीजन पर भी इसका असर देखने को मिल सकता है। जयपुर सर्राफा कमेटी की ओर से जारी भाव के अनुसार जयपुर में 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 90 हजार 600 रुपए पर आ गई है। 22 कैरेट प्रति 10 ग्राम सोने की कीमत 85 हजार 200 रुपए पहुंच गई है। सोना 18 कैरेट 72 हजार 500 रुपए प्रति दस ग्राम और 14 कैरट 59 हजार 100 रुपए प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम मोदी का सुनीता विलियम्स को लेटर

### अंतरिक्ष से वापसी से पहले लिखा- हम जल्द आपको भारत में देखना चाहते हैं



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नासा की एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स को पत्र लिखकर भारत आने का निमंत्रण दिया है। 1 मार्च को लिखे गए इस लेटर को नासा के पूर्व अंतरिक्ष यात्री माइक मैसिमिनो ने भेजा था। इसे केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने ट्वीटर पर शेयर किया है। लेटर में पीएम मोदी ने लिखा है- आपके लौटने के बाद हम आपको भारत में देखने के लिए उत्सुक हैं। भारत के लिए अपनी सबसे शानदार बेटियों में से एक की मेजबानी करना खुशी की बात होगी। सुनीता विलियम्स 5 जून 2024 को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंची थीं। वे 9 महीने तक अंतरिक्ष में रहने के बाद 19 मार्च को धरती पर वापस आने वाली हैं।

पीएम मोदी का लेटर...

### मोदी के लेटर में सुनीता के पिता का भी जिक्र

पीएम ने लिखा- भले ही आप हजारों मील दूर हों, लेकिन आप हमारे दिलों के करीब हैं। भारत के लोग आपके अच्छे स्वास्थ्य और आपके मिशन में सफलता के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। 1 .4 अरब भारतीयों ने हमेशा आपकी उपलब्धियों पर बहुत गर्व किया है। मोदी ने 2016 में अमेरिका यात्रा के दौरान विलियम्स और उनके दिवंगत पिता दीपक पंड्या से हुई मुलाकात को याद किया। उन्होंने लिखा- हमारी बातचीत में आपका जिक्र हुआ था।

# वोटर आईडी से लिंक होगा आधार

## चुनाव आयोग की हाई लेवल मीटिंग में फैसला

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चुनाव आयोग ने वोटर आईडी को आधार से जोड़ने को लेकर बड़ा फैसला लिया है। मंगलवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में हुई हाई लेवल मीटिंग में इस पर चर्चा हुई। आयोग ने साफ किया कि यह प्रक्रिया पूरी तरह संविधान और सुप्रीम कोर्ट के फैसले के तहत ही होगी।

चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया कि वोटर आईडी को आधार से जोड़ने की प्रक्रिया संविधान के अनुच्छेद 326 और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 23(4), 23(5) और 23(6) के तहत होगी। आयोग ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि आधार कार्ड सिर्फ पहचान का प्रमाण है, नागरिकता का नहीं। इसलिए आधार से लिंक करने की प्रक्रिया यह सुनिश्चित करेगी कि सिर्फ भारतीय नागरिक ही मतदाता सूची में दर्ज हों।




# भारत और न्यूजीलैंड एक व्यापक, पारस्परिक रूप से लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते पर काम कर रहे हैं : पीयूष गोयल

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और न्यूजीलैंड एक व्यापक और परस्पर लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए काम कर रहे हैं। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने नई दिल्ली में भारत और न्यूजीलैंड के सीईओ को संबोधित करते हुए यह बात कही। दोनों देशों ने इस सप्ताह की शुरुआत में एफटीए के लिए बातचीत शुरू करने की घोषणा की थी। मंगलवार के कार्यक्रम में न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री माननीय क्रिस्टोफर लक्सन, न्यूजीलैंड के व्यापार और निवेश, कृषि और वानिकी मंत्री माननीय टॉड मैक्ले, दोनों देशों के व्यापारिक नेता और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। व्यापार जगत के दिग्गजों को संबोधित करते हुए गोयल ने दोनों देशों के बीच सहयोग की अपार संभावनाओं पर जोर दिया। उन्होंने भारत-न्यूजीलैंड साझेदारी के लिए एक महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण व्यक्त किया, जिसमें अगले दशक में द्विपक्षीय व्यापार में 10 गुना वृद्धि का लक्ष्य रखा गया।

न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री, माननीय क्रिस्टोफर लक्सन ने फोरम को संबोधित करते हुए कहा कि दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने में कारोबार की अहम भूमिका है।

प्रधानमंत्री ने आगे नए क्षेत्रों और क्षेत्रों की खोज करने की आवश्यकता पर जोर दिया, जहां न्यूजीलैंड को प्रतिस्पर्धात्मक लाभ प्राप्त है। उन्होंने कहा, मैं भारत और न्यूजीलैंड दोनों के भविष्य के बारे में बहुत आशावादी हूं। हमारे लिए भारत एक गेम चेंजर है। दुनिया में एक छोटे देश के रूप में, भारत हमारे लिए वास्तव में एक महत्वपूर्ण संबंध है। हम सभी मानते हैं कि इन दोनों देशों को मिलकर बहुत कुछ करना चाहिए। जब हम आज 3 बिलियन डॉलर के व्यापारिक संबंध को देखते हैं, तो हमारे लिए यहां बहुत बड़ा अवसर है। वाणिज्य मंत्री ने दोनों देशों के व्यापारिक नेताओं से इस लक्ष्य को प्राप्त करने में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है, जहां हम एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा करते हों और कुछ संवेदनशील क्षेत्रों को आपसी सम्मान के साथ सुलझाया जा सकता है।









सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

## राजस्व अधिकारी ग्रेड-द्वितीय एवं अधिशाषी अधिकारी ग्रेड-चतुर्थ परीक्षा के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी, (नि.स.)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर के निर्देशानुसार राजस्व अधिकारी ग्रेड-द्वितीय एवं अधिशाषी अधिकारी ग्रेड-चतुर्थ पुनः परीक्षा 2022 (स्वायत्त शासन विभाग) 23 मार्च को निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक जिला मुख्यालय पर आयोजित होगी। परीक्षा समन्वयक अतिरिक्त जिला कलक्टर सुदर्शन सिंह तोमर ने बताया कि आयोग से प्राप्त निर्देशानुसार 21 से 23 मार्च तक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। नियंत्रण कक्ष 21 मार्च को प्रातः 9:30 बजे से सायं 6 बजे तक, 22 मार्च को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक तथा परीक्षा के दिन 23 मार्च को प्रातः 10 बजे से परीक्षा समाप्ति तक संचालित रहेगा। उन्होंने बताया कि परीक्षा के लिए जिला कलेक्ट्रेट के कमरा नम्बर 34 में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर 0747-2940097 रहेगा। नियंत्रण कक्ष के प्रभारी उप प्राचार्य राउमावि दबलाना कौशल किशोर जैन रहेंगे।

# हार्डकोर अपराधी दिलीपनाथ की गैंग के गुर्गे यशपाल सालवी व नरेश पालीवाल गिरफ्तार

### हार्डकोर अपराधी दिलीपनाथ के ईशारे पर लोगों को डरा धमका कर उनकी जमीनों पर अवैध कब्जा करने की नियत से पिस्टल लेकर आये थे

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाडा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) उदयपुर के सुपरविजन में सूर्यवीर सिंह राठौड वृताधिकारी वृत गिर्वा के निर्देशन में लीला राम पु.नि. थानाधिकारी पुलिस थाना नाई मय टीम ने सीसारमा जंगल सफारी क्षैत्र से हार्डकोर अपराधी दिलीपनाथ की गैंग के गुर्गे यशपाल सालवी को एक अवैध पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया गया था। उक्त घटना पर पुलिस थाना नाई पर प्रकरण संख्या 36/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया था तथा अभियुक्त यशपाल सालवी का संबंध हार्डकोर अपराधी दिलीप नाथ से होने व प्रकरण में गहन अनुसंधान करने के उदेश्य से उक्त प्रकरण का अग्रिम अनुसंधान गोवर्धनविलास थानाधिकारी दिलीप सिंह झाला को सौंपा। अभियुक्त यशपाल सालवी ने उक्त पिस्टल हार्डकोर अपराधी दिलीपनाथ की गैंग के ही एक अन्य अपराधी व थाना अम्बामाता के हिस्ट्रीशीटर नरेश पालीवाल से खरीदना बताया था। जिस पर गोवर्धनविलास थाना टीम ने तत्काल हिस्ट्रीशीटर नरेश पालीवाल को गिरफतार किया गया। उक्त दोनों अभियुक्तगण यशपाल सालवी व नरेश पालीवाल का पुलिस रिमांड प्राप्त कर अनुसंधान किया जा रहा है। अभियुक्त यशपाल सालवी व हिस्ट्रीशीटर नरेश पालीवाल दोनों ही अभियुक्त हार्डकोर अपराधी दिलीप नाथ की गैंग के सदस्य है। दोनों ही अभियुक्तगण हार्डकोर अपराधी दिलीप नाथ के ईशारे पर पूर्व में कई अपराधिक वारदातों को अंजाम दिया था व वर्तमान में भी उक्त दोनों दिलीप नाथ के ईशारे पर विभिन्न भु-स्वामियों को अपने आपराधिक पृष्ठभुमि का भय दिखा कर हथियारों के दमपर डरा-धमका कर उनकी जमीनों को अपनी गैंग के अन्य साथियों के नाम पर एग्रीमेंट करवा ली जाती है। पुलिस को 5 दिन का रिमाण्ड मिला है।



# जैन सोश्यल ग्रुप मेवाड़ रिज़न का कल्चरल एवं पुरूस्कार वितरण समारोह सिंहस्थ सम्पन

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** जैन सोश्यल ग्रुप इन्टरनेशनल फेडरेशन के मेवाड़ रिज़न के वर्ष 2023-25 के सांस्कृतिक एवं पुरूस्कार वितरण समारोह शुभ केशर गार्डन में आयोजित किया गया। समारोह क मुख्य अथिति पंजाब के राज्यपाल एवम चंडीगढ़ के प्रशासक महामहिम गुलाबचंद कटारिया, विशिष्ट अथिति पूर्व विधान सभाध्यक्ष शांतिलाल चपलोत, ओसवाल बड़े साजन सभा के अध्यक्ष कुलदीप नाहर, ओसवाल सभा के अध्यक्ष प्रकाश चन्द्र कोठारी थे जबकि अध्यक्षता मेवाड़ रीजन के चेयरमैन अनिल नाहर ने की। मुख्य अथिति गुलाबचंद कटारिया ने कहा कि जैन समाज की ताकत उसके संस्कार:उपस्थित सभी सदस्यों ने राज्यपाल कटारिया से केन्द्र सरकार से 9 अप्रेल को महामंत्र नवकार दिवस घोषित करने की मांग की, पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाबचन्द कटारिया ने कहा कि जैन समाज की ताकत उसके संस्कार है। समर्पण की दृष्टि से समाज को आगे बढ़ानें पर अब जैन समाज के सभी संगठन एक होकर कार्य कर रहे है। जेएसजी आईएफ ने युवाओं मे संस्कार डालने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि जैन समाज के संगठन जीतो ने पिछले 10 वर्षो में जैन समाज के 300 युवाओं को आईएएस एवं आईपीएस बनाने में मदद की है,जो बड़ी बात है। जेएसजीआईएफ मेवाड़ रिज़न में महिलाओं की बराबर की भूमिका दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि कटारिया महामहिम रहे या नहीं रहे लेकिन शहरवासियों के दिलों में हमेशा बनें रहेंगे। उन्होंने समाज का आव्हान किया कि वे संस्कार की दृष्टि से कमजोर नहीं करें। शादी ब्याह में रात्रि के फेरे बंद कर दिन के ही फेरे करानें प्रारम्भ करें। शादी के खर्चे कम कर उसमें बची हुई राशि का उपयोग बच्चों को शिक्षित करने में लगायें। जैन समाज में बच्चों की तुलना में बच्चियों में ज्यादा टेलेन्ट है।

सभी परीक्षाओं मे बेटियां ज्यादा अच्छा परिणाम प्राप्त कर रही है। इस अवसर पर रिज़न चेयरमैन अनिल नाहर ने कहा कि रिज़न ने विगत दो वर्षो के दौरान तय किये गये लक्ष्य में से 90 प्रतिशत कार्य पूरे किये जा चुके है। जिनमें 21 में से 17 पक्षीघर का निर्माण एवं 21 व्यंजन को आगे बढ़ानें की मुहिम शामिल है। कैंसर हॉस्पीटल का निर्माण शुरू नहीं किया जा सका, जिसे अगले नये चौयरमैन के दो वर्षो के कार्यकाल के दौरान पूरा कराया जायेगा।

दो वर्षो के दौरान साढ़े आठ करोड़ के कार्य किये गये। समारोह का प्रारम्भ राकेश चपलोत के मगंलाचरण से किया गया,खली प्रदेश के कमल नाहटा एवं ग्रुप ने चंग की प्रस्तुति दी। जेएसजी संगिनी विजय ग्रुप की सदस्याओं ने नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। नन्हें-नन्हें बच्चों ने पक्षीघर पर नाटिका की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन आलोक पगारिया द्वारा किया गया।

## पांच दिवसीय राजस्थान इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो आज से, देशभर से 125 एक्जीबिटर्स भाग लेने पंहुचे

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** उदयपुर चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री और पीएचडी चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स ऑफ़ इंडस्ट्री' द्वारा यूसीसीआई में 19 मार्च से प्रारम्भ हो रहे पांच दिवसीय राजस्थान ट्रेड एक्सपो में भगा लेने देया भर से सभी 125 एक्जीटर्स पंहुच चुके है। एक्सपो का उद्घाटन बुधवार प्रातः 11 बजे मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर नमित मेहता करेंगे।

पीएचडीसीसीआई के राजस्थान प्रमुख एवं अध्यक्ष आर.के.गुप्ता व कन्वीनर मुकेश माधवानी ने बताया कि एक्सपो की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। पाण्डाल एवं स्टॉलें सज कर तैयार हो गई है। आज उदयपुर पंहुचे सभी एक्जीबिटर्स इसमें भाग लेने के लिये उत्साहित दिखाई दिये। जीएसटी पर आयोजित होने वाले तकनीकी सत्र में कारोबारियों को दिल्ली से आने वाले विषय विशेषज्ञ कारोबारियों को कारोबार की जानकारी देंगे।

यूसीसीआई के अध्यक्ष मांगीलाल लुणावत ने बताया कि 19 मार्च को प्रातः जिला कलेक्टर नमित मेहता उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन सत्र में ही पीएचडीसीसीआई के इन डायरेक्ट टेक्स कमेटी के को-चेयरमैन पवन अरोड़ा नेविगेटिंग जीएसटी कम्पालायसेंस एण्ड अर्पोच्युनिटी फॉर एमएसएमई इन उदयपुर विषय पर अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रम में हिज़िंलि के सीईओ अरूण मिश्रा अपना संबोधन देंगे।

पीएचडीसीसीआई के उप महासचिव नवीन सेठ व ट्रेड फेयर कन्सलटेन्ट हरदीपसिंह ने बताया कि 20 मार्च को तथास्तु रिसोर्ट में राजस्थान टूरिज्म सम्मान समारोह आयोजित किया जायेगा। जिसके मुख्य अतिथि आरएसएमएमलि. के प्रबन्ध निदेशक भगवती प्रसाद कलाल होंगे। इस कार्यक्रम में राज्य के पर्यटन से जुड़े उद्यमियों को सम्मानित किया जायेगा। पीएचडीसीसीआई उदयपुर के कन्वीनर मुकेश माधवानी ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रतिदिन सायंकाल स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। राइटेक्स-2025 में अलग-अलग राज्यों के विभिन्न व्यंजनों के फूड कोर्ट भी लगाये जाऐंगे। जिसमें लगभग 50000-60000 व्यापारिक एवं अन्य आगंतुकों के आने की सम्भावना है।

## पूर्व मंत्री शकुंतला रावत ने ध्वज यात्रा को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित श्री श्री 1008 श्री गरीबनाथ जी महाराज आश्रम जिसे आजकल मन्दिर या कुटिया व गुफा के नाम से जानते हैं। नगर पालिका क्षेत्र के नागरिकों ने बाबा गरीब नाथ सेवा समिति के अध्यक्ष भूपसिंह सुरेला के नेतृत्व में पूजा अर्चना कर ध्वज यात्रा निकाली गईं। जिसे पूर्व केबिनेट मंत्री शकुंतला रावत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर बोलते हुए रावत ने कहा कि धार्मिक प्रवृति और संस्कार मंदिरों से मिलते हैं हमें अपनी नई पीढ़ी को भी मंदिरों में लाना चाहिए जिससे नई पीढ़ी संस्कारवान बन सके। उन्होंने कहा कि मेरे से मांग करने पर एक कमरे का निर्माण करवा दिया गया है यदि बाबा गरीबनाथ महाराज की कृपा होगी तो आगे भी निर्माण जारी रहेंगे। वहीं बाबा गरीबनाथ का लक्खी मेला आज भरा जिसमें श्रद्धालुओं ने बाबा को ढोक लगाई और अरदास मांगी।

उधर श्यामपूरा के ग्रामीणों द्वारा अखण्ड प्रसादी की व्यवस्था की जिसे लोगों ने आदर स्वरूप ग्रहण की।इस मौके पर पूर्व मंत्री शकुंतला रावत साथ मे भूप सिंह सुरेला समिति अध्यक्ष,पूर्व पार्षद रोशन सैनी, नरेश गोलिया, पूर्व पार्षद डॉ नरेश सैन, मुकेश सैनी सहित काफ़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारम्भ 22 मार्च से

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** क्षेत्र के ग्राम खेलना स्थित सती मंदिर के पास कलश यात्रा व सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन आगामी 22 मार्च से किया जायेगा। आयोजक रामकुंवार सिंह शेखावत (राधे-राधे) ने बताया कि इस संदर्भ में ग्रामीणों की मिटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें आगामी शनिवार को प्रात 08 बजे खेलना ग्राम के प्रमुख रास्तों में कुमावतों के मौहल्ले से सती माता मंदिर तक कलश यात्रा निकाली जायेगी। साथ हि 22 से 28 मार्च तक दोपहर 01 से शाम 05 बजे तक सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होगा। इस मौके पर गुरूजी रणजीत सिंह, विनोद सिंह, मुकेश बाकोलिया, लीलू सिंह, सुगन सिंह, मोहन सिंह, हरी सिंह गुरूजी, नवरतन सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## निर्वाचन विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त दलों से मांगे गए नाम

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** राजस्थान विधानसभा की बानसूर विधानसभा संख्या 063के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अनुराग हरित ने प्रेस नोट जारी कर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से नाम भेजनें का आग्रह किया है। हरित ने बताया कि विधानसभा स्तरीय एवं मतदान केन्द्र स्तरीय बूथ लेवल के अभिकर्ता (बीएलओ)नियुक्त कराने हेतु सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक को निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि बूथ लेवल अभिकर्ता द्वारा नियुक्ति फार्म -02भरा जाकर इस कार्यालय द्वारा नियुक्त बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ)को उपलब्ध कराया जाना है। हरित ने बताया कि सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल की ओर से विधानसभा स्तरीय अभिकर्ता एवं बूथ स्तरीय अभिकर्ता नियुक्त करने हेतु विधानसभा स्तरीय सभी राजनीतीक दलों के ब्लॉक अध्यक्षों की 18मार्च 2025मंगलवार को उपखण्ड अधिकारी कार्यालय पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अनुराग हरित की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन दोपहर 2बजे आयोजित की गईं।

## मैंने सार्वजनिक क्षेत्र के काम करवाए, व्यक्तिगत नहीं करवा पाई : रावत

### क्षेत्र के नगर निकाय और पंचायत राज चुनाव में कांग्रेस जीते इसके लिए संगठित रहना होगा



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** विधानसभा क्षेत्र को बानसूर और नारायणपुर ब्लॉक की संयुक्त बैठक मंगलवार को बैठक हुई। बैठक में दोनों ब्लॉक अध्यक्षों सहित पूर्व मंत्री शकुंतला रावत, बानसूर पिसीसी प्रभारी श्रीराम गुर्जर, प्रधान प्रतिनिधि सुभाष यादव, पूर्व कृषि उपज मण्डी चेयरमैन माडाराम अधाना, पूर्व प्रधान मातादीन गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष भीमसिंह, राजेन्द्र रैगर, एडवोकेट पीसी रावत, सरपंच भगीरथ सैनी, नीरज तोनगुरिया, सत्यनारायण शर्मा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष आशुतोष शर्मा, हीरालाल धाबाई, पूर्व पार्षद रोशनलाल सैनी, डॉ नरेश सैन सहित कांग्रेस जन मौजूद रहे। इस मौके पर पूर्व मंत्री शकुंतला रावत ने कहा कि मैंने सार्वजनिक विकास के कार्यों को महत्व दिया।

जिसकी बदौलत मैं चुनाव हार गई। उन्होंने कहा कि चुनाव हार गई उसका मुझे अफ़सोस नहीं पर मेरे कार्यकाल में मैंने सार्वजनिक हित को साधने का प्रयास किया वह महत्वपूर्ण है। रावत ने कहा कि नगर निकाय चुनाव और पंचायत राज चुनाव में मिलकर यदि हम लड़े तो जीत कांग्रेस की निश्चित है। हमारे प्रधान और चेयरमैन होंगे। उन्होंने कहा कि विकास पर यदि मैं ध्यान नहीं देती तो मैं चुनाव नहीं हारती!रावत ने कहा कि जो मूलभूत सुविधाओं के लिए क्षेत्र की जनता ने मुझे पुकारा मैं हाजिर रही पर व्यक्तिगत काम करवाने में पीछे रही क्योंकि मुझे समय ही नहीं मिल पाया!कोई माई का लाल ठेकेदार या कर्मचारी कह दे कि मेरे साथ चाय पी है तो मैं.....! उन्होंने कहा कि मैंने अपने प्रयास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है।

## विवाहिता ने की आत्महत्या

बढ़ता राजस्थान

**मेहंदीपुर बालाजी (भरत सिंह)।** मेहंदीपुर बालाजी थाना क्षेत्र में विवाहिता द्वारा सुसाइड करने का मामला सामने आया है। घटनाक्रम बीती रात मीणा सीमला गांव का है, जिसका मंगलवार सुबह पता चलने पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच घटनास्थल का बारिकी से मुआयना कर साक्ष्य जुटाए और शव को कब्जे में लेकर सिकराय उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने बताया कि मीना सीमला गांव निवासी सुमन (23) पत्नी अनिल मीना ने बीती रात को सुसाइड कर लिया। मंगलवार देर सुबह तक उसके कमरे से बाहर नहीं निकलने पर परिजनों ने तलाश किया तो वह मृत अवस्था में मिली। जिसके बाद मौके पर पहुंच शव को मोर्चरी में शिफ्ट करवाया। सूचना के बाद मृतका के पीहर पक्ष के लोग भी अस्पताल पहुंच गए। थाना इंचार्ज गौरव प्रधान ने बताया कि मृतका की शादी 11 महीने पूर्व हुई थी। उसके अवसाद होने का इलाज चल रहा था, जिसके साक्ष्य मिले हैं। मौत को लेकर पीहर पक्ष ने किसी प्रकार का संदेह नहीं जताया। ऐसे में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। सिकराय एसडीएम मामले की जांच कर रहे हैं।

## आम रास्ते पर भरा गंदा पानी बना शिक्षा की राह में रोड़ा

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** एक ओर केन्द्र व राज्य सरकार ज्यादा से ज्यादा संख्या में बालकों तक शिक्षा पहुँचाने के हर सम्भव व अथक प्रयास कर रही है। वहीं दूसरी ओर सरकारी अनदेखी स्कूली विधार्थियों की शिक्षा में बड़ी बाधा भी बनी हुई है। ऐसा ही नजारा नगरपालिका पावटा प्रागपुरा में हंस कॉलेज स्थित वार्ड नम्बर 17 व दिपक स्कूल की ओर जा रहे आम रास्ते में देखा जा सकता है। जहां आम रास्ता बड़ी संख्या में गड्ढों तब्दील होकर उनमें भारी मात्रा में गंदा पानी भरा हुआ है। पूर्व वार्ड पंच ख्यालीराम रामू यादव ने बताया कि यह रास्ता विगत दो सालों से खराब है और यहाँ बड़ी संख्या में स्कूली बालक रोज इस रास्ते से गुजरते है। कई बार तो गंदे पानी में गिरकर घायल होते है। वहीं विधार्थियों की स्कूली वर्दी गंदी होना तो रोज की बात है। स्थानीय वार्डवासी चेतराम मीना, मामराज योगी, महेश यादव



ने बताया कि नगरपालिका प्रशासनिक अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को अनेकों बार मामले से अवगत करवाया जा चुका है लेकिन समस्या जस की तस बनी हैं। अब देखना यह है कि देश के नन्हें-मुन्ने भविष्य को संवारने वाली सरकार की सोच इस समस्या के निवारण के प्रति गंभीर है या नहीं।

## श्याम सखा परिवार का होली मिलन समारोह

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी सिटी (अंशु गुप्ता)।** श्याम सखा परिवार की ओर से रोशनी बंधन में होली मिलन समारोह का आयोजन कार्यक्रम में सभी को तिलक लगाकर गुलाल से होली खेली गई । होली मिलन समारोह में विनोद बागरैनिया, प्रदीप गर्ग, दीना सिंघल, शैलेश गोयल, राधा रमन जागा, सनी श्याम प्रेमी, प्रदीप कालरा, अतुल विजयवर्गी, मनीष गोयल, आशीष, विवेक रामपुरा, सोनू सांवरिया, विजेंद्र, बोना, सुनील सारस्वत, देवेंद्र मेंबर, अंशु बलम, रवि सैनी सोनू सैनी, सतीश, जीतू गर्ग आदि श्याम प्रेमी मौजूद रहे।

## लोढ़ा भाईपा ओसवाल संस्थान का वार्षिक अधिवेशन 23 को

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** लोढ़ा भाईपा ओसवाल संस्थान उदयपुर का वार्षिक अधिवेशन एवं सम्मान समारोह 23 मार्च को सुरजपोल स्थित वासुपूज्य जैन मन्दिर के सभगार में आयोजित किया जायेगा। संस्थान के अध्यक्ष ललित लोढ़ा ने बताया कि प्रतिवर्ष संस्थान अन्य सामाजिक गतिविधियों के अलावा 28 वर्षो से वार्षिक अधिवेशन एवं सम्मान समारोह का आयोजन करता रहा है। सचिव नरेश लोढ़ा ने बताया कि अधिवेशन की व्यापक तैयारियों को लेकर कार्यकारिणी की आज राज लोढ़ा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित बैठक में दिलीप लोढ़ा,शैलेन्द्र लोढ़ा,अशोक लोढ़ा,नवीन लोढ़ा,प्रकाश लोढ़ा,चिन्तन लोढ़ा,विजयसिंह लोढ़ा को विभिन्न जिम्मेदारियां दी गई।

# महिलाओं मे दिख रहा सामूहिक 16 दिन की गणगौर पूजा का उत्साह

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** चैत्र मास की शुरुआत के साथ राजस्थान में गणगौर पर्व की शुरुआत हो गई है। मंगलवार को महिलाओं ने सामूहिक रूप से गणगौर की पूजा-अर्चना की एसडीम कोर्ट के सामने महिलाएं सिर पर जल से भरे कलश और दूब लेकर पूजन स्थल पर पहुंचीं। उन्होंने भंवर पूजन और गण गौर के भजन गाते हुए विधिवत पूजा कीपूजन में शामिल ज्योती गर्ग ने बताया कि गणगौर पर्व 16 दिनों तक चलता है। इस दौरान महिलाएं और बालिकाएं सज-



धजकर पूजा करती हैं। यह पूजा घरों और बगीचों में सामूहिक रूप से की जाती है।कार्यक्रम में ज्योति, पिंकी, रेणु, साबिता, बबीता, बुलबुल, वीणा, सुमन, रेणु, खुशबू, विरमासहित अनेक महिलाएं मौजूद रहीं। इसी प्रकार मंगलवार को महिलाओं ने सामूहिक रूप से गणगौर की पूजा-अर्चना की काजल मार्केट मे महिलाएं ने सिर पर जल से भरे कलश और दूब लेकर पूजन स्थल



पर पहुंचीं। उन्होंने भंवर पूजन और गण गौर के भजन गाते हुए विधिवत पूजा कीपूजन में शामिल सपना सिंहल ने बताया कि गणगौर पर 16 दिनों तक चलता है इस दौरान महिलाएं सज-धजकर पूजा करती है यह पूजा घर और बगीचों में सामूहिक रूप से की जाती हैपूजा में शामिल सपना सिंहल वीणा, अनीता, ममता, पूजा, रानी, दुर्गेश, बबीता, सहित अनेक महिलाएं मौजूद रही।

# 17 सूत्रीय मांगों की अनदेखी के चलते राज्य कर्मचारी महासंघ ने कलेक्ट्रट पर किया विरोध प्रदर्शन

## मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत के बैनर तले मंगलवार को जयपुर जिला कलेक्ट्रेट सर्किल पर महासंघ से संबद्ध विभिन्न घटक संगठनों के प्रदेश एवम जिला कार्यकर्ता सैकड़ों की संख्या में पहुंचे। और नारेबाजी करते कलेक्ट्रेट सर्किल के चारो ओर विरोध जुलुस निकाला। इसके बाद महासंघ जिलाध्यक्ष के के यादव,मुख्य जिला मंत्री सज्जन सोनी, कैलाश दादरवाल एवम जयपुर संभाग अध्यक्ष विकाश शर्मा के नेतृत्व मे जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री और एवम मुख्य सचिव के नाम 17 सूत्रीय मांगपत्र ज्ञापन सोपा। इस अवसर पर प्रदर्शन में शामिल हुए संरक्षक सियाराम शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र राना, मुख्य महामंत्री नवीन शर्मा, महामंत्री विपिन शर्मा एवम प्रमुख सलाहकार शशि भूषण शर्मा ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य के समस्त विभागो में कार्यरत 6। लाख से अधिक नियमित एवम लगभग




तीन लाख अनियमित कर्मचरियो की ज्वलंत समस्याओं का समय रहते समाधान के लिए राज्य सरकार को सजग होना होगा। क्योंकि इस बार राज्य कर्मचारी सरकार के कार्यकाल के आखिरी साल तक इन्तजार नहीं करेगा ।10 साल से कमेटियों के मकड़ जाल में नियमित कार्मिकों की वेतन विसंगति समस्या पूर्व सरकार द्वारा गठित खेमराज कमेटी की नकारात्मक रिपोर्ट से समाधान की जगह उलझ गई है। जबकि देश में आठवां वेतन आयोग आने को है। यह राज्य कर्मचारियों के लिए अति चिंता जनक ज्वलंत विषय है। वहीँ विगत 10 साल से एसीपी(9-18-27) की जगह 4 एसीपी 7/14/21/28 वर्ष की मांग पूरी नहीं हो पाई और ना ही संविदा कार्मिकों का नियमितीकरण,ठेकाप्रथा समाप्ति, एवम समुचित वेतन वृद्धि, की आश पुरी हुई। महासंघ के मुख्य प्रवक्ता जितेंद्र सिंह , प्रवक्ता डा राकेश नेहरा,एवम वकी अहमद तथा मीडिया प्रभारी मुकेश मीणा ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि कार्मिकों के प्रति ढुलमुल रवैया छोड़कर मांगों को पूरा करने पर ध्यान देना होगा प्रदेश का कार्मिक कमेटी की रिपोर्ट से आक्रोशित और नाराज है। आज से पूरे प्रदेश में ध्यानाकर्षण प्रदर्शनों का क्रमिक दौर शुरू हो रहा है। अगर मांगो पर जल्द सुनवाई नहीं हुयी तो बढ़ते क्रम में चरण बद्ध आंदोलन को उग्र किया जाएगा।

# किसानों के हित में सदैव तत्पर राज्य सरकार, समर्थन मूल्य पर सरसों-चना खरीद की सभी तैयारियां आरम्भ

## 1 अप्रेल से करवा सकेंगे पंजीकरण

## 10 अप्रेल से शुरू होगी खरीद : सहकारिता मंत्री

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हित में सदैव तत्पर है एवं आगामी रबी सीजन 2025-26 में समर्थन मूल्य पर सरसों तथा चना की खरीद के लिए सभी तैयारियां आरंभ की जा चुकी हैं। दक ने बताया कि इस वर्ष राज्य में सरसों का लगभग 62 मैट्रिक टन एवं चने का लगभग 23 लाख मैट्रिक टन उत्पादन संभावित है। भारत सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप राज्य में सरसों की 13.89 लाख मैट्रिक टन एवं चने की 6.30 लाख मैट्रिक टन खरीद किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि समर्थन मूल्य पर सरसों एवं चना के विक्रय हेतु किसान 1 अप्रेल से ई-मित्र के माध्यम से पंजीयन करवा सकेंगे। जबकि, खरीद का कार्य 10 अप्रेल से आरंभ होगा। पंजीयन के लिए



किसानों को गिरदावरी एवं पासबुक आवश्यक रूप से पंजीयन फॉर्म के साथ अपलोड करनी होगी। समर्थन मूल्य पर खरीद बायोमीट्रिक अभिप्रमाणन के आधार पर की जाएगी। सहकारिता मंत्री ने बताया कि इस वर्ष राज्य में नोडल एजेंसी नैफेड के साथ-साथ एनसीसीएफ द्वारा भी दलहन-तिलहन की खरीद का कार्य राजफैड के माध्यम से कराया जाना है। इसके लिए सरसों एवं चने हेतु एनसीसीएफ को 217-217 एवं नैफेड को 288-288 क्रय केन्द्र स्वीकृत किये गए हैं। इस प्रकार, राज्य में सरसों एवं चने के कुल 505-505 क्रय केन्द्र स्वीकृत किए गए हैं, जिनकी जिलेवार सूची जारी कर दी गई है। दक ने बताया कि एनसीसीएफ द्वारा राजफैड क्षेत्रीय कार्यालय अजमेर, जोधपुर, बीकानेर एवं कोटा के 19 जिलों में तथा नैफेड द्वारा राजफैड क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर, उदयपुर, श्रीगंगानगर एवं भरतपुर क्षेत्र के 21 जिलों में खरीद कार्य करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा आगामी सीजन हेतु सरसों का समर्थन मूल्य 5950 रुपये प्रति क्विंटल एवं चने का समर्थन मूल्य 5650 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। सहकारिता मंत्री ने कहा कि किसान पूर्व की भांति एफएक्यू गुणवत्ता मापदण्डों के अनुरूप अपनी फसल क्षेत्र की क्रय-विक्रय अथवा ग्राम सेवा सहकारी समिति केन्द्र पर विक्रय कर सकेंगे।

# कुलपति प्रो. संजीव शर्मा को राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ द्वारा FRAV 2024-25 से सम्मानित किया गया



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ, नई दिल्ली द्वारा आयुर्वेद के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले चिकित्सको ओर शिक्षकों के लिए सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर के कुलपति प्रो. संजीव शर्मा को केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार प्रताप राव जाधव, सांसद डॉ राजीव भारद्वाज, आयुष सचिव वैद्य राजेश कोटेचा, पद्मभूषण वैद्य देवेंद्र त्रिगुणा एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ द्वारा 'फेलो ऑफ राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ 2024-25' की उपाधि से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान आयुर्वेद के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान और समर्पण के लिए प्रदान किया गया है। यह सम्मान आयुर्वेदिक चिकित्सा, शोध एवं शिक्षा में प्रो. शर्मा जी के उल्लेखनीय कार्यों की सराहना करता है। उनके मार्गदर्शन में संस्थान ने न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ प्राप्त की हैं। इस उपलब्धि पर राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय के शिक्षकों, चिकित्सको, अधिकारियों कर्मचारियों ओर विद्यार्थियों ने प्रोफेसर संजीव शर्मा को इस अवसर पर बधाई दी।

इस अवसर पर समस्त आयुर्वेद जगत गर्व महसूस कर रहा है, प्रो. संजीव शर्मा का यह योगदान आगे भी आयुर्वेद के उत्थान और प्रचार-प्रसार में सहायक सिद्ध होगा।

# रक्तदान शिविर व मेडिकल कैंप का पोस्टर विमोचन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** फ्यूचर अलायंस एन.जी.ओ के कार्यकर्ताओं की बैठक एन.जी.ओ के अध्यक्ष पवन कुमार सैनी की अध्यक्षता मे नागजी का मंदिर नागजी गौर में आयोजित ।जिसमें शिविर के मुख्य अतिथि श्री श्री 108 सीताराम दास के कर कमलो द्वारा रक्तदान शिविर मेडिकल कैंप का पोस्टर विमोचन किया ।10 अप्रैल 2025 को रक्तदान शिविर व मेडिकल कैंप का आयोजन होगा ।इस मौके जिला अध्यक्ष




रामकुमार सैनीरसनाली,पत्रकार बिल्लूराम सैनी, प्रदेश युवा उपाध्यक्ष उदय तोदवाल,जिला उपाध्यक्ष प्रकाश तोदवाल,एडवोकेट योगेश सैनी,विजय कुमारसैनी,एडवोकेट नवीन कुमार सैनी,विजय सैनी,योगेश सैनी, जितेंद्र बानसूर,महेंद्र बानसूर,घनश्याम सैनी, संजयहाजीपुर,जीतेन्द्र साखला, अजय कोटपुतली आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राजस्थानी म्यूजिक वीडियो एल्बम चोखो भरतार लॉन्च

## बॉलीवुड एक्टर अरबाज खान और सिमरन खान स्टार रहे मौजूद, इंस्टाग्राम पर रिलीज से पहले ही पहुंचा टॉप ट्रेंडिंग में

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** राजधानी जयपुर में मंगलवार को बॉलीवुड एक्टर अरबाज खान और अदाकारा सिमरन खान स्टार राजस्थानी म्यूजिक वीडियो एल्बम सॉन्ग चोखो भरतार लॉन्चिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गाने के लीड आर्टिस्ट, डायरेक्टर और प्रोड्यूसर ने इस प्रोजेक्ट से जुड़ी जानकारी साझा की।

चोखो भरतार ने इंस्टाग्राम पर रिलीज से पहले ही टॉप ट्रेंडिंग में जगह बना ली, जिससे यह नया रिकॉर्ड स्थापित करने में सफल रहा। यह गाना एक शादीशुदा महिला के अपने पति के प्रति प्रेम और प्रशंसा को



दर्शाता है, जो राजस्थानी संस्कृति और बॉलीवुड स्टाइल का अनूठा संगम है। प्रोड्यूसर हाफिज बैग ने बताया कि इस सॉन्ग की शूटिंग डिवाटेल्स एंटरटेनमेंट के बैनर तले जयपुर में संपन्न हुई है। यह पहला ऐसा गीत है, जिसमें बॉलीवुड और राजस्थानी लोकगीत की शैली को बेहतरीन तरीके से प्रस्तुत किया गया है। अरबाज खान ने राजस्थानी लोक कला को अपनाते हुए अपने अभिनय के माध्यम से इसे जीवंत बना दिया है। उन्होंने आगे बताया कि, ष्हमने इस सॉन्ग के जरिए दो अलग-अलग संस्कृतियों को जोड़ने का प्रयास किया है। इस सफलता का पूरा श्रेय हमारी पूरी टीम, कलाकारों और लोकल क्रू को जाता है।ष् श्चोखो भरतारश् के जरिए राजस्थान की संस्कृति को बॉलीवुड के मंच पर प्रस्तुत करने का यह प्रयास दर्शकों के दिलों में गहरी छाप छोड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस लॉन्चिंग सेरेमनी के दौरान दीवा टेल्स के प्रमुख टीम मेंबर्स राजीव सुरती व डोनी कपूर, लोकल प्रमोटर सौरव प्रजापत, राजन शर्मा, नवीन टांक इत्यादि मौजूद रहे।

# बैंकिग योजनाओं के बारे में युवाओं व आमजन को जागरूक कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य करें : जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को अग्रणी बैंक कार्यालय द्वारा जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए ।जिला कलक्टर ने समिति सदस्यों से विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर लंबित सब्सिडी क्लेम एवं ऋण आवेदनों के लंबित प्रकरणों के नियमानुसार समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि ऋण वितरण के लक्ष्यानुरूप कार्य करते हुए आमजन तक बैंकिग से संबंधित योजनाओं की जानकारी विभिन्न माध्यमों से पहुंचाए, योजना की पात्रता, लाभ, उद्देश्य व प्रक्रिया के बारे में जरूरतमंद को सरल भाषा में जानकारी देने हेतु विशेष कार्य योजना बनाकर कार्य करें. उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री एवं सरकार का ध्येय है कि पीएम विश्वकर्मा व पीएम मुद्रा जैसी योजनाओं के माध्यम से सूक्ष्म व लघु उद्योगों हेतु जरूरतमंद कामगारों को ऋण व अन्य सहायता उपलब्ध कराकर सशक्त बनाया जाए, जिससे कि वे मुख्यधारा से जुड़ सकें ।उन्होंने निर्देशित किया कि समिति सदस्य कामगारों व युवाओं को विभिन्न बैंकिग योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान कर आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रोत्साहित करें व हर संभव सहायता उपलब्ध करवाएं। बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक मुकेश कुमार गुर्जर ने विभिन्न योजनाओं के तहत की गई प्रगति की विस्तार से जानकारी प्रदान की, अग्रणी जिला अधिकारी आरबीआई राजाराम बैरवा ने साइबर क्राइम व फ्रौड बैंकिंग गतिविधियों के बारे में आमजन को जागरूक व सतर्क करने को कहा व जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड मीनाक्षी मीना ने बैंकिग सहायता से क्षेत्र में कामगारों द्वारा किए जा रहे दरी, गलीचे, बर्तन बनाने सहित विभिन्न कार्यों की विस्तार से जानकारी देकर भविष्य की कार्ययोजना के बारे में बताया एवं नाबार्ड द्वारा संचालित नई योजनाओं व एरिया बेस योजनाओं की जानकारी दी ।इस दौरान एजीएम एमएल कुलदीप, संयुक्त कृषि प्रबंधक महेंद्र जैन सहित संबंधित अधिकारी एवं समिति के सदस्य मौजूद रहें।

# 20 मार्च को आयोजित होगा जिलास्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जनभावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए 20 मार्च, 2025 (गुरुवार) को जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान कार्यक्रम आयोजित होगा। जिला कलेक्ट्रेट सभागार में प्रात: 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होने वाले जनसुनवाई कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधि एवं समस्त संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी भाग लेंगे।


**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति मालपुरा (राज0)**

क्रमांक :- 1456 - 1461 | दिनांक :- 10/03/2025

**ई-निविदा बिड संख्या 1 आमंत्रण सूचना**

कृषि उपज मण्डी समिति मालपुरा में सफाई व्यवस्था हेतु अनुमानित बजट 15.00 लाख की सीमा में योग्य अनुभवी पंजीकृत सेवाप्रदाता एजेन्सीयों/संस्थाओं से राजस्थान लोक उपापन में पारदर्षिता अधिनियम 2012 एंव 2013 के अन्तर्गत मानव संसाधन की सेवाओं के उपापन के सम्बन्ध में ऑनलाईन निविदा ई-प्रोक्यूरिमेंट **www.eproc.rajasthan.gov.in** के माध्यम से दिनांक 24.03.2025 को दोपहर 01.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदाओं से सम्बन्धित विस्तृत विवरण **sppp.raj.nic.in** पर भी देखा जा सकता है।

**NIB Code : DAM2425A0669, UBN No. : DAM2425SLOB01374**

राज.संवाद/सी/24/13339 | प्रशासक | सचिव



**कार्यालय नगर पालिका, निवाई**

क्रमांक :- न0पा0नि0/स्टोर/2025-26/11130 | दिनांक : 12.03.2025

**निविदा-सूचना**

सम्बन्धित व्यवसायदाताओं को सुचित किया जाता है कि नगर पालिका निवाई द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए निम्नानुसार कार्य करवाये जाने हेतु मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। जिनकी निविदाएं दिनांक 21.03.2025 को 2:00 बजे तक बेची जाकर दिनांक 21.03.2025 को 2:00 बजे से 4:00 बजे तक बंद लिफाफे मे प्राप्त की जाकर निविदाएं दिनांक 21.03.2025 सायं 4:00 बजे उपस्थित ठेकेदारो के समक्ष खोली जावेगी तथा उक्त निविदा वेवसाईट www.sppp.raj.nic.in से डाउनलोड़ कर प्राप्त की जा सकती है उपराक्त वर्णित निर्धारित तिथि व निर्धारित समय तक निर्धारित शुल्क नगर पालिका कोष में नगद जमा करवाकर रसीद प्रस्तुत करने पर ही अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के कार्यालय से टेण्डर फार्म प्राप्त किया जा सकता है, व जमा कराया जा सकता है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि | अमानत राशि | टेण्डर शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पालिका क्षेत्र मे सफाई कार्य हेतु ट्रेक्टर रोड स्वीपर मशीन मय डीजल ऑयल मय ड्राईवर के किराये पर लेने का कार्य वित्तीय वर्ष 2025-26 **UBN No. - DLB2425WSOB20421** | 9,90,000 | 19,800 | 500 |

नोटः-

1. टेण्ड़र शर्ते एवं अन्य जानकारी www.sppp.raj.nic.in अथवा कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।
2. सशर्त निविदाऐं मान्य नहीं होगी।
3. टेण्डर आवेदन पत्र के साथ पेन कार्ड, जीएसटी रजिस्ट्रेशन एवं संम्बन्धित कार्य के लाईसेन्स की छाया प्रति प्रस्तुत करनी होगी।
4. टेण्ड़र स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष/अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका निवाई को होगा।

राज.संवाद/सी/24/13314 | अध्यक्ष नगर पालिका निवाई | अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका निवाई


# आईएमएनसीआई जिलास्तरीय पाँच दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ तीन दिवसीय जिला स्तरीय परिवार कल्याण का प्रशिक्षण सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** जिले में पांच दिवसीय आईएमएनसीआई जिलास्तरीय प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया ।प्रशिक्षण का शुभारंभ सीएमएचओ डॉ आशीष सिंह शेखावत आरसीएचओ डॉ अरविंद अग्रवाल जिला नोडल अधिकारी रविकांत जांगिड़ एवं धारासिंह द्वारा दीप्रज्वलित कर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया । सीएमएचओ ने बताया कि आईएमएनसीआई नवजात और बाल्यावस्था रोगों का एकीकृत प्रबंधन व्यवस्था है जिसमें पांच साल से कम उम्र के बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार करने की एक रणनीति तैयार की जाती है ।आईएमएनसीआई का लक्ष्य रोके जा सकने वाली मौतों को कम करना,




बीमारी और विकलांगता को कम करना, तथा स्वस्थ वृद्धि और विकास को बढ़ावा देना है। डॉ.अरविंद अग्रवाल आरसीएचओ ने बताया कि आईएमएनसीआई का दृष्टिकोण बच्चे की बीमारी का आकलन करें ।लक्षणों के आधार पर बीमारी का वर्गीकरण कर उपचार की पहचान करें बच्चे का इलाज करे ।देखभाल करने वाले को परामर्श दें ।अनुवर्ती देखभाल प्रदान करेंआईएमएनसीआई की रणनीति पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की रुग्णता और मृत्यु दर के प्रमुख कारणों पर ध्यान दिया जाता हैरविकान्त जॉगिड डीएनओ ने बताया कि इसमें निमोनिया, नवजात समस्याएं, दस्त, मलेरिया, खसरा और कुपोषण शामिल किए जाते हैं प्रशिक्षण में जिले के समस्त चिकित्सा संस्थानों से नर्सिंग अधिकारीयो ने भाग लिया। इसके लिए डॉ विक्रम डॉ रामकिशोर डीएनओ रविकांत जॉगिड योगेश शर्मेन्द्र कुमार को प्रशिक्षक के रूप में लगाया गया लगाया गया है ।इसी के साथ तीन दिवसीय जिला स्तरीय परिवार कल्याण का प्रशिक्षण सम्पन्न करवाया गया जिसमें रविकांत जांगिड़ डीएनओ द्वारा समस्त कार्मिकों को परिवार कल्याण के अन्तराल साधनों की पूर्ण जानकारी दी गई जिसकी प्रतिदिन मॉनिटरिंग एफपीएलएमआईएस सॉफ्टवेयर द्वारा की जायेगी ।


**कार्यालय नगर पालिका निवाई**

क्रमांकः-न.पा.नि. /निर्माण/2024-25/11042 | दिनांकः- 12.03.2025

**ई. बोली सूचना संख्या :- 23/2024-2025**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी में नगर पालिका निवाई में पंजीकृत/ स्वायत्त शासन विभाग में पंजीकृत/ अन्य विभागो में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। निविदा फार्म ऑनलाईन वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in व 'http://www.eproc.rajsthan.gov.in पर देखा जा सकता है :-


| | |
|---|---|
| बोली का कार्य | NIB Code:- DLB2425A6397 (कुल 1 कार्य) |
| Unique Bid Number | DLB2425WSOB20248 |
| बोली की कुल लागत | Rs 24.81 लाख (सभी कार्यो की अनुमानित लागत) |
| बोली जारी करने की दिनाक | दिनांक 12.03.2025 को 13:00 बजे से |
| बोली दस्तावेजो को डाउनलोड करने की शुरूआती दिनांक व समय | दिनांक 13.03.2025 को 13:00 बजे से |
| ऑन लाईन बोली जमा कराने की अन्तिम दिनांक | दिनांक 24.03.2025 सांय 18.00 बजे तक |
| भौतिक रूप से कार्यालय में बोली शुल्क व धरोहर राशि दस्तावेज जमा कराने की दिनांक | दिनांक 25.03..2025 को अपराह 15:00 बजे तक नगर पालिका निवाई कार्यालय में |
| ऑनलाईन तकनीकी बिड खोलने की दिनांक | दिनांक 26.03.2025 को अपराह 12:00 बजे |
| वित्तीय बिड खोलने की दिनांक व समय | Will be Intimated latter to the Technically qualified Bidders |
| बिड की वैधता समयावधि | 120 Day |

राज.संवाद/सी/24/13313 | अध्यक्ष नगर पालिका निवाई | अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका निवाई


# नाक तलाई नाले की मरम्मत और छपाने की मांग, पार्षद जमीला बेगम और मोहम्मद शाकिर खान ने दिया ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (बाबू अंसारी)।** नगर निगम हेरिटेज वार्ड नंबर 26, 29 और 30 के अंतर्गत आने वाले नाक तलाई नाले की स्थिति को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने नगर निगम और प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। वार्ड 30 की पार्षद जमीला बेगम और मोहम्मद शाकिर खान ने जयपुर शहर अध्यक्ष आर. आर. तिवारी को पत्र देकर नाले की मरम्मत और छपाने की मांग की। इस दौरान वार्ड 26 के अध्यक्ष तारीख हैदरी भी मौजूद रहे। पार्षद जमीला बेगम ने बताया कि नाक तलाई नाले के छपाई कार्य के लिए टेंडर पहले ही जारी किया जा चुका था, लेकिन अब तक सरकार की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। नाले की दीवारें कई जगह से टूट चुकी हैं, जिससे स्थानीय लोगों की सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है। बारिश के मौसम में यह समस्या और भी विकराल हो सकती है, जिससे जान-माल का नुकसान होने की आशंका बनी हुई है। पार्षद प्रथिनिधि मोहम्मद शाकिर खान ने बताया कि इस गंभीर समस्या को लेकर नगर निगम और सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए आर. आर. तिवारी को ज्ञापन सौंपा गया है। उन्होंने आग्रह किया कि सरकार को तुरंत पत्र लिखकर नाले की मरम्मत और छपाने का कार्य जल्द से जल्द शुरू करवाया जाए, ताकि कोई बड़ा हादसा न हो। स्थानीय निवासियों ने भी इस मामले में जल्द कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रशासन को इस ओर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए और आवश्यक सुधार कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जाने चाहिए। यदि जल्द समाधान नहीं किया गया, तो नागरिकों को आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।



## सम्पादकीय

# अपनी ही आग में झुलस रहा पाकिस्तान, बलूच विद्रोही और आतंकवाद बनता जा रहा नासूर

पाकिस्तान इन दिनों अपनी ही आग में झुलस रहा है। उधर बलूचिस्तान प्रांत में उसे बलूच विद्रोहियों से कड़ी चुनौती मिल रही है, तो इधर पाक सेना के तैयार किए आतंकवादियों को निशाना बनाया जाने लगा है। लश्कर-ए-तैयबा के शीर्ष कमांडर जिया-उर-रहमान की पाकिस्तान में हत्या इस बात का संकेत है कि आतंकवाद खुद पाकिस्तान के लिए नासूर बन चुका है। छिपी बात नहीं है कि पाकिस्तानी सेना और खुफिया एजंसी आइएसआइ आतंकवादी संगठनों को इस इरादे से संरक्षण देते रहे हैं कि उनके जरिए भारत में अशांति फैलाई जा सके। मगर वही आतंकी अब उसके लिए मुश्किलें खड़ी करने लगे हैं। तमाम सबूतों से जाहिर है कि लश्कर जैसे आतंकी संगठनों के नेताओं को वहां की सरकार कड़े पहरे और सुरक्षा घेरे में रखती है। जिन संगठनों और आतंकियों को विश्व भर में प्रतिबंधित किया जा चुका है, उन्हें भी वह पोसती है। छिपी बात नहीं है कि हाफिज सईद ने भारत में अनेक आतंकी हमलों की साजिश रची थी, पर पाकिस्तानी हुकूमत इसे मानने को तैयार नहीं। उसने हाफिज को कड़ा सुरक्षा घेरा मुहैया करा रखा है। ताजा घटना में मारा गया जिया-उर-रहमान हाफिज का खास कमांडर था और उसे भी पाकिस्तानी सेना ने कड़ी सुरक्षा दे रखी थी। खबर है कि जिया-उर-रहमान के मारे जाने के बाद पाकिस्तान सरकार के माथे पर बल पड़ गए हैं। वहां की सेना ने हाफिज सईद की सुरक्षा बढ़ा दी है। रहमान जम्मू-कश्मीर में अनेक आतंकी गतिविधियों का साजिशकर्ता था। भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा एजंसी ने उसे वांछितों की सूची में डाल रखा था। मगर पाकिस्तानी सेना की कड़ी सुरक्षा में सेंध लगा कर अगर रहमान को मार डाला गया, तो जाहिर है, वहां ऐसे संगठन तैयार हो चुके हैं, जो सरकारी सुरक्षा वाले आतंकी संगठनों को चुनौती देने लगे हैं। भारत लगातार कहता और सबूत पेश करता रहा है कि पाकिस्तान दहशतगर्दी का कारखाना बन चुका है। मगर उस पर कभी गंभीरता से अंकुश लगाने की अंतरराष्ट्रीय कोशिश नहीं हुई। पहले अमेरिका उसके दहशतगर्दों का बचाव करता था, अब चीन करने लगा है। जब भी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान पर प्रतिबंध लगाने की बात उठती है, तो चीन अपने विशेषाधिकार का इस्तेमाल कर उसे बचा लेता है। इसलिए कि पाकिस्तान से उसके स्वार्थ जुड़े हैं। मगर पाकिस्तान खुद यह समझना नहीं चाहता कि आतंकवाद को पोसने का खमियाजा सबसे अधिक उसे ही उठाना पड़ रहा है। इसी महीने आई विश्व आतंकवाद से संबंधित रपट में खुलासा हुआ कि दुनिया में सबसे अधिक आतंकवाद से प्रभावित देश पाकिस्तान है। पाकिस्तान इन दिनों सबसे खराब माली हालत से गुजर रहा है। वहां शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सेवाएं बुरी तरह चरमरा चुकी हैं। वहां की आम अवाम आटे-दाल के लिए संघर्ष कर रही है। मगर पाकिस्तानी हुकूमत का ध्यान मुल्क की माली हालत बेहतर करने के बजाय चीन की इमदाद पर अधिक है। इसका तीखा विरोध उसे बलूचिस्तान प्रांत में झेलना पड़ रहा है। पाकिस्तान के बाकी हिस्सों में भी गहरा असंतोष है। ऐसे में आतंकवादियों को पोसने पर पाकिस्तानी सेना का खर्च लोगों की आंखों में चुभ रहा है। इस कयास से इनकार नहीं किया जा सकता कि ऐसे ही किसी विद्रोही गुट ने वहां पल रहे आतंकवादी संगठनों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### 19 मार्च की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- अमेरिका में, अमेरिका के न्यूयार्क स्थित सिटी बैंक में सन 1831 में पहली बैंक डकैती हुयी जिसमें 245,000 डॉलर को लुटा गया।
- सन 1866 में मोनार्क लीवरपुल में घुसपैठियों से भरा जहाज डूबने से लगभग 750 लोगों की मौत हुई।
- ऑस्ट्रेलिया ने 1877 में पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 45 रनों से हराया।
- लूमियर्स ब्रदर्स ने 1895 में अपने नए पैटेंट सिनेमेटोग्राफ से पहला फुटेज रिकॉर्ड किया।
- अमेरिकी सीनेट ने 1920 में लीग ऑफ नेशंस में शामिल होने पर मतदान किया।
- जर्मनी में नाजी और कम्युनिस्टों के बीच 1927 में खूनी संघर्ष हुआ।
- आजाद हिंद फौज ने 1944 में पूर्वोत्तर भारत में राष्ट्रीय ध्वज फहराया।
- पहली बार एकेडमी अवार्ड का 1953 में प्रसारण टेलीविजन पर हुआ।
- इंडोनेशिया ने 1965 में सभी विदेशी तेल कंपनियों का राष्ट्रीयकरण किया।
- ब्रिटेन तथा बेटिकन में 400 वर्षों के अंतराल के बाद 1982 में राजनयिक संबंध स्थापित।
- कनाडा की राजधानी ओटावा में 1990 में महिलाओं की पहली विश्व आइस हॉकी प्रतियोगिता आयोजित हुई।
- जापान के योकोहामा में 1994 में एक लाख 60 हजार अंडों से विश्व का सबसे बड़ा 1383 वर्गफुट आकार का आमलेट तैयार किया गया।
- सन 1996 में बोस्निया हर्जेगोविना की राजधानी सरायेवो का पुन: एकीकरण।
- अटल बिहारी वाजपेयी 1998 में दूसरी बार प्रधानमंत्री बने।
- यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष जैकस सांटर का 1999 में अपने पद से इस्तीफ़ा।
- ब्रिटेन के उच्च सदन ने 2001 में संगीतकार नदीम के प्रत्यर्पण का प्रस्ताव ठुकराया।
- अमेरिका ने 2004 में विश्व व्यापार संगठन में पहली बार चीन पर मुकदमा ठोका।
- पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ़ ने 2008 में सरबजीत की फ़ांसी 30 अप्रैल, 2008 तक रोकी।
- सन 2013में महाराष्ट्र में हुए बस दुर्घटना में लगभग 30 लोग मरे।

### 19 मार्च को जन्मे व्यक्ति

- मध्य प्रदेश के भूतपूर्व मख्यमंत्री नारायण भास्कर खरे का 1884 में जन्म।
- जैन साहित्य के विशेषज्ञ तथा अनुसन्धानपूर्ण लेखक अगरचन्द नाहटा का 1911 में जन्म।

# चिंताजनक है सरकारी अधिकारियों का दुरुपयोग



प्रियंका सौरभ

**सरकारी अधिकारियों के साथ बढ़ता दुर्व्यवहार एक महत्वपूर्ण मुद्दा बनता जा रहा है, क्योंकि वे अपने कर्तव्यों को निष्पक्ष और बिना किसी पक्षपात के निभाने का प्रयास करते हैं। कई सिविल सेवकों को अक्सर अपने विकल्पों से असंतुष्ट व्यक्तियों या समूहों से धमकियों, उत्पीड़न और अनुचित दबाव का सामना करना पड़ता है। यह परेशान करने वाली प्रवृत्ति शासन की अखंडता को नष्ट कर सकती है, नैतिक व्यवहार को बाधित कर सकती है और सार्वजनिक संस्थानों को कमजोर कर सकती है। इस समस्या से निपटने के लिए, नैतिक मानकों को बनाए रखना, कानूनी सुरक्षा प्रदान करना और यह सुनिश्चित करने के लिए संस्थागत समर्थन प्रदान करना आवश्यक है कि अधिकारी प्रतिशोध के डर के बिना अपनी भूमिका निभा सकें। सरकारों को पारदर्शिता, जवाबदेही और कानून के शासन के प्रति सम्मान की संस्कृति को बढ़ावा देना चाहिए, साथ ही जनता को लोकतंत्र और न्याय को बनाए रखने में सिविल सेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में शिक्षित करना चाहिए।**

कानून प्रवर्तन, उद्योग विनियमन और चुनाव निरीक्षण के लिए ज़िम्मेदार सरकारी अधिकारियों को लगातार धमकियों, उत्पीड़न और विभिन्न प्रकार के दुरुपयोग का सामना करना पड़ रहा है। यह प्रवृत्ति चिंताजनक है क्योंकि यह लोक सेवकों को अपनी भूमिका प्रभावी ढंग से निभाने से रोक सकती है और लोकतांत्रिक संस्थाओं में विश्वास को कमजोर कर सकती है। अधिकारियों, विशेष रूप से चुनाव, न्यायपालिका और नियामक निकायों में शामिल लोगों को अक्सर अपने निर्णयों को प्रभावित करने के उद्देश्य से धमकी का सामना करना पड़ता है। इसके अतिरिक्त, झूठे आरोप और बदनामी अभियान उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल कर सकते हैं और उनके अधिकार को कम कर सकते हैं। हालाँकि कुछ देशों में लोक सेवकों की सुरक्षा के लिए कानून हैं, लेकिन इन कानूनों का प्रवर्तन असंगत या कमजोर हो सकता है। इस तरह के दुरुपयोग से उत्पन्न तनाव और भय के परिणामस्वरूप बर्नआउट, इस्तीफे और योग्य उम्मीदवारों को आकर्षित करने में चुनौतियाँ हो सकती हैं। सरकारी अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार एक बढ़ती चिंता है, क्योंकि वे निष्पक्ष रूप से अपनी ज़िम्मेदारियों को पूरा करने का प्रयास करते हैं। इन अधिकारियों के प्रति दुर्व्यवहार और शत्रुता की बढ़ती घटनाएँ प्रशासनिक नैतिकता और कानून के शासन के लिए एक महत्त्वपूर्ण चुनौती बन गई हैं। ऐसी घटनाएँ न केवल लोक सेवकों का मनोबल गिराती हैं, बल्कि शासन में जनता का विश्वास भी कम करती हैं, जिससे अधिकारियों को इन कठिनाइयों से निपटने में मदद करने के लिए एक मज़बूत नैतिक ढांचे की आवश्यकता है। सरकारी अधिकारी-जिसमें चुनाव कार्यकर्ता, न्यायाधीश, नियामक और कानून प्रवर्तन कर्मियों को बढ़ती हुई धमकी, उत्पीड़न और यहाँ तक कि शारीरिक धमकियों का सामना करना पड़ रहा है। यह सब राजनीतिक विभाजन, ग़लत सूचना और सोशल मीडिया के प्रभाव जैसे विभिन्न कारकों से प्रेरित है, जो आक्रामक बयानबाजी को बढ़ाता है। कुछ मामलों में, अधिकारियों को डोक्स किया गया है, उनकी व्यक्तिगत जानकारी ऑनलाइन जारी की गई है और उन्हें संगठित उत्पीड़न अभियानों या शारीरिक हमलों का लक्ष्य बनाया गया है। शिकायतों के लिए स्पष्ट और खुले चैनल बनाने से शत्रुता को कम करने में मदद मिल सकती है। केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली पोर्टल ऑनलाइन नागरिक शिकायतों के प्रबंधन के लिए एक प्रभावी उपकरण है। संघर्ष समाधान और सार्वजनिक संपर्क में अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने से शत्रुता से निपटने की उनकी क्षमता में सुधार होता है। लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी प्रशिक्षण ढाँचे में संकट प्रबंधन पर केंद्रित घटक शामिल हैं। भ्रष्टाचार को उजागर करने वाले अधिकारियों की सुरक्षा अनैतिक प्रथाओं को हतोत्साहित करने में महत्त्वपूर्ण है। 2014 का व्हिसल ब्लोअर प्रोटेक्शन एक्ट उन लोक सेवकों के लिए सुरक्षा प्रदान करता है जो ग़लत कामों की रिपोर्ट करते हैं। नागरिकों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ने से विश्वास बढ़ता है और शत्रुता कम होती है। राजस्थान में जन सुनवाई (सार्वजनिक सुनवाई) पहल ने जवाबदेही को बढ़ावा दिया है और समुदाय के भीतर विश्वास का निर्माण किया है। वरिष्ठ अधिकारियों को अपने कनिष्ठ सहयोगियों को प्रेरित करने के लिए नैतिक व्यवहार का मॉडल अपनाना चाहिए। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त टी. एन. शेषन ने सख्त चुनावी मानकों को लागू करके एक मज़बूत उदाहरण पेश किया। ईमानदारी, लचीलापन और पारदर्शिता को अपनाकर, सिविल सेवक प्रभावी रूप से शत्रुता से निपट सकते हैं और साथ ही जनता का विश्वास भी बढ़ा सकते हैं। कठिन परिस्थितियों में नैतिक शासन बनाए रखने के लिए संवैधानिक सिद्धांतों को बनाए रखना और सक्रिय उपायों को लागू करना आवश्यक है। जब सरकारी अधिकारियों को अपने कर्तव्यों को निष्पक्ष रूप से निभाने के लिए दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ता है, तो इससे संस्थाओं और न्याय प्रणाली में जनता का विश्वास ख़त्म हो सकता है। यह प्रवृत्ति प्रभावी शासन में बाधा डाल सकती है, क्योंकि अधिकारी प्रतिशोध के डर से न्यायपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से कार्य करने में संकोच कर सकते हैं, जिसके परिणामस्वरूप भ्रष्टाचार और अन्याय हो सकता है। ऐसे शत्रुतापूर्ण व्यवहार का सामना करते समय सिविल सेवकों का मार्गदर्शन करने वाले नैतिक मानकों का विश्लेषण करना और जवाबदेही और सार्वजनिक विश्वास बनाए रखने के तरीकों की जांच करना महत्त्वपूर्ण है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि सरकारी अधिकारी अपने कार्यों के लिए जवाबदेह हैं और जो लोग अपने अधिकार का दुरुपयोग करते हैं, उन्हें उचित परिणाम भुगतने होंगे, मज़बूत जवाबदेही प्रणाली महत्त्वपूर्ण है। सरकारी गतिविधियों की पारदर्शिता और निगरानी को बढ़ावा देने से कदाचार को रोकने और सार्वजनिक विश्वास बढ़ाने में मदद मिल सकती है। सरकारी संस्थानों की अखंडता में जनता का विश्वास बनाना महत्त्वपूर्ण है, जिसे नैतिक मानकों का पालन करके और अधिकारियों को उनके कार्यों के लिए जवाबदेह सुनिश्चित करके हासिल किया जा सकता है। अपने कर्तव्यों को निष्पक्ष रूप से निभाने का प्रयास करने वाले सरकारी अधिकारियों का उत्पीड़न लोकतंत्र और प्रभावी शासन के लिए एक महत्त्वपूर्ण ख़तरा है।

# महिलाओं के खिलाफ आपराधिक व घिनौनी प्रवृत्तियों पर लगे अंकुश



सुनील कुमार महला

**भारतीय संस्कृति में महिलाओं की भूमिका सदैव से बहुत ही अहम और महत्वपूर्ण रही है। कहना ग़लत नहीं होगा कि महिलाएं परिवार समाज, समाज के बाद देश के विकास में अनेक भूमिकाएं निभाती हैं। वास्तव में ये महिलाएं ही हैं जो हमारे भारतीय समाज की असली रीढ़ हैं और समुदाय के विकास में अहम भूमिका निभाती हैं। भारत में तो महिलाएं सदैव से पूजनीय रहीं हैं। तभी शायद मनुस्मृति के अध्याय तीन में यह संस्कृत श्लोक मिलता है कि यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः। इसका मतलब है, जहां स्त्रियों की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं। इस श्लोक से यह बखूबी पता चलता है कि भारतीय संस्कृति में महिलाओं को बहुत सम्मानजनक स्थान दिया गया है।**

वैसे भी नवरात्रि आती है तो हम कंजिकाओं का पूजन करते हैं, भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति स्वरूपा माना गया है, लेकिन यह बहुत ही शर्मनाक होने के साथ ही दुखद है कि आज हर रोज महिलाओं को अत्याचारों, अपमान, धमकियों, यौन शोषण और अनेक अन्य हिंसात्मक घटनाओं का सामना करना पड़ता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि भारत जैसे देश में जहां की संस्कृति, संस्कारों, महिला सम्मान को वैश्विक स्तर पर एक सकारात्मक व अच्छी दृष्टि से देखा जाता रहा है, वहां महिलाओं के साथ यौन दुराचार के मामले सामने आना हमारे देश की छवि को धूमिल करने वाला कृत्य ही कहा जा सकता है। सच तो यह है कि आज कुछ बीमार मानसिकता के लोगों ने भारत की छवि को दागदार किया है। वाकई यह बहुत दुखद है कि आज देश में बेटियां अपने को हर जगह असुरक्षित, डर व खौफ के माहौल में महसूस कर रही हैं। पाठकों को याद होगा कि 16 दिसंबर, 2012 को हुए निर्भया कांड को लेकर हर भारतीय उद्वेलित हुआ था।उस समय देश में महिलाओं के प्रति हिंसा, अत्याचारों, यौन अपराधों को रोकने के लिए कानूनों को और कठोर बनाया गया था, फास्ट ट्रैक अदालतों तक की स्थापना की गईं थीं,और समाज व देश में यह उम्मीदें जगीं थीं कि महिलाओं के साथ हिंसा, हैवानियत, अत्याचार , बलात्कार की घटनाएं बंद हो जाएंगी। मगर ऐसा नहीं हुआ। कहना ग़लत नहीं होगा कि तबसे अब तक लगातार बलात्कार और हत्या की घटनाएं बढ़ती गई हैं। हमारे समाज, देश में आज भी असामाजिक तत्वों, दरिंदों की अराजकता लगातार बढ़ती ही चली जा रही है। इसके उदाहरण हमें समय-समय पर अखबारों और मीडिया की सुर्खियों में देखने, पढ़ने को मिलते रहते हैं। वास्तव में आज स्थितियां यहां तक हैं कि देश में महिलाओं पर हिंसा, अत्याचारों, बलात्कार आदि की सूची लगातार लंबी व बड़ी होती चली जा रही है। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज राष्ट्रीय राजधानी, बड़े शहरों से लेकर गांवों और कस्बों, आफिस, कहीं पर भी महिलाएं सुरक्षित नजर नहीं आतीं हैं। बहरहाल, पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि कर्नाटक के हंपी में इस्राइली पर्यटक समेत दो महिलाओं के साथ गैंगरेप की घटना का मामला ठंडा भी नहीं पड़ा था कि दिल्ली में एक ब्रिटिश पर्यटक से दुराचार का घृणित मामला सामने आया है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार इस ब्रिटिश युवती की सोशल मीडिया पर एक युवक से दोस्ती हुई थी, जिसके बाद वह उससे मिलने भारत आई थी और दोनों एक होटल में रुके थे, जहां आरोपी ने उसके साथ जबरदस्ती की।यह भी उल्लेखनीय है कि एक अन्य युवक ने भी उसके साथ छेड़छाड़ की। हालांकि, पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जानकारी ब्रिटिश हाई कमीशन को भी दे दी गई है। यहां पाठकों को यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि कर्नाटक के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल हम्पी में 6 मार्च की रात को तुंगभद्रा नदी के किनारे कैंपिंग कर रहे विदेशी पर्यटकों पर हमला हुआ। तीन अपराधियों ने दो महिलाओं के साथ रेप किया, जिनमें एक इजरायली नागरिक थी।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान



**श्री प्रवीण गुप्ता ( वरिष्ठ श्रेणी के आईएएस अधिकारी )**

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं वरिष्ठ श्रेणी के आईएएस अधिकारी प्रवीण गुप्ता। 19 मार्च सन 1969 को लखनउ में जन्में प्रवीण सर आज बहुत बडे पद को सुशोभित कर रहे हैं। एमएससी फिजिक्स बी.टेक एम.ए (अर्थशास्त्र) अंतर्राष्ट्रीय विकास नीति में मास्टर(सार्वजनिक वित्त) कर भारतीय प्रशासनिक सेवा में आए आज अतिरिक्त मुख्य सचिव, सार्वजनिक निर्माण विभाग, राजस्थान जयपुर जैसे बड़े पद को सुशोभित कर रहे हैं। इससे पूर्व ये प्रमुख शासन सचिव, सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान जयपुर रहे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं पदेन प्रमुख शासन सचिव, निर्वाचन विभाग राजस्थान जयपुर। आयुक्त, विभागीय जाँच राजस्थान जयपुर। सदस्य, राजस्व मण्डल अजमेर। सरकार के सचिव, वित्त (राजस्व) विभाग, राजस्थान जयपुर। सरकार के सचिव, शिक्षा विभाग, राजस्थान जयपुर। आयुक्त,सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग, राजस्थान जयपुर। ड्यूक विश्वविद्यालय, यूएसए में अंतर्राष्ट्रीय विकास नीति में एम.ए की। सरकार के सचिव और आयुक्त, पंचायती राज विभाग, राजस्थान जयपुर। परियोजना निदेशक, राजस्थान स्वास्थ्य प्रणाली विकास परियोजना, जयपुर। परियोजना निदेशक, राजस्थान स्वास्थ्य प्रणाली विकास परियोजना और निदेशक, चिकित्सा और स्वास्थ्य (आईईसी) विभाग राजस्थान जयपुर। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, रहे जयपुर। मुख्यमंत्री कार्यालय के विशिष्ट सचिव, राजस्थान जयपुर। उप सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय,राजस्थान जयपुर। परियोजना निदेशक, राजस्थान शहरी अवसंरचना विकास परियोजना, जयपुर। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, भरतपुर। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, झालावाड़। अतिरिक्त कलेक्टर (विकास) एवं सीईओ जिला परिषद एवं पदेन परियोजना निदेशक, डीआरडीए, अजमेर। निदेशक, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परियोजना एवं सचिव, यूआईटी अलवर। उप.मंडल अधिकारी, माउंट आबू (सिरोही)रहे। बहुत ही बेहतरीन अधिकारी के रूप में इन्हे जाना जाता है। टीम बढ़ता राजस्थान ऐसे शानदार अधिकारी के उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## 2025_074

बढ़ता राजस्थान

**Suduko**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | 2 | | 3 | 6 |
| | | | 4 | | 5 | | | |
| 9 | 2 | 3 | | | | 5 | | 1 |
| | 9 | | | 5 | 8 | | 2 | |
| 4 | | 2 | 7 | | | 1 | | 8 |
| 1 | 8 | | | | 4 | | | 9 |
| 7 | | | 3 | | 6 | | | 5 |
| 2 | 5 | | 8 | 7 | | | 1 | 3 |
| | | 9 | | 4 | 1 | 2 | | |

**Ans_2025_073**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 7 | 6 | 5 | 1 | 8 | 9 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 9 | 6 | 7 | 3 | 5 | 1 | 8 |
| 8 | 5 | 1 | 9 | 2 | 4 | 7 | 3 | 6 |
| 2 | 4 | 3 | 8 | 5 | 1 | 6 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 5 | 4 | 9 | 7 | 8 | 2 | 3 |
| 6 | 8 | 2 | 7 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 1 | 8 | 9 | 2 | 6 | 7 |
| 9 | 1 | 7 | 2 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |

**कैसे खेलें**

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
दुर्घटना में संभलना अनिवार्य है। आय की अपेक्षा खर्च अधिक होगा। मानसिक चिंता के कारण मन व्यग्र रहेगा। अनुचित कार्यों में शक्ति का व्यय होगा। आध्यात्मिकता और ईश्वरीय शक्ति आपकी सहायक सिद्ध होगी।

**वृष**
शारीरिक कष्ट, विशेषकर आंखों में पीड़ा होने की आशंका रहेगी। परिजनों और स्नेहियों के साथ किसी घटना की संभावना है। आपकी बात-चीत या व्यवहार से किसी को कोई भ्रम न हो इसका ध्यान रखें।

**मिथुन**
विदेश जाने के लिए अनुकूल परिस्थितियों का निर्माण होगा। स्नेहीजनों के समाचार मिलने से आनंद होगा। भाई-बहनों से आर्थिक रूप से लाभ होगा। आप की वाणी पर संयम रखें। नियम विरुद्ध काम ना करें।

**कर्क**
व्यापार के क्षेत्र में आपकी प्रतिभा बढ़ सकती है। पदोन्नति की संभावना है। पिता की संपत्ति से लाभ होगा। कला एवं खेल-कूद में निपुण व्यक्तियों को अपनी प्रतिभा दर्शाने का मौका मिलेगा। नौकरी करने वाले लोगों को लाभ मिलेगा। सहकर्मियों से सहयोग मिलेगा।

**सिंह**
आज का दिन शुभ फलदायी है। आपकी रचनात्मक और कलात्मक शक्तियों में वृद्धि होगी। मानसिक रूप से आज आप वैचारिक स्थिरता का अनुभव करेंगे। इसके परिणामस्वरूप आप लगन के साथ काम कर पाएंगे।

**कन्या**
अपने उत्तदायित्व अच्छी तरह से निभा पाएंगे। आर्थिक योजना बना सकेंगे। आभूषण, सौंदर्य प्रसाधन और मनोरंजन के पीछे खर्च होगा। परिवार के सदस्यों के साथ आनंदपूर्वक समय बीतेगा। आप के आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। इससे आपका मन प्रसन्न रखेगा।

**तुला**
समाज में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। मित्रों और स्वजनों के साथ घूमना-फिरना आनंदप्रद हो सकता है। परिवार के साथ अच्छा समय गुजरेगा। आज आपके लिए आर्थिक लाभ का दिन है। घर में शांति और आनंद का वातावरण रहेगा।

**वृश्चिक**
आज आप खर्च में संयम बनाए रखें। धन संबंधी एवं लेन-देन संबंधी सभी कामों में सावधानी रखने की जरूरत है। किसी के साथ विवाद न हो, इसका ध्यान रखें। मित्रों एवं परिवारजनों के साथ मनमुटाव होने की आशंका बनी रहेगी।

**धनु**
चिंता से मुक्ति का अनुभव करेंगे। मित्रों के साथ किसी प्राकृतिक स्थान पर जाने की योजना बन सकती है। आज का दिन भोजन सुख के लिए अच्छा है। आपके दृढ़ मनोबल और भरपूर आत्मविश्वास से हर काम सफलतापूर्वक संपन्न होंगे।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए बहुत लाभकारी है। किसी अन्य तरीके से भी आर्थिक लाभ होगा। मित्रों के साथ मुलाकात हो सकती है। व्यपार में लाभ होगा। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**कुंभ**
ईश्वर की आराधना एवं आध्यात्मिकता आपके मन को शांति प्रदान कर सकती है। आज आप दैनिक कामों से दूर आनंद-प्रमोद में खोए रह सकते हैं। किसी मनोरंजन स्थल या पर्यटन स्थल पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

**मीन**
जमीन जायदाद के काम में सावधानी रखें। आज आप का दिन बहुत शुभ है। धार्मिक कार्य एवं यात्रा के लिए समय अनुकूल है। मित्रों एवं सम्बंधियों से हुई मुलाकात के कारण आनंद होगा। मित्रों से लाभ होगा। संतान और जीवनसाथी से सुख मिलेगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# देवली पालिका ने दो प्रवेश द्वार निर्माण के नाम पर एक करोड़ रुपए खर्च कर डाले



## निर्माण कार्य से संबंधित संवेदकों का मानना है कि 20 से 25 लाख रुपए के खर्चे पर तैयार हो सकते थे दोनों प्रवेश द्वार

### इस कार्य में भ्रष्टाचार की आशंकाएं व्याप्त हो रही है

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** मामला यह है कि पूर्व में देवली पालिका द्वारा करवाए गए विकास के नाम निर्माण कार्यों में चढ़ी भ्रष्टाचारों की परत सिलसिलेवार यहां आए दिन खुलती चली आ रही है। ऐसा ही एक मामला फिर से सामने आया है । जिन प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य 20 से 25 लाख की लागत पर आसानी से हो सकता था। उस निर्माण कार्य पर पालिका के अधिकारियों ने लगभग एक करोड़ रूपया खर्च कर दिया है। इस मामले का खुलासा पालिका के पोर्टल ई निविदा से मिले दस्तावेजों से हुआ है । यह है की देवली पालिक ने 2022 में शहर के जयपुर रोड और कोटा रोड पर स्वागत प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य था। उस दौरान पालिका के अधिकारियों ने 49 लाख 99 हजार और 49 लाख 26 हजार रुपए उक्त प्रवेश द्वार निर्माण के नाम खर्च किए जाने की नीति तैयार करते हुए अलग अलग दिनांक पर दो टेंडर निकाले गए थे। इस दौरान पालिका कोष से लगभग एक करोड़ रूपया दोनों प्रवेश द्वार के निर्माण पर खर्च कर करना दिखाया गया था। अभी हाल ही में इस मामले का खुलासा होने बाद से निर्माण कार्यों से संबंधित कई ठेकेदारों का मानना है कि। उक्त दोनों प्रवेश द्वार निर्माण का खर्च आज भी 20 से 25 लाख की लागत से ज्यादा नहीं आ सकता है। ऐसे में उक्त दौरान पालिका ने जिन प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य एक करोड़ की लागत के खर्च पर करवाया गया उसमें कहीं ना कहीं सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ है। ऐसे में उक्त दौरान इस मामले में कहीं ना कहीं सरकारी धन को चुना लगाने की नियत पर भ्रष्टाचार होने की आशंकाएं भी व्याप्त होती चली आ रही है । इस मामले में नाम नहीं छापने की शर्त पर निर्माण कार्यों से संबंधित कई ठेकेदारों ने जानकारी में बताया कि उक्त दौरान पालिका के अधिकारियों ने अपने चहते ठेकेदार को उक्त निर्माण कार्य करने का टेंडर दिया था।

**सरकारी धन को लगाया चूना**

उक्त दौरान ठेकेदार और अधिकारी की मिली भगत से पालिका के सरकारी धन को चूना लगाने की नीयत से कहीं ना कहीं ठेकेदार को फायदा पहुंचाया गया है यहां देखने वाली बात तो यह है कि जिस प्रवेश द्वार निर्माण कार्य पर पालिका प्रशासन ने लगभग एक करोड रुपए खर्च कर डाले । वही प्रवेश द्वार आज भी आसानी से लगभग 20 से 25 लाख की लागत पर खड़े हो सकते हैं। परंतु पालिका प्रशासन ने उक्त प्रवेश द्वार के निर्माण पर आवश्यकता से अधिक सरकारी धन को खर्च करके कहीं न कहीं अपने चहेते लाखो रुपए का फायदा पहुंचाया गया है।ऐसे में उक्त दोनों प्रवेश द्वार के निर्माण कार्य के ठेकेदार और पालिका के अधिकारियों के बीच मिलीभगत का संदेह बना हुआ है। इधर शहर के कई लोगों का मानना है कि पालिका प्रशासन के द्वारा शहर एवं देवली पालिका की सीमा के बाहर की भूमि पर करवाएंगे निर्माण कार्यो एवं इन पर हुए खर्च किए गए सरकारी धन की जांच पड़ताल होनी चाहिए। इस मामले में जब पालिका के अधिशाषी अधिकारी सुरेश कुमार मीणा से बात करनी चाही तो कई बार फोन करने के बाद भी अधिशासी अधिकारी ने फोन रिसीव नहीं किया।

# माल का उठाव नहीं होने से मंडी परिसर में लगा रहा जाम

## मंगलवार को बिकने आए करीब 50 हजार कट्टे



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** कृषि उपज मंडी में मंगलवार को भी सरसों की बम्पर आवक रही। मंगलवार को मडी में करीब 40-50 हजार सरसों के कट्टों की आवक हुई है। मंडी में सोमवार को सरसों के करीब सवा लाख कट्टे बिकने के लिए आए थे। व्यापारियों द्वारा खरीदे गए माल का उठाव नहीं होने के कारण मंडी परिसर में मंगलवार को जाम की स्थित बनी रही। जाम को हटवाने के लिए मडी प्रशासन व पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहे। व्यापारी पवन बोहरा, अमित कटारिया, अजय जैन शिवाड, अंकुश जैन, केदार खंडेलवाल, घनश्याम शर्मा, गोपाल कठमाणा व विष्णु बोहरा सहित अन्य व्यापारियों ने बताया कि सोमवार को आवक अधिक होने के कारण मंडी परिसर में शाम को 8 बजे तक जाम की स्थिति बनी रहीं। जिससे खरीददारों के वाहन माल उठाने के लिए मंडी परिसर में नहीं जा सके। जिससे माल का उठाव नहीं हो पाया। मंगलवार को माल की आवक तो कम रही लेकिन सुबह से ही किसान माल लेकर मंडी पहुंच गए। जिससे मंगलवार की सुबह को भी माल का उठाव नहीं हो पाया। जिससे जाम की स्थिति बराबर बनी रही। व्यापारी पवन चंवरिया व संजय भाणजा ने बताया कि मंगलवार को सरसों के 40 से 50 हजार कट्टों की आवक हुई। सरसों का भाव 5400 से 5550 रूपए तक रहा। दो दिन में करीब 2 लाख सरसों सहित अन्य जिन्सों के कट्टों आवक हुई है।

# टीबी मुक्त अभियान के तहत जिला स्तर पर निकाली जन जागरूकता रैली

बढ़ता राजस्थान



**सवाईमाधोपुर( राकेश शर्मा )।** जिले को टीबी मुक्त बनाने के लिए जिले सहित प्रदेश भर में अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत आमजन में जागरूकता बढ़ाने के लिए जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जैमिनी व जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अमित कुमार गोयल ने स्वास्थ्य भवन से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली स्वास्थ्य भवन से, जिला अस्पताल, भैरू दरवाज़ा व मुख्य बाजार से आमजन को नारे और पोस्टर्स के माध्यम से जागरूक करते हुए निकली। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुधीन्द्र कुमार शर्मा, प्रिंसीपल सैयद बालिग अहमद, बीएससी नर्सिंग व एएनएम ट्रेंनिग सेंटर के छात्र छात्राएं व कार्यालय का स्टाफ मौजूद रहे। जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि जिला और ब्लॉक स्तर पर आमुखीकरण व स्टेकहोल्डर्स कार्यशालाएं आयोजित की जा चुकी हैं। टीबी रोगियों को तंबाकू छोड़ने के लिए काउंसलिंग की जा रही है। स्कूलों में भाषण प्रतियोगिताएं, ग्राम पंचायत स्तर पर नारा लेखन और रैलियां व गांव-गांव और घर-घर नारा लेखन किया जा रहा है। निक्षय मित्रों के जरिए पोषण किट दिए जा रहे हैं। जनप्रतिनिधियों और स्वयंसेवी संस्थाओं को भी इस अभियान से जोड़ा जा रहा है। जिले के अधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स के जरिए भी जागरुकता फैलाई जा रही है। उन्होंने बताया कि टीबी पूरी तरह ठीक होने वाली बीमारी है। मरीज चिकित्सक के बताए अनुसार दवा ले और परहेज करे तो यह जल्दी ठीक हो सकती है। टीबी छह माह में ठीक हो सकती है। इसके लिए सावधानी और जागरूकता जरूरी है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे निक्षय मित्र बनकर टीबी रोगियों की मदद करें। प्राइवेट सेक्टर, जनप्रतिनिधि, एनजीओ, संस्थाएं और राजनीतिक दल इस अभियान में सहयोग कर सकते हैं। निक्षय मित्रों को गोद लिए गए टीबी रोगियों को छह माह तक हर महीने पोषण किट देनी होती है।

# अनीमिया से बचाने के लिए पिलाई आयरन की खुराक

## शक्ति दिवस का आयोजन कर गर्भवतियों, बच्चों को किया लाभान्वित

बढ़ता राजस्थान



**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** एनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम के तहत बच्चों, किशोर-किशोरियों, प्रजनन उम्र की महिलाओं, गर्भवती महिलाओं तथा धात्री माताओं में अनीमिया की दर कम करने के लिए प्रत्येक मंगलवार को शक्ति दिवस के रूप आयोजित किया जा रहा है इसी क्रम में मंगलवार को जिले के सभी चिकित्सा संस्थानों, आंगनवाड़ी केंद्रों पर शक्ति दिवस का आयोजन किया गया। जिले के सभी जिला चिकित्सालयों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, हैल्थ वेलनेस सेंटर पर नियमित ओपीडी के अलावा मरीजों के हिमोग्लोबीन की जांच और उपचार किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जैमिनी ने बताया कि सभी महिलाओं, गर्भवतियों, धात्री माताओं, किशोरियों को शक्ति दिवस के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि शक्ति दिवस का मुख्य उद्देश्य समुदाय व लाभार्थियों में अनीमिया नियंत्रण के लिए स्क्रीनिंग, हिमोग्लोबीन की जांच, उपचार तथा एनीमिया के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। आयरन स्वास्थ्य के लिए किस प्रकार आवश्यक है और इसकी कमी होने से किस प्रकार की समस्याएं हो सकती हैं। कार्यक्रम में महिलाओं, गर्भवतियों, धात्री माताओं, किशोरियों का हीमोग्लोबिन जांच कर आयरन की दवाएं दी गई। जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों द्वारा सत्रों का निरीक्षण किया, दवाओं की उपलब्धता की जांच, सभी आयुवर्गों की उपस्थिति की जांच की। चिकित्सा संस्थानों पर एएनएम द्वारा समस्त लक्षित लाभार्थियों की एनीमिया की स्क्रीनिंग की गई, महिलाओं एवम् बच्चों को थकान, भूख ना लगना, नाखूनों का सफेद होना, जीभ पर सफेद परत का होना जैसे कुछ सामान्य लक्षणों के आधार पर तथा एनीमिक पाए गए लोगों को दवा वितरित की गई। साथ ही एनीमिक पाई गई महिलाओं, बच्चों का उपचार कराने के लिए लगातार फॉलोअप किया जाएगा। साथ ही सभी को भोजन की अच्छी आदतों को अपनाने, पोषक तत्वों युक्त भोजन करने, हरी सब्जियों, फलों, आयरन युक्त खाघ पदार्थों का सेवन करने की संबंधी जानकारी दी गई।

# उपखंड कार्यालय में राजनीतिक दलों की बैठक का हुआ आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** निर्वाचन विभाग व जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार चुनाव प्रकिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया और तहसीलदार नरेश गुर्जर की अध्यक्षता मे उपखंड कार्यालय ने बैठक का हुआ आयोजन,बैठक में उपखंड स्तर पर राजनैतिक दलों की सहभागिता बढ़ाने, मतदान केंद्र पर बीएलओ की नियुक्ति, मतदाता सूची में लिंगानुपात व मतदाता जनसंख्या में सुधार सुनिश्चित करने के लिए राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्देश दिए,निर्वाचन अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया ने बताया कि 25 मार्च तक नई पंचायत के गठन का प्रस्ताव, 26 मार्च से 25 अप्रैल तक प्रस्ताव की जांच, 5 मई तक आपत्ति निस्तारण,और 15 मई को जिला निर्वाचन अधिकारी को रिपोर्ट सौंपी जाएगी,इस दौरान ,नायब तहसीलदार बाबूलाल जांगिड़,कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष शंकर लाल चौधरी एडवोकेट,शहर मंडल अध्यक्ष अंकुर गुप्ता,डांगलथल मंडल अध्यक्ष मदन लाल सैनी, बद्री विजय नटवाड़ा मंडल अध्यक्ष, शिवराज गुर्जर अरनिया मंडल अध्यक्ष सहित राजनीतिक दलों के सदस्य मौजूद रहे ।

# सवाई माधोपुर जिले में खुरपका मुंहपका टीकाकरण शुरू

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** संयुक्त निदेशक डॉ. राजीव गर्ग ने बताया कि पशुपालन विभाग द्वारा पशुओं में होने वाली जानलेवा बीमारी खुरपका-मुंहपका (एफएमडी) की रोकथाम के लिए टीकाकरण का पांचवा चरण शुरू हो गया है। टीकाकरण का यह अभियान 17 मई, 2026 तक चलेगा। अभियान के पिछले चरण में जिले में 3 लाख 22 हजार पशुओं का टीकाकरण हुआ था। अभियान के लिए जिले में टीमों का गठन किया गया है। पशुपालन विभाग की टीमें घर-घर जाकर पशुओं का टीकाकरण करेगी। इसके लिए कोई शुल्क वसूल नहीं किया जाएगा। पशुपालक से अब तक टीकाकरण पंजीकरण के प्रति पशु दो रुपए वसूल किए जाते थे। लेकिन इस बार पंजीकरण भी नि:शुल्क रहेगा। जिला नोडल डॉ. राजेश रोशन मीना ने बताया कि जिले मे क्रियाशील 40 पशु चिकित्सालय एवं 101 उपकेन्द्र पर कार्यरत पशुधन निरीक्षक व पशुधन प्रसार अधिकारी घर-घर जाकर टीकाकरण करेगें। जिले मे लगभग 7.5 लाख पशु है, इनमें गाय व भैंस के अलावा बकरी, भेड़ के अलावा घोड़े, ऊंट व सुअर शामिल है। खुरपका व मुंहपका से बचाव के लिए टीकाकरण ही इसका एक मात्र उपाय है। टीकाकरण से इस बीमारी का उन्मूलन संभव है। इस अभियान के तहत पशुपालन विभाग की टीमें घर-घर जाकर पशुओं का टीकाकरण करेगी।



# नाले की जमीन पर काबिज बता रहे थे पट्टा, रजिस्टर में नहीं मिला रिकॉर्ड

## जांच में फिर सामने आया फर्जी पट्टा, लगातार सामने आ रहे फर्जी पट्टों के मामले

बढ़ता राजस्थान



**सवाईमाधोपुर( राकेश शर्मा )।** नगपरिषद क्षेत्र में फर्जी पट्टों के नाम पर लंबे समय तक खूब खेल चला। यहां तक कई लोगों को पट्टे तो बना दिए गए, लेकिन इनका रिकॉर्ड नगर परिषद में नहीं है। ऐसा ही एक मामला फिर सामने आया है। हुआ यूं कि नगर विकास न्यास ने अतिक्रमण की शिकायत पर आलनपुर क्षेत्र में णमोकार नगर के पास नाले पर कार्रवाई की थी। यहां अतिक्रमी ने इसका विरोध जताते हुए पट्टा होने की बात कही। इस मामले में जब यूआईटी ने नगर परिषद में पट्टे की जांच करवाई तो नगरपरिषद के रजिस्टर में भी पट्टे का कोई रिकॉर्ड दर्ज नहीं पाया गया।

**यह है मामला :** नगरपरिषद कार्यालय ने 3 अक्टूबर 2023 को नगरपरिषद के 69-अ के पट्टा डिस्पेच रजिस्टर के अनुसार क्रमांक 263 से 447 तक पट्टे जारी किए गए थे। जारी पट्टों में विलेख क्रमांक 2046 छह अक्टूबर 2023 को रामपाल पाली पुत्र गोपाल माली निवासी छावनी चौक आलनपुर का भी पट्टा था, लेकिन इसका नगर परिषद में कोई रेकॉर्ड नहीं मिला। इस संबंध में नगरपरिषद आयुक्त ने यूआइटी सचिव को आलनपुर क्षेत्र में उक्त व्यक्ति का नाले की जमीन पर कोई पट्टा जारी नहीं होने के बारे में लिखा है।

**इनका कहना है :** ण्मोकार नगर में यूआईटी की जमीन पर अतिक्रमी अपना पट्टा बता रहा था, जबकि यह नाले की जमीन थी। यहां यूआइटी ने नगर परिषद में इसकी जांच करवाई तो यह पट्टा फर्जी होना सामने आया। यहां यूआईटी ने विभाग की संपत्ति का बोर्ड भी लगा रखा है।

**अमित गोयल, एक्सईएन,**
**नगर विकास न्यास**

# चैनपुरा को नगरपालिका में नहीं जोडक़र यथावत रखने की मांग को लेकर ग्रामीणों से सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** ग्राम पंचायत चैनपुरा को नगरपालिका में नहीं जोडक़र यथावत ग्राम पंचायत मुख्यालय रखने की मांग को लेकर सैकड़ों ग्रामीणों ने तहसीलदार नरेशकुमार गुर्जर को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीण रामस्वरूप गुर्जर, भंवरलाल, हनुमान, रामफुल, रामकिशोर, नंदकिशोर, रामकरण, मनीष, शंकर, नरसी, सूरजमल व दीपक सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत चैनपुरा तहसील निवाई से करीब 5 किलोमीटर दूर स्थित है। जिसके कारण छोटे-छोटे काम के लिए काफी परेशानी का सामना होगा। साथ ही ग्राम पंचायत चैनपुरा के आसपास कहीं गांव ढाणीया जुड़ी है। ग्राम पंचायत चैनपुरा में समस्त कार्यालय आदि बने हुए हैं। यदि ग्राम पंचायत चैनपुरा को नगरपालिका में जोड़ा जाता है तो ग्राम चैनपुरा की साथ-साथ उसमें आने वाले गांव व ढाणीया पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो जाएगी। उन्होंने चैनपुरा पचायत को यथावत रखने की मांग की है।

# लोक अदालत ने नगर परिषद आयुक्त को दिए आदेश

## रणथम्भौर सर्किल से जिला अस्पताल की ओर जाने वाली सड़क से हटेगा अतिक्रमण

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर( राकेश शर्मा )।** जिला मुख्यालय पर सार्वजनिक सड़कों पर नियमों को ताक में रखकर किए जा रहे अवैध निर्माण और अतिक्रमण को लेकर आखिरकार लोक अदालत ने भी कड़ा रुख अपना लिया है। गत दिनों लोक अदालत की ओर से इस संबंध में नगर परिषद आयुक्त को आदेश जारी किए हैं। दरअसल इस संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता हरिप्रयाद योगी की ओर से लोक अदालत में परिवाद दायर किया था। इस पर सुनवाई करते हुए यह आदेश जारी किए गए हैं।

**यह था मामला :** दरअसल रणथम्भौर सर्किल से सामान्य चिकित्सालय तक 150 फीट चौड़ी सडक़ मास्टर प्लान में दर्शाया गया है, लेकिन वर्तमान में इस सड़क पर नियमों को ताक पर रखकर सड़क सीमा के भीतर ही अवैध रूप से कई दुकानों और शोरूम का निर्माण कर लिया गया है। ऐसे में मास्टर प्लान के अनुसार जो सड़क 150 फीट की होनी चाहिए। वह वर्तमान में महज 50 फीट की रह गई है।

**पूर्व में जारी किए गए थे नोटिस :** लोक अदालत की ओर से सार्वजनिक निर्माण विभाग और नगर परिषद को इस संबंध में नोटिस जारी करके जवाब भी मांगा था, लेकिन इसके बाद भी दोनों विभागों की ओर से अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# करणी माता मेले की व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक आयोजित

# मेले का होगा 30 मार्च से 6 अप्रेल तक आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर बीना महावर की अध्यक्षता में मंगलवार को आगामी 30 मार्च से 6 अप्रेल तक आयोजित होने वाले बाला किला स्थित करणी माता के मेले की व्यवस्थाओं की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित हुई।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को मेले के सफल आयोजन हेतु आपसी समन्वय रखते हुए सौंपे गये दायित्वों को यथासमय पर पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि मेले में श्रृद्धालुओं के प्रवेश का समय प्रातः 6 बजे से सांय 7 बजे तक रहेगा। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वन नाका से मन्दिर तक के रास्ते में निर्मित नई सडक पर श्रृद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जहां आवश्यक हो वहां स्पीड ब्रेकर संकेतक आदि लगाए जाएं। उन्होंने नगर निगम के अधिकारी को निर्देश दिये कि मेले में नियमित रूप से साफ-सफाई कराने के साथ कचरे का उठाव करावे। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि मेले में आवश्यकतानुसार पेयजल की व्यवस्था करावे एवं निर्धारित जगहों पर मोबाइल टॉयलेट लगवाएं। उन्होंने जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए कि मेले में वृद्ध, असहाय एवं दिव्यांग लोगों को लाने व ले जाने के लिए एक अलवर वाहिनी की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि भण्डारे करने की अनुमति देते समय आयोजनकर्ता को पर्याप्त संख्या में भण्डारा स्थल पर कचरा पात्रा रखने के लिए पाबन्द करें एवं कचरे का निस्तारण विधिवत रूप में करें। सुनिश्चित करावे कि कचरा वन क्षेत्रा में नहीं फेंके तथा भंडारे में प्रसाद हेतु प्लास्टिक डिस्पोजल उत्पाद का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। पेड के पत्तों से बने पत्तल, दूने एवं मिट्टी के कुल्हडों का प्रयोग करे। उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्रा में डी.जे. व लाउडस्पीकर पर प्रतिबंधित रहेगा। इसकी पालना सुनिश्चित करावे। उन्होंने कहा कि प्रसाद की दुकानों का स्थान इस प्रकार निर्धारित करें कि श्रद्धालुओं को आने-जाने में असुविधा नहीं हो। उन्होंने कहा कि मेला स्थल एवं बाला किला क्षेत्रा में पॉलिथिन की थैलियॉ व प्लास्टिक डिस्पोजेबल उत्पाद ले जाने व उपयोग करने पर प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने सीएमएचओ को निर्देश दिये कि मेला स्थल पर आमजन को चिकित्सा उपलब्ध कराने हेतु चिकित्सा दलों का गठन कर आवश्यकतानुसार चिकित्सक एवं पैरा मैडिकल स्टाफ लगाएं। उन्होंने नगर विकास न्यास के अधीक्षण अभियन्ता को मेला स्थल पर रोशनी, सीसीटीवी कैमरे इत्यादि व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। मंदिर तक जाने वाले रास्ते पर श्रृद्धालुओं के अल्पकालीन विश्राम हेतु छाया एवं पानी की व्यवस्था कराए। उन्होंने कहा कि मेले




में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस बल व महिला पुलिस की पुख्ता व्यवस्था की जायें। उन्होंने कहा कि चार पहिया वाहनों को वन विभाग के नाके से आगे जाने की अनुमति नहीं दी जायेगी किन्तु मेला व्यवस्था में लगे वाहनों को आने-जाने की अनुमति रहेगी। उन्होंने कहा कि मेला स्थल पर नियंत्राण कक्ष स्थापित कर वायरलैस सैट उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि मेला स्थल पर अग्निशमन वाहन रखा जायें। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय तेजपाल सिंह, उपखण्ड अधिकारी यशार्थ शेखर, पुलिस उपाधीक्षक ग्रामीण शिवानी, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा, नगर विकास न्यास के अधीक्षण अभियन्ता तैयब खान, एसीएफ सरिस्का अंकुश जिंदल, एसीएफ अलवर पुष्पेन्द्र सिंह शेखावत, तहसीलदार अलवर रश्मि शर्मा, करणी माता मंदिर के महन्त उमेश शर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे एवं करणी माता मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## लाडो प्रोत्साहन योजना में बढ़ोतरी

**आंगनबाड़ी में पोषण सामग्री में भी किया सुधार**

## मातृ एवं बाल विकास के लिए नई घोषणाओं से महिलाओं को मिलेगा मजबूती और बच्चों को बेहतर पोषण

बढ़ता राजस्थान



**खैरथल/तिजारा (मुकेश शर्मा)।** राज्य सरकार ने लाडो प्रोत्साहन योजना में महत्वपूर्ण बदलाव करने की घोषणा की है। अब सेविंग बॉण्ड की राशि एक लाख के बजाय डेढ़ लाख रुपए दी जाएगी। इसके अलावा, आंगनबाड़ी केन्द्रों में अतिकुपोषित बच्चों को प्रदान किए जाने वाले दूध की मात्रा को भी 15 ग्राम से बढ़ाकर 25 ग्राम प्रति पैकेट किया गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने यह घोषणाएं बजट 2025-2026 के वित्त एवं विनियोग विधेयक चर्चा के दौरान की। उनका कहना है कि इन कदमों का उद्देश्य मातृ और बाल स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना है। खासतौर पर अति गंभीर कुपोषित बच्चों की संख्या को कम करने के लिए यह कदम आवश्यक है।

### 10 महिलाओं को किया जाएगा सम्मानित

लखपति दीदी, ड्रोन दीदी, सोलर दीदी, बैंक सखी, कृषि सखी, और पशु सखियों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए टेबलेट के माध्यम से सम्मानित किया जाएगा। इसके तहत हर ब्लॉक में उत्कृष्ट काम करने वाली 10 महिलाओं को सम्मानित करने का प्रस्ताव है, जिससे उनकी कार्य कुशलता में वृद्धि हो सके।

### 1.5 प्रतिशत की ब्याज दर पर मिलेगा ऋण

महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में बढ़ावा देने के लिए, लखपति दीदी के लिए 1.5 प्रतिशत की ब्याज दर पर ऋण की व्यवस्था की गई है। ये सभी घोषणाएं महिलाएं और बच्चों के विकास को प्राथमिकता देने के लिए की गई हैं, जिससे राज्य में समग्र विकास को साकार किया जा सके।

## शीतला माता का जागरण व पूजन 20 मार्च को

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ /अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** मालाखेड़ा गेट स्थित माता शीतला का जागरण गुरुवार 20 मार्च को सांय 7 बजे से आयोजित किया जाएगा। माता शीतला सेवा समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र दाधीच ने बताया कि शीतलाष्टमी के विशेष पावन पर्व पर प्रातः समिति के पदाधिकारियों द्वारा 21 घड़ो व पंचामृत से माता शीतला का विशेष जलाभिषेक किया जाएगा। उसके उपरांत माता बहनों द्वारा माता को विशेष भोग अर्पित किया जाएगा। मंदिर पुजारी रामबक्श प्रजापत ने बताया कि शीतला अष्टमी के पावन पर्व माता की महिमा अपार होती है। माता को एक दिन पूर्व का बना हुआ बासी भोजन राबड़ी और पुआ, पकौड़ी का भोग लगाया जाता हैं। भक्तजन माता से शीतलता और शांति का आशीर्वाद लेते हैं। लायंस क्लब के प्रांतीय चेयरपर्सन खेमसिंह आर्य ने बताया कि गुरुवार को शाम को 7 बजे से माता का जागरण संजय राजस्थानी की टीम द्वारा संगीतमय आयोजित किया जाएगा जिसमें आसपास और दूरदराज के माता के भक्तजन जागरण में शामिल होंगे। माता भक्त और पार्षद गौरव कसेरा ने बताया कि एक दिन पूर्व माता के मंदिर को आकर्षक रोशनी से सजाया जाएगा।

## टपूकड़ा के समीप इन्क फैक्ट्री में धमाके के साथ फटा बॉयलर एक की मौत एक घायल

बढ़ता राजस्थान

**टपूकड़ा।** तहसील के गांव बनबीरपुर स्थित इन्क निर्माता सिजवर्क कंपनी में मंगलवार दोपहर अचानक एक बॉयलर धमाके के साथ फट गया धमाका इतना जबरदस्त था कि बॉयलर के अनेक टुकड़े कंपनी से बाहर कई मीटर दूर तक पंहुचे जिनसे गांव बीबीपुर के अनेक घरों की दीवारें, छज्जे व दरवाजे खिड़कियों के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए. कई घरों में दरारे आ गई। सोमवार दोपहर लगभग 3.30 बजे हुई घटना की सूचना पर भिवाड़ी पुलिस अधीक्षक ज्येष्ठा मैत्रेयी घटनास्थल पंहुची। घटना में एक श्रमिक शेख जमशेद निवासी पथरिया गांव झारखण्ड की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल को गंभीर हालत में अलवर रेफर किया गया है। लगभग एक वर्ष पूर्व इस कम्पनी में भयानक आग लगी थी। गांव बनबीर पुर व बीबीपुर के लोग काफ़ी दहशत में व डरे हुए हैं।

## टैलेंट सर्च एग्जाम का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** श्रीराम एकेडमी बानसूर में 16 मार्च को टैलेंट 2025 परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन करवाया गया। जिसमें कुल 2769 परीक्षार्थी शामिल हुए। इस परीक्षा में कोटपूतली-बहरोड , अलवर, खैरथल- तिजारा जिले सहित जयपुर ग्रामीण क्षेत्र के परीक्षार्थी शामिल हुए। इस परीक्षा को सफल बनाने के लिए एकेडमी की टीम ने सभी अभिभावकों, विद्यार्थियों और प्रसाशन सहित सभी मेडिकल टीमों का आभार प्रकट किया हैं। वहीं संस्था के निदेशक कुलदीप चौधरी ने बताया की इस टैलेंट टाइम 2025 परीक्षा का रिजल्ट 23 मार्च को जारी होगा और इसकी रीवार्ड सेरेमोनी भी 23 मार्च को ही आयोजित की जायेगी। जिसमे परीक्षार्थियों के स्कोर के अनुसार पारितोषिक वितरण किया जाएगा। संस्था के डायरेक्टर ने बताया कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में शिक्षा को लेकर जागरूकता फैलती है जिससे बच्चे भविष्य में चलकर सही मुकाम हासिल करते हैं।

## पंजाबी समाज का होली मिलन शनिवार को लट्ठमार होली व फूलो की होली रहेगा आकर्षण का केंद्र

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** पंजाबी समाज व समाज की समस्त संस्थाएं सामूहिक रूप से प्रेम का पर्व होली को मिलन समारोह के रूप मे मनाएंगी द्य इस बाबत आज समाज के प्रमुख संस्थाओ के प्रतिनिधियों व जागरूक युवाओं की बैठक पुरुषार्थी भवन स्कीम 2 मे आयोजित हुई जिसमे शनिवार को होली मिलन समारोह के आयोजन को अंतिम रूप दिया गया द्य व्योवृद्ध चरणजीत सुनेजा नें बताया कि 22 मार्च वार शनिवार को सांय 7 बजे ब्रिज के कलाकारों द्वारा विशेष झाँकिया प्रस्तुत की जाएगी उसी के साथ महारास का आयोजन होगा साथ हीं समाज के प्रसिद्ध गायक विजय पुंजनानी द्वारा इन झंकियों के सहयोग से फूलों की होली खेलकर भजनो की बेला का आयोजन होगा। कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि समाज के वें नामचीन चेहरे जो शासन व प्रशासन मे अलवर मे रहते हुए सेवाए दे रहे हैँ रहेंगे इसी के साथ विशिष्ट अतिथि के रूप मे समाज के बुजुर्ग व संस्थाओ के प्रधान शिरकत करेंगे। आयोजक समिति से जुड़े पवन सोनी नें बताया की कार्यक्रम मे प्रवेश पत्र के माध्यम से पंजाबी समाज के परिवार शामिल होंगे ओर ये प्रवेश पत्र पूर्णतया निशुल्क होंगे साथ हीं कार्यक्रम मे बाद स्वरूची भोज का भी आयोजन समाज के लोगो के लिए होगा।

## जिला कलेक्टर ने किया खैरथल पुलिस थाने का औचक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**खैरथल/तिजारा (मुकेश शर्मा)।** जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने मंगलवार को खैरथल थाने का निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने थाने की साफ-सफाई, रिकॉर्ड्स की जांच और लंबित मामलों की स्थिति का जायजा लिया।

सर्वप्रथम जिला कलेक्टर ने पुलिस थाना खैरथल स्थित बंदी ग्रह, मालखाना सहित अन्य जरूरी दस्तावेजों का निरीक्षण कर गत माह में दर्ज हुए मामलों की जानकारी ली। उन्होंने थाने में स्वीकृत कुल पद पर लगे हुए सभी पुलिसकर्मी की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने थाने में मुख्यत: दर्ज होने वाले प्रकरणों की अपराधिक प्रकृति की जानकारी ली।

उन्होंने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के प्रकरणों को निस्तारित कर



संबंधित को सहायता राशि दिलाने के निर्देश दिए साथ ही थाने में नई बैरक के निर्माण हेतु प्रस्ताव बनाकर भेजने के निर्देश भी दिए। उन्होंने बाहर के लाइसेंस धारियों का जिला कार्यालय में पंजीयन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने त्योहारों के चलते शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी राकेश कुमार, जुडिशल शाखा इंचार्ज विशाल गुप्ता सहित अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

## बच्चों को बांटे ज्ञानवर्धक खिलौनें और हैल्थ किट



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से दीवाकरी में संचालित शिक्षा संस्कार वृक्ष कक्षा में बच्चों को ज्ञानवर्धक खिलौने, ड्राइंग और दांत साफकरने के लिए पेस्ट व ब्रश का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंजीनियर संजय बजाज थे जबकि अध्यक्षता संरक्षक दौलत राम हजरती ने की। इस अवसर पर बच्चों को प्रतिदिन दांत साफ करने और नहाने की शिक्षा दी गई। नेक कमाई की ओर से अलवर शहर में कचरा बीनने वाले और भीख मांगने वाले बच्चों के लिए प्रतिदिन शाम को अतिरिकत कक्षाएं संचालित की जा रही हैं जिसमें 125 बच्चे अध्ययनरत हैं। नेक कमाई फाउंडेशन के मुखय कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने बताया कि यह कक्षाएं शहर में अन्य और जगह भी संचालित होंगी। इन कक्षाओं को जयपुर की संस्था फिडिंग हैंडस और सुमेधा के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। इन बच्चों को ड्राइंग व शिक्षण सामग्री समाजसेवी पंकज जैन और हैल्थ किट का वितरण डाण् बीण् बीण् गौतम की तरफसे किया गया। इस अवसर पर संचालिका प्रतिभा सिंह ने आभार जताया। कार्यक्रम में एडवोकेट संजीव मीणा और आयुर्वेद चिकित्सक बीण् बीण् गौतम भी उपस्थित थे। संचालन गुरप्रीत सिंह पवित्र ने किया। इन सभी कक्षाओं में डाण् गोपाल रॉय चौधरी ट्रस्ट और खानचंद चिमनी बाई हजरती ट्रस्ट का भी सहयोग हैं जो पिछले तीन माह से चल रही हैं। संरक्षक दौलत राम हजरती ने बताया कि नेक कमाई की ओर से अलवर शहर में करीब दस जगहों पर ऐसी कक्षाएं संचालित होंगी।

## श्री महावीर जयन्ती महोत्सव समिति के महेंद्र सचेती निर्विरोध अध्यक्ष चुने गये

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** श्री महावीर जयन्ती महोत्सव 2025 मनाये जाने हेतु सकल जैन समाज की साधारण सभा दिनांक 16 मार्च 2025 को रात्रि 800 बजे श्री दिगम्बर जैन खण्डेलवाल पंचायती मंदिर हलवाई पाड़ा में सम्पन्न हुई। समाज के मंत्री नरेन्द्र कुमार जैन बड़जात्या ने बताया कि श्री महावीर जयन्ती महोत्सव समिति की 2025 के लिए महेंद्र सचेती को सर्व सम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया एवं महोत्सव समिति का गठन किया गया जिसमें महामंत्री नरेन्द्र कुमार जैन बड़जात्या, कोषाध्यक्ष राजकुमार जैन भौंच, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकेश कुमार जैन, राजेन्द्र प्रसाद जैन, योगेश जैन पालावत उपाध्यक्ष पद पर राजेन्द्र कुमार जैन एडवोकेट, अनिल जैन पालावत, मंत्री पद पर कैलाश चंद जैन, रविन्द्र कुमार जैन, योगेश जैन सचेती, विजय



कुमार जैन , निर्मल कुमार जैन पालावत को बनाया गया । प्रवीण जैन गोधा, अध्यक्ष दिगम्बर जैन खण्डेलवाल पंचायती मंदिर हलवाई पाड़ा होंगे । इस अवसर पर सभी समाजों के पदाधिकारी व गणमान्य सदस्य उपस्थित हुए । इस वर्ष महावीर जयन्ती महोत्सव दिनांक 10 अप्रैल 2025 से 12 अप्रैल 2025 तक श्री दिगम्बर जैन मंदिर नसिया जी में मनाया जावेगा । श्री महावीर जयंती महोत्सव पर शोभा यात्रा श्री दिगम्बर जैन खंडेलवाल पंचायती मंदिर हलवाई पाड़ा से निकलेगी।

## अलवर सांसद के पिता के निधन पर संवेदना प्रगट करने पहुँचे नेता प्रतिपक्ष जूली

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने केंद्रीय वन मंत्री व अलवर सांसद भूपेंद्र यादव के पिता स्वर्गीय कदम सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनके पैतृक गांव हरियाणा के जमालपुर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी। जूली ने स्वर्गीय यादव के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि रेलवे में स्टेशन अधीक्षक पद पर रहकर लंबे समय तक उन्होंने रेलवे विभाग में अपनी सेवाएं दी उन्होंने कहा कि स्वर्गीय कदम सिंह कबड्डी के भी अच्छे खिलाड़ी रहे।

इस दौरान कांग्रेस सचेतक रफीक खान,विधायक मांगेलाल मीणा, जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा, संजय यादव, आर्यन जुबेर, इमरान खान, हिम्मत चौधरी, संजीव बारेठ , विश्राम गुर्जर उपस्थित रहे।



## दिव्य ज्योति कलश यात्रा का महाआरती व पुष्प वर्षा कर किया स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ /अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से निकाली जा रही दिव्य ज्योति कलश यात्रा के राजगढ़ आगमन के दूसरे दिन विभिन्न जगहों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। गायत्री परिवार की प्रीति विजय ने बताया कि मंगलवार को दिव्य ज्योति कलश यात्रा का शुभारंभ गायत्री मंदिर से रामावाला कुंआ, दोला खोजा की कोठी, कारोठ रोड़, कारोठ गांव, बर्फ फैक्ट्री, पटायरी डूंगरी, गंगाबाग, गोविन्द देव मंदिर, मालाखेड़ा बाजार होते हुए तुषार मैरिज गार्डन पहुंची जहां दीपदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कस्बे के कारोठ रोड़ पर स्थित भारतीय विद्या पीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रधानाचार्य दिनेश सैन के नेतृत्व में दिव्य ज्योति कलश यात्रा का पुष्प वर्षा कर व महाआरती कर स्वागत किया गया। इस दौरान दिव्य ज्योति कलश यात्रा के बारे में बच्चों को व उपस्थित लोगों को जानकारी दी गई।

### कार्यक्रम में ये लोग रहे उपस्थित

दिव्य ज्योति कलश यात्रा में राजस्थान प्रभारी ओम अग्रवाल, प्रकाश भारद्वाज, श्याम पुष्कर, जॉन प्रभारी दिनेश गुप्ता और मुख्य ट्रस्टी डॉ सरोज सहित गायत्री परिवार राजगढ़ की प्रीति विजय, मीना खण्डेलवाल, पदमा गोयल, संगीता विजय, दिनेश चौबे, दिनेश सैन, मुकुल बड़ाया, पूर्णिमा सैन, वैभव पंवार, राजकुमार गुप्ता, संतोष शर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## डॉ.महेश गोठवाल बने न्यू पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया निपासी के कोषाध्यक्ष



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** डॉ महेश गोठवाल को लोक प्रशासन विषय के प्रोफेसर्सए शोधार्थियोंए अध्येताओं के राष्ट्रीय स्तर के संगठन न्यू पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया का कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। डॉ महेश गोठवाल वर्तमान में एसोसिएट प्रोफेसर के पद एंव विभागाध्यक्ष लोक प्रशासन विभाग, बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय अलवर में कार्यरत हैं। न्यू पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया ;निपासीद्ध देश मे लोक प्रशासन विषय मे अध्ययन,अध्यापन, शोध उन्नयन को सशक्त और विस्तार देने के उद्देश्य से सम्पूर्ण भारतवर्ष में वर्ष 1993 से कार्यरत है। लोक प्रशासन विषय के देश के ख्याति नाम प्रोफेसर मोहित भट्टाचार्य, प्रोफेसर वी भास्कर राव, प्रोफेसर नूरजहाँ बावा, प्रोफेसर रमेश अरोडा, प्रोफेसर अशोक शर्माए प्रोफेसर पीसी माथुर, प्रोफेसर रूमकी बसु, प्रोफेसर ममता मोक्ता,प्रोफेसर मोहिन्दर सिंह, प्रोफेसर सतीश पटेल आदि अनेक प्रोफेसर निपासी के माध्यम से लोक प्रशासन विषय को नवीन दिशा दिखाते हुए ष्प्रशासन सरकार के लिए के स्थान पर प्रशासन जनता के लिए बनाने की मुहिम में संलग्न हैं।

## ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**राजगढ़ /अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** राजगढ़-बांदीकुई रेल मार्ग के मध्य स्थित एलसी-142 के समीप ट्रैन से कटकर एक व्यक्ति की मौत हो गयी। हैडकांस्टेबल मुकेश ने बताया कि उन्हें स्टेशन मास्टर ने सूचना दी की राजगढ़-बांदीकुई रेल मार्ग पर ट्रेन से एक व्यक्ति कट गया। इस सूचना पर राजगढ़ व रेलवे पुलिस एवं पालिकाकर्मी जुगनू तम्बोली मौके पर पहुंचे। जहां पालिकाकर्मी जुगनू तम्बोली की सहायता से मृतक के शव को ट्रैक से हटवाया एवं शव को कब्जे में ले राजगढ़ सीएचसी की मोर्चरी में रखवाया। जिसकी शिनाख्त राजगढ़ कस्बे के रेलवे स्टेशन के समीप निवासी महेंद्र कुमार सैनी(34) पुत्र कल्याण सहाय सैनी के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया।

# अन्तर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** अन्तर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की बजट घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिला कलक्टर ने नगर निगम को निर्देश दिए कि शहर में आवारा पशुओं की समस्या के समाधान के लिए शीघ्र मोबाइल ऐप विकसित किया जाए, जिससे आमजन अपनी शिकायतें दर्ज करा सकें और उन पर त्वरित कार्रवाई हो सके। उन्होंने नगर निगम, केडीए और गैस अथॉरिटी को निर्देश दिए कि सड़कों की खुदाई से संबंधित कार्यों को मैप पर चिन्हित कर प्रस्तुत किया जाए, ताकि आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। गर्मी को देखते हुए कलक्टर डॉ. गोस्वामी ने मेडिकल कॉलेज में विशेष वार्ड तैयार करने तथा पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग को नए शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ में विद्यालयों की प्रार्थना सभा में साप्ताहिक रूप से डेंगू, लू, ताप-घात एवं अन्य संक्रामक रोगों से बचाव के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाने के लिए कहा। साथ ही, गंभीर बीमारियों से ग्रसित विद्यार्थियों के नियमित उपचार की निगरानी करने के निर्देश भी दिए। कलक्टर ने कृषि एवं पशुपालन विभाग को विभागीय कार्यों और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। बिजली विभाग को पीएम सूर्यघर योजना के सुचारू संचालन और बिजली संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए शिकायतों के रिस्पांस टाइम की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए।

### शादियों के सीजन के मद्देनजर कोटा में खाद्य सुरक्षा दल की कार्रवाई जारी

# बाजार भाव से कम कीमत पर बिक रहा विभिन्न ब्रांड्स का 1 हजार 873 किलो घी व तेल सीज, मिलावटी या नकली होने की आशंका

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** खाद्य सुरक्षा दल ने मंगलवार को बजरंग नगर स्थित तेल व घी के विक्रेता राजकमल ट्रेडिंग के प्रतिष्ठान पर निरीक्षण किया। यहां विभिन्न ब्रांड्स के घी व तेल का बाजार भाव से कम दाम पर विक्रय किया जाना पाया गया। इस पर मिलावटी या नकली होने के संदेह में कुल 1 हजार 873 किलो घी व तेल सीज किया गया। यहां 15 टिन में ( प्रत्येक में 15 किलो) कुल 225 किलो फिल्टर्ड मूंगफली का तेल बीकानेरी सिक्का, 34 टिन (प्रत्येक में 15 किलो) कुल 510 किलो रिफाइंड मूंगफली का तेल पार्वती पोस्टमेन ब्रांड, 6 कार्टन में रखा ( प्रत्येक में 12 किलो) कुल 72 किलो कच्ची घाणी सरसों का तेल श्री पार्वती स्वास्तिक ब्रांड, 36 टिन (प्रत्येक में 15 किलो) व 12 कार्टन ( प्रत्येक में 16 किलो) कुल 732 किलो डबल फिल्टर्ड मूंगफली का तेल श्री पार्वती स्वास्तिक ब्रांड, 17 कार्टन में रखा 259 किलो, 5 टिन में रखा 75 किलो कुल 334 किलो घी श्री पार्वती अमोल ब्रांड को सीज किया गया। इस प्रकार कुल 1 हजार 873 किलो घी व तेल सीज किया गया। प्रत्येक ब्रांड का एक-एक नमूना अर्थात कुल पांच नमूने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत लिए गए। इन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भिजवा दिया गया है। यहां से प्राप्त होने वाली रिपोर्ट के आधार पर आगे कार्यवाही की जाएगी।






**अजमेर से मंगवाया गया था यह तेल-घी :** यहां खास बात यह है कि घी तेल विक्रेता ने समस्त खाद्य सामग्री अजमेर स्थित श्री पार्वती ऑयल व इसकी विभिन्न सहायक कम्पनियों से खरीदना बताया। साथ ही मूल पेक ब्रांड पर अजमेर स्थित श्री पार्वती ऑयल का पता अंकित मिला।

### इस टीम ने की कार्रवाई

इस कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप अग्रवाल, अरुण सक्सेना, चंद्रवीर सिंह जादोन व मोजी लाल कुम्भकार शामिल रहे। कोटा प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे कामयाब कोटा व राज्य में चलाए जा रहे शुद्ध आहार- मिलावट पर वार अभियान के तहत प्रमुख शासन सचिव मेडिकल एंड हेल्थ गायत्री राठौर व आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण एच गुइटे के मार्गदर्शन, जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी के निर्देशन तथा अभिहित अधिकारी एवं सीएमएचओ डॉ. नरेन्द्र नागर के नेतृत्व में शादियों के सीजन को देखते हुए खाद्य सुरक्षा दल फील्ड में सक्रिय रहकर कार्रवाई कर रहा है।

# रंगों और उत्साह से भरा वरिष्ठ नागरिक संस्थान का होली मिलन समारोह आयोजित

### बेंड की धुनों पर झूमे-नाचे सदस्य, होली के गीतों की प्रस्तुतियां भी दीं

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** वरिष्ठ नागरिक संस्थान की ओर से मंगलवार को रंगारंग होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था की नव निर्वाचित सचिव तनुजा खन्ना का स्वागत भी किया गया। विशिष्ट अतिथि नगर निगम कोटा के नेता प्रतिपक्ष लव शर्मा थे।

समारोह की शुरुआत में संस्था के अध्यक्ष टीपीएस सेठी ने सभी सदस्यों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कि, हमारी संस्था वरिष्ठ नागरिकों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। आने वाले दिनों में हम स्वास्थ्य शिविर, सांस्कृतिक कार्यक्रम और शैक्षिक भ्रमण जैसे विविध कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे, ताकि हमारे सदस्यों का जीवन अधिक सक्रिय और आनंदमय बन सके।



**बेंड ने होली के पारम्परिक गीत बजाए :** मार्च माह की बैठक के पश्चात होली मिलन समारोह का आनंदमय आयोजन किया गया। इसमें संस्था के सदस्यों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। विशेष रूप से आमंत्रित बेंड ने होली के पारम्परिक और आधुनिक गीतों की धुनें बजाईं, जिन पर सदस्य जमकर झूमे और नाचे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में कई वरिष्ठ सदस्यों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कुछ सदस्यों ने होली के पारम्परिक गीत गाए तो कुछ ने कविताएं सुनाईं। वरिष्ठ महिला सदस्यों ने फाग और दादरा की प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में मार्च माह में जन्मदिन और वैवाहिक वर्षगांठ मनाने वाले सदस्यों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित भी किया गया।

**तनुजा खन्ना का गर्मजोशी से स्वागत :** कार्यकारी अध्यक्ष ब्रिगेडियर एनएस कपूर, संस्था के अध्यक्ष टीपीएस सेठी, कार्यकारिणी सदस्यों और सभी सदस्यों ने नव निर्वाचित सचिव तनुजा खन्ना का गर्मजोशी से स्वागत किया। अपने सम्बोधन में तनुजा खन्ना ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा, संस्था को उच्च स्तर पर ले जाना मेरी प्राथमिकता होगी। विशिष्ट अतिथि लव शर्मा ने होली की शुभकामनाएं देते हुए वरिष्ठ नागरिकों को समाज की अमूल्य धरोहर बताया। उन्होंने कहा, वरिष्ठ नागरिक हमारे समाज के स्तम्भ हैं, जिनका अनुभव और मार्गदर्शन हमारे लिए अत्यंत मूल्यवान है।

**नियमित बैठक भी हुई आयोजित :** कार्यक्रम के दौरान संस्था की मार्च माह की नियमित बैठक भी आयोजित की गई। इसमें महेश चतुर्वेदी द्वारा पिछले माह की बैठक के कार्यवृत्त (मिनिट्स) का वाचन किया गया। सभी सदस्यों ने इसका अनुमोदन किया।

# 43 काश्तकारों को 1.73 करोड़ के ऋण स्वीकृत, 25 नए सदस्य जोड़े, दुर्घटना बीमा योजना स्वीकृत

- बैंक अध्यक्ष राठौड़ ने काश्तकारों से ओटीएस योजना का लाभ उठाने का आह्वान किया
- भूमि विकास बैंक के संचालक मंडल की बैठक आयोजित
- लोकसभा अध्यक्ष बिरला एवं राज्य सरकार का जताया आभार



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** कोटा भूमि विकास बैंक के संचालक मंडल की बैठक मंगलवार को बैंक अध्यक्ष चैन सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस बैठक में बैंक उपाध्यक्ष भंवर सिंह हाड़ा, संचालक निहाल सिंह राठौड़ , डॉ. प्राची दीक्षित, राधा किशन मीना, जगदीश प्रसाद मीना, जगदीश शर्मा, बाबूलाल बैरवा, मांगीलाल, मुकुट बिहारी, बैंक सचिव एवं उप रजिस्ट्रार गोविन्द प्रसाद लड्ढा तथा संयुक्त निदेशक कृषि विभाग अतीश कुमार शर्मा मौजूद रहे।

**लोकसभा अध्यक्ष व राज्य सरकार का आभार :** बैठक में सर्वप्रथम बैंक अध्यक्ष चैन सिंह राठौड़ ने लोकसभा अध्यक्ष एवं कोटा-बूंदी सांसद ओम बिरला, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री एवं वित्तीय मंत्री दीया कुमारी तथा सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक का राजस्थान के 36 जिला भूमि विकास बैंकों को 130 करोड़ रुपए के ऋण वितरण लक्ष्य आवंटित करने के लिए आभार जताया। विभिन्न भूमि विकास बैंकों के अध्यक्षों का दल सांसद व लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से चैन सिंह राठौड़ के नेतृत्व में मिला था। बिरला ने सहकारी बैंक को मजबूती प्रदान करने लिए नाबार्ड से ऋण का रास्ता साफ किया। इस योजना के तहत भूमि विकास बैंक को 2 करोड़ रुपए का लक्ष्य मिला, जिसमें से 1.73 करोड़ रुपए की 42 ऋण पत्रावलियां स्वीकृत की गईं।

**अवधिपार ऋणों की वसूली के लिए विशेष योजना :** राठौड़ ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा अवधिपार ऋणों की वसूली के लिए 200 करोड़ रुपए की एकमुश्त समझौता योजना (ओटीएस) लागू करने के निर्णय को ऐतिहासिक बताया । अध्यक्ष राठौड़ ने इस निर्णय को दीर्घकालीन ऋण संरचना के लिए मील का पत्थर बताया और किसानों से इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया।

**नई सदस्यता एवं बीमा योजना की स्वीकृति :** बैठक में 25 नए सदस्यों को सदस्यता प्रदान करने की स्वीकृति दी गई। साथ ही, राज सहकार व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना 2024-25 को भी स्वीकृति दी गई, जिससे किसानों और कर्मचारियों को सुरक्षा मिलेगी।

# स्कूली बच्चो के खेल में शिक्षा विभाग का खेल, शिक्षको ने जताई नाराजगी पूरे वर्ष इंतजार करते रहे, आनन फानन में जारी हुए खेल किट के आदेश

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां, ( टी.आर सैनी )।** राजस्थान सरकार में शिक्षा विभाग की नीति खेल के प्रति कितनी गंभीर है। पूरे साल खेल सामग्री नहीं दी गई ओर न ही स्कूलो में खेल सामग्री खरीद के लिए बजट स्वीकृत किया गया। अब सरकार ने शिक्षा विभाग में नवाचार करते हुए खेल सामग्री की सप्लाई का ही एक कम्पनी को टेण्डर जारी कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार समग्र शिक्षा अभियान के तहत राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद ने प्रदेश के बीस हजार एक सौ बीस स्कूलों के लिए करीब 22 करोड़ राशि की खेल सामग्री खरीद के आर्डर जारी किए हैं। विभाग ने इसके तहत हरियाणा की एक हंसराज साइंटिफिक मेटल वर्क्स फर्म को खेल किट सामग्री आपूर्ति के लिए अधिकृत किया है। इसके तहत प्रदेश के 8997 प्राथमिक,5795 उच्च प्राथमिक एवं 5328 माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक स्कूलों के लिए खेल किट पर 22 करोड़ 29 लाख 23 हजार व 13 रुपए व्यय होंगे।जिसका सीधा भुगतान हरियाणा की संबंधित फर्म को किया जाएगा। समग्र शिक्षा अभियान के तहत जारी इस आदेश के तहत शीघ्र ही स्पोर्ट्स कीट स्कूलो में पहुँचने वाले है। शिक्षा विभाग में आये स्पोर्ट्स कीट वितरण के आदेश की जानकारी शिक्षको को लगी तो कुछ शिक्षक नेताओ में इसकी नाराजगी झलक रही है। शिक्षक नेताओ का मानना है,कि हर वर्ष स्कूल में स्पोर्ट्स कीट के लिए निर्धारित राशि स्कूल के खाते में आवंटित होती थी।

वर्ष 2024-25 के लिए राशि आवंटित नहीं होने के बावजूद कई स्कूलो में स्पोर्ट्स कीट खरीदा जा चुका है। विभाग के आदेशानुसार 25 मार्च तक सभी ब्लॉक में यह किट पहुंचाई जाएगी।इसके बाद स्कूलों को वितरण किया जाएगा।इसके लिए 22.29 करोड़ रुपए का बजट जारी किया गया है। जो अबकी बार स्कूलों को बजट न देकर ठेकेदार के माध्यम से स्पोर्ट किट दिए जाएंगे।

### इनका कहना



" विभाग द्वारा सभी स्कूलों में कीट नहीं देकर पक्षपात किया है।स्पोर्ट्स कीट विद्यालयों ने अपने स्तर पर खरीद लिए हैं। अब उनका भुगतान कौन करेगा।साल के शुरू में ही या तो इनकी राशि डालनी चाहिए थी या सूचना देनी चाहिए कि ठेकेदार के माध्यम से स्पोर्ट्स कीट दिया जायेगा।

**पंकज जैन अध्यक्ष**
**शिक्षक संघ राष्ट्रीय नैनवा'**



" स्पोर्ट किट ठेकदार के माध्यम से देना स्कूलों के साथ अन्याय है।स्पोर्ट्स कीट की राशि स्कूलों को ही देनी चाहिए थी ताकि शारीरिक शिक्षक स्कूल की आवश्यकता अनुरूप और विद्यार्थियों की रुचि अनुसार सामग्री खरीद सके और उसका सदुपयोग कर सके।

**धोलू मीणा**
**शारीरिक शिक्षक प्रतिनिधि**
**शिक्षक संघ राष्ट्रीय नैनवा'**

" यह आदेश समग्र शिक्षा अभियान के तहत राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद का है। स्पोर्ट्स कीट के लिए जिस फर्म को अधिकृत किया है,उस फर्म द्वारा स्पोर्ट्स कीट पहुँचाये जायेगें।

**ओ.पी बुनकर**
**मुख्य शिक्षा अधिकारी नैनवां**

# ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने सावन भादो में किया 18.10 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास

### नागर ने कहा-भागीरथी प्रयासों से ही विकास की गंगा बहती है

बढ़ता राजस्थान

**कोटा/ देवली।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने मंगलवार को देवली क्षेत्र के सावन भादो में 18 .10 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान ऊर्जा मंत्री ने कहा कि भागीरथी प्रयासों से ही विकास की गंगा बहती है। सरपंचों को 6 माह का अतिरिक्त समय मिला है, जो एक अवसर है। सरकार सभी प्रशासकों के सहयोग को तत्पर है। विकास के लिए सभी प्रशासकों को भी भागीरथी प्रयास करने होंगे। ऊर्जा मंत्री नागर ने कहा-सावन भादो का डेम पूर्व सांसद दाऊदयाल जोशी के द्वारा स्वीकृत कराया गया था। उसका रखरखाव और जीर्णोद्धार करना भारतीय जनता पार्टी का कर्तव्य है।



पूर्व में नहरी तंत्र के लिए 8 करोड़ रुपए दिए गए थे।

अब फिर से नहरी तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए 23 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। वंचित क्षेत्र को परवन से जोड़ने की व्यवस्था भी कर दी गई है। हरिपुरा के पास बड़ा डेम बनाकर खेतों तक पानी पहुंचाया जाएगा। दुष्यंत शर्मा ने बताया कि सावन भादों में ग्रेवल सड़क निर्माण, चारागाह का विकास कार्य, चारागाह दूधिया खेड़ी माताजी विकास कार्य, इंटरलॉकिंग के कार्य का लोकार्पण किया गया।

वहीं विभिन्न स्थानों पर की गई चारदीवारी, सामुदायिक भवन विस्तार कार्य सहित विभिन्न कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया।

# चम्बल में पर्याप्त पानी है, एक भी कॉलोनी प्यासी न रहे, दोषियों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई : संदीप शर्मा

## जलदाय विभाग के अधिकारियों की बैठक में विधायक ने बताया-1.83 करोड़ रुपए से बदली जाएंगी पुरानी पाइप लाइनें

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि कोटा शहर में तीन-तीन फिल्टर प्लांट संचालित हैं, जिनसे 520 एमएलडी पेयजल का उत्पादन हो रहा है। इससे 25-30 लाख लोगों को 24 घंटे जलापूर्ति की जा सकती है। यदि फिर भी कोटा की 16-17 लाख की आबादी को पर्याप्त पानी नहीं मिला तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारी ग्रीष्म ऋतु की आहट के साथ ही अपनी तैयारियां पूर्ण कर लें।

विधायक शर्मा ने मंगलवार को अपने कार्यालय में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की बैठक को सम्बोधित करते हुए यह हिदायत दी। शर्मा ने कहा कि भाजपा शासन सभी लोगों को आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। समस्त संसाधन उपलब्ध करवा रही है। ऐसे में विभागीय लापरवाही के कारण गर्मी में लोगों को पानी नहीं मिला तो दोषी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। वे शीघ्र ही विभाग के सभी अभियंताओं की बड़ी बैठक लेंगे, जिसमें क्षेत्र में भावी कार्यों का रोडमेप तैयार किया जाएगा।

**सोलर बोरिंग से तत्काल जल उपलब्ध करवाएं :** शर्मा ने कहा कि, अविकसित क्षेत्रों जैसे बरड़ा बस्ती, क्रेशर बस्ती, तालाब गांव में पाइप लाइन डालने की योजना बनाई जाए और पाइप लाइन डाले जाने तक वहां पर सोलर बोरिंग लगाकर लोगों को तत्काल पेयजल उपलब्ध करवाया जाए। अन्य स्थानों पर ट्यूबवैल लगाने के लिए डीएमएफटी फंड का भी उपयोग किया जाए। इसी प्रकार शहर की बहुमंजिला इमारतों को भी पेयजल आपूर्ति की योजना बनाकर कार्य किया जाए। अधिकारियों ने इस अवसर पर विधायक को बताया कि मुख्य अभियंता (शहरी एवं एनआरडब्ल्यू) पीएचईडी जयपुर को कोटा शहर के वितरण उपखंड प्रथम के लिए 93.50 लाख रुपए एवं वितरण उपखंड द्वितीय के लिए 89.70 लाख रुपए से पाइप लाइन बदलने के प्रस्ताव भेजे गए हैं। इस पर उन्होने मुख्य अभियंता को फोन कर प्रस्ताव को शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने को कहा।



**आसपास के गांवों में भी पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हो :** भाजपा शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने शहर के विभिन्न स्थानों पर कब दबाव से जलापूर्ति होने व कई स्थानों पर पाइप लाइन डालने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि शहर का निरंतर विस्तार हो रहा है। आसपास के गांव भी अब शहर की आबादी में शामिल हो गए है, लेकिन यहां चम्बल का शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है, इसलिए यहां भी पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। नगर निगम कोटा दक्षिण नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी ने कहा कि सभी वार्डों में सर्वे करवाकर आवश्यकता के अनुसार पाइप लाइन डालने का कार्य स्वीकृत करवा, समयबद्ध तरीके से काम पूरे होने चाहिएं।

**ये अभियंता बैठक में रहे मौजूद :** बैठक में अतिरिक्त मुख्य अभियंता डीएन व्यास, अधीक्षण अभियंता भारत भूषण मिगलानी, अधिशाषी अभियंता प्रकाश वीर नाथानी, अधिशाषी अभियंता ललित शर्मा आदि अभियंता भी मौजूद रहे।

# महिलाओं को आर्थिक संबल में राजसखी मेलों का महत्वपूर्ण योगदान : जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय ) ।** जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने कहा कि महिला स्वयं सहायता समूहो को आत्मनिर्भर बनाने एवं आर्थिक रूप से संबल प्रदान करने के लिये राजसखी मेलों का आयोजन महत्वपूर्ण कदम है इसमें आम उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण सामान उचित दरों पर एक स्थान पर उपलब्ध होने के साथ मनोरंजन व खान-पान के लिये भी प्रबंध किये गये हैं। जिला कलक्टर डॉ. यादव मंगलवार को जिला प्रशासन एवं राजीविका द्वारा राजसखी भरतपुर मेले का शास्त्री पार्क में शुभारम्भ के अवसर पर समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की समृद्धि, लोककला, परम्पराओं को एक मंच देने के मनभावन उत्सव के रूप में यह महत्वपूर्ण कदम है। इसमें महिलाओं द्वारा निर्मित अनूठे उत्पादों की भव्य प्रदर्शनी, प्रदेश की विविध कला शैलियों, हस्तशिल्प और पारंपरिक उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है। उन्होंने कहा कि स्थानीय नागरिकों को प्रदेश के विभिन्न जिलों के उत्पाद विशेषताओं के साथ उपलब्ध होंगे जिनमें दस्तकारी, टेरीकोटा, मसाले, आचार, चमडे के उत्पाद, वस्त्र, खाद्य सामग्री उपलब्ध होने के साथ ही मनोरंजन के लिये नियमित लोकगायन एवं बच्चों के लिये झूले-मिक्की माउस आदि की व्यवस्था भी की गई है।

जिला कलक्टर ने मेले में विभिन्न जिलों से आये स्वयं सहायता समूहों के द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन किया तथा मेले में प्रदर्शन व बिक्री के लिये लाये उत्पादों को देखा। उन्होंने मेले में स्थानीय नागरिकों को अधिक से अधिक संख्या में लाने के लिये प्रचार-प्रसार कर विशेषताओं को प्रचारित करने के निर्देश दिये। इससे पूर्व अतिथियों द्वारा गणेश जी प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन कर मेले का विधिवत शुभारम्भ किया गया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद मृदुल सिंह ने बताया कि 6 दिवसीय राजसखी उत्सव 18 मार्च से 23 मार्च तक विश्वप्रिय शास्त्री पार्क में आयोजित किया जा रहा है। प्रतिदिन सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक चलने वाले इस मेले में लोक कलाकारों, शिल्पकारों और महिला उद्यमियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि मेले में 450 रूपये से अधिक की खरीददारी पर लकी कूपन का लॉटरी द्वारा निर्धारण किया जायेगा जिसमें विजेताओं को आकर्षक उपहार स्वरूप प्रदान किये जायेंगे। इस अवसर पर आयुक्त बीडीए प्रतीक जुईकर, निदेशक घना मानस सिंह, एडीएम प्रशासन घनश्याम शर्मा, शहर राहुल सैनी, सीओ सिटी पंकज यादव, एसीईओ जिला परिषद विनय मित्र, जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा सहित प्रशासनिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। जिला प्रबंधक राजीविका काजल शर्मा ने बताया कि कार्यक्रमों में 18 मार्च को गायन प्रतियोगिता, कालबेलिया नृत्य, घूमर और ऑर्केस्ट्रा, 19 मार्च को डांस प्रतियोगिता, कबड्डी, 20 मार्च को चारी नृत्य एवं रैंप वॉक और 21 मार्च को आत्मरक्षा प्रशिक्षण एवं जूडो प्रदर्शन, म्यूजिकल चेयर गेम का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 22 मार्च को नशा मुक्ति अभियान, स्पून लेमन रेस व अन्य खेल तथा 23 मार्च को मयूर नृत्य, रासलीला और बांके बिहारी झांकी विविध कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

**यह होंगी विशेषताऐं :** जिला प्रबंधक ने बताया कि राजसखी भरतपुर मेले में हस्तशिल्प कला जैसे हाथ से बनी ज्वैलरी, बंधेज, लाख की चूडियां, कशीदाकारी, टेराकोटा कला, मिट्टी के बर्तन, स्थानीय और पारम्परिक खान-पान की स्टॉल भी लगाई गई हैं जिनमें लोग दाल-बाटी, चूरमा, घेवर, कचौरी, मिल्ककेक, भेलपुरी अन्य स्वादिष्ट व्यजानों का आनंद ले सकेंगे।

## लोक सेवा परिवहन बस संचालकों की दबंगई

## नहीं चलने देते हैं, अपनी बस के आगे राजस्थान रोडवेज बसों को, कहते हैं हम भी टैक्स भरते हैं

बढ़ता राजस्थान



**बयाना/भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल ) ।** लोक सेवा परिवहन बस वालों का राजस्थान परिवहन निगम बस के स्टाफ के साथ दबंगई करने का मामला सामने आया है। रास्ते में अपनी बस से आगे नहीं चलने देते हैं रोडवेज की बसों को, कहते हैं हम भी टैक्स भरते हैं। हमसे आगे नहीं जाएगा। राजस्थान रोडवेज बस के ड्राइवर संतोष मीणा ने बताया कि घटना 18 मार्च सुबह 6ः00 बजे की है। और हर रोज की है। राजस्थान परिवहन निगम की एक बस नंबर आर जे 14 पी ई 5166 बयाना से जयपुर को प्रस्थान करती है। बस के अन्दर जयपुर पेपर देने जा रहे विद्यार्थी भी बैठे थे। जिनका आरपीएफ का पेपर था। बयाना से रोडवेज की बस के प्रस्थान करने से 5 मिनट पहले लोक परिवहन की बस भी जयपुर को प्रस्थान करती है। ड्राइवर संतोष मीणा ने बताया कि बयाना से 10 किलोमीटर आगे कनावर गांव के पास लोक परिवहन बस हमारी बस से आगे चल रही थी। मैंने हौरन देकर अपनी बस को आगे निकलने का सिगनल दिया। लेकिन लोक परिवहन बस के ड्राइवर ने मेरी बस को आगे निकलने को जगह नहीं दी। और अपनी बस को सड़क पर तिरछा लगा दिया। और अपनी बस से उतरकर मेरे पास आया और मेरे साथ झगड़ा करने को तैयार हो गया। और मेरे बस कंडक्टर गजेन्द्र के साथ साथ दबंगई करने लगा और कहने लगा ज्यादा जल्दी है क्या, बस को आगे मत निकालना वरना अच्छा नहीं होगा। मीणा ने बताया यह लोग कई बार हमारे साथ मारपीट भी कर देते हैं और बस में तोड़फोड़ भी कर देते हैं। और इनकी दबंगई के सामने राजस्थान परिवहन निगम की बसों को सवारी भी नहीं मिलती है। जिसकी वजह से राजस्थान सरकार को हर साल घाटा हो रहा है।

**बस की लाईट नही करने देते ऑन :** पिदावली के रहने वाले बलदेव सिंह जो राजस्थान रोडवेज में ड्राइवर है बताया कि मैंने सुबह 6.00 बजे बयाना से जयपुर जाने के लिए बस के अन्दर की जैसे ही लाइट जलाई मेरे पास लोक सेवा परिवहन बस के दो व्यक्ति आये और मुझसे कहने लगे लाइट को बंद कर दो वरना हमारी बस में सवारी नहीं बैठेंगी। कहकर मेरे साथ झगड़ा करने को तैयार हो गए।

## कृषि महाविद्यालय ने पहली बार सरसों पजन बीज उत्पादन किया

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** कृषि महाविद्यालय भुसावर फार्म पर सरसों की संकर किस्म बीपीएम 11 का पहली बार प्रजनक बीज उत्पादन कार्यक्रम लिया गया है। इससे किसानों को शुद्ध बीज उपलब्ध कराने में भुसावर का नाम भी जुड जायेगा। निरीक्षण टीम में भारतीय सरसों व राई अनुसंधान संस्थान भरतपुर के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. भागीरथ राम व तकनीकी अधिकारी सुनील कुमार, डॉ. विकास आर्य व डॉ. शंकर लाल यादव ने निरीक्षण किया। निरीक्षण टीम ने सरसों के अन्य किस्मों व बीमार ग्रस्त पौधो को उखाडने के निर्देश दिये। यह कहना है स्थानीय कृषि महाविद्यालय के डीन डॉ. उदयभान सिंह का। डॉक्टर सिंह ने बताया किसरकारी स्तर पर सरसों में पहली बार संकर किस्म का बीज उत्पादन लिया गया है, इससे किसानों को सरसों का शुद्ध व सस्ता संकर बीज उपलब्ध हो सकेगा। यह किस्म भारतीय सरसों व राई अनुसंधान संस्थान भरतपुर द्वारा विकसित की गयी है।

## बेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ ने यूपीएस के खिलाफ किया जोरदार प्रदर्शन



बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** मंगलवार को वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के द्वारा चल रहे प्रोटेस्ट वीक पर कोटा मंडल की बयाना शाखा द्वारा जनशताब्दी एक्सप्रेस पर कर्मचारी विरोधी यूपीएस के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में सैकड़ो रेल कर्मचारियों ने भाग लिया। इस मौके पर बयाना स्टेशन प्रबंधक राम किशोर मीणा, प्वांइट्समैन संगठन के अध्यक्ष दीपक गुर्जर, शाखा के सहायक शाखा सचिव कशिश कुमार, दिनेश चौधरी, सरवन कुमार धाकड़, हीरो कुमार, सक्रिय कार्यकर्ता दौलत सिंह धाकड़ सचिन बैसल एवं सैकड़ो रेल कर्मचारी मौजूद रहे।

## एसडीएम वैर की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों की समस्याओं एवं सुझावों के लिए बैठक कल

बढ़ता राजस्थान

**वैर /भरतपुर ( गोपाल पाठक)।** विधानसभा क्षेत्र वैर के राजनीतिक दलों की समस्याओं एवं सुझावों के लिए बैठक का आयोजन 20 मार्च को रखा गया है। निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एसडीएम) विधानसभा क्षेत्र वैर सचिन यादव ने बताया कि राजस्थान जयपुर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी भरतपुर के निर्देशों के अनुसार विधानसभा क्षेत्र वैर के मतदान केंद्रों पर बूथ स्तरीय अभिकर्ता ( बी एल ए) की नियुक्ति, मतदाता सूची में लिंगानुपात में सुधार एवं राष्ट्रीय राजनीतिक दलों एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों की विभिन्न समस्याओं सुझावों के लिए निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एसडीएम) विधानसभा क्षेत्र वैर की अध्यक्षता में दिनांक 20 मार्च को दोपहर 3ः00 बजे मीटिंग का आयोजन होगा। मीटिंग में राष्ट्रीय राजनीतिक दलों भारतीय जनता पार्टी, इंडियन नेशनल कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया, आम आदमी पार्टी, नेशनल पीपुल्स पार्टी एवं राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी एवं भारत आदिवासी पार्टी के ब्लॉक स्तरीय पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया है।

## पहचान पोर्टल शुक्रवार, शनिवार को रहेगा बंद

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (नि.स.) ।** वर्तमान में पहचान पोर्टल पर जन्म, मृत्यु एवं विवाह पंजीयन से संबंधित बन्द रहेगा। उन्होंने बताया कि पहचान पोर्टल को भामाशाह स्टेट डाटा सेंटर पर माइग्रेशन किया जा रहा है पंजीयन का कार्य को सुचारू रूप से क्रियान्विति हेतु गुरूवार 20 एवं शुक्रवार 21 मार्च को पहचान पोर्टल से जन्म, मृत्यु एवं विवाह पंजीयन से संबंधित समस्त कार्य पूर्णतया बंद रहेंगे एवं प्रमाण पत्र जारी नहीं किये जा सकेंगे। आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव विनेश सिंघवी ने बताया कि आमजन की सुविधा के लिए राज्य में जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन का कार्य ऑनलाईन वेबपोर्टल पहचान के माध्यम से सरलता व सुगमता से सम्पादित किया जा रहा है एवं कम्प्यूट्रीकृत और ई-साईन युक्त जन्म, मृत्यु एवं विवाह प्रमाण पत्र जारी किये जा रहे है।

## 23 मार्च से शुरू होगी कैलादेवी पदयात्रा श्रद्धालुओं की सेवा में सजेंगे भव्य पांडाल

बढ़ता राजस्थान



**बयाना/भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** चैत्र नवयात्रा के उपलक्ष्य में करौली कैलादेवी माता के दर्शनों को जाने वाले श्रद्धालुओं की पदयात्रा 23 मार्च गुरुवार से शुरू होगी। जानकारी देते हुए विशेष मदनपुर ने बताया कि कुंडा मोड तिराहे पर सोमवार को भामाशाह विनय अग्रवाल दमदमा की अध्यक्षता में मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें निर्णय लिया गया कि उत्तर प्रदेश सहित अनेक राज्यों के विभिन्न शहरों से सैकड़ों किलोमीटर की पैदल यात्रा कर मां कैलादेवी के दरबार में जाने वाले श्रद्धालुओं को हर साल की भांति इस साल भी कुंडा मोड पर भव्य पांडाल सजाकर समुचित व्यवस्था की जाएगी जिसमें यात्रियों को नि:शुल्क भोजन व्यवस्था,प्राथमिक चिकित्सा सुविधा,नहाने धोने की व्यवस्था, विश्राम व्यवस्था सहित आवास की भी व्यवस्था की जाएगी।इस अवसर पर बैठक के संरक्षक बैजनाथ दमदमा,किशनचंद गुप्ता,पूरन मित्तल,अनिल लोहिया,अशोक हलवाई, रज्जो भुसावरी,नत्थीलाल गुप्ता,अनिल तेजाब,भारत भूषण वकील, लक्ष्मण मास्टर सिकंदरा, मुरारी कुंडा, हरिओम बिंदल, ओमप्रकाश गुप्ता,भागो पटेल शेरगढ़ , राजेंद्र शर्मा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## जंगल में पेड़ से लटका मिला विवाहिता का शव

बढ़ता राजस्थान



**वैर / भरतपुर ( गोपाल पाठक ) ।** पीहर में रह रही विवाहिता का शव जंगल में पेड से लटका मिला। पेड़ पर स्टॉल से फंदा लगा हुआ था, जबकि महिला के पैर घुटनों के बल जमीन से टिके हुए थे। एफ एस एलऔर डॉग स्क्वायड की टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। थाना अधिकारी नरेंद्र राजावत ने बताया कि सुवह 8ः00 बजे सुबह कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि रायपुर व भोडा गांव के बीच हार में आम के पेड़ पर एक अज्ञात महिला फांसी के फंदे से लटकी हुई मिली थी। उक्त मृतका श्रीमती रामा पत्नी सोहन सिंह पुत्री बलवीर जाति जाटव निवासी मूडिया ललिता पुलिस थाना हलैना हाल खैरोरा पुलिस थाना वैर जिला भरतपुर के पिता बलवीर द्वारा रिपोर्ट पेश करने पर मर्ग सं. 03/2025 धारा 194 बी.एन.एस.एस. में दर्ज कर मृतका श्रीमती रामा का उप जिला स्वास्थ्य केन्द्र वैर पर मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया गया। बाद पोस्टमार्टम व पंचनामा कार्यवाही मृतका की लाश उसके पिता बलवीर सिंह को सुपुर्द की गयी। मृतका श्रीमती रामा की लाश का उसके ससुराल गांव ललिता मूडिया थाना हलैना में अंतिम संस्कार किया जा चुका है। मर्ग में अनुसंधान जारी है।

## एरिया डोमिनशन अभियान में जिला टॉप 10 अपराधी सहित 13 गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय ) ।** पुलिस महानिरीक्षक भरतपुर रेंज राहुल प्रकाश एवं भरतपुर जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा द्वारा दो दिवसीय एरिया डोमिनेशन अभियान हार्डकोर अपराधी हिस्ट्रीशीटर आतंक अपराधी अन्य अपराधों में वांछित चल रहे अपराधियों सहित विभिन्न अपराधों महिला अत्याचार में वांछित अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जय नारायण मीणा भुसावर सीओ धर्मेंद्र शर्मा के निकट सुपरविजन में भुसावर थाना अधिकारी नरेश चन्द शर्मा द्वारा चार टीमों का गठन किया जाकर कार्रवाई को अंजाम देते हुए 13 लोगों को गिरफ्तार किया।

**इन्हें किया गिरफ्तार :**

हत्या के प्रयास में वांछित जिला स्तर का टॉप-10 अपराधी भुसावर निवासी मोहित कुमार उर्फ मौना को बयाना सब जेल से प्रोडेक्शन वारन्ट पर, मनीष पुत्र भीकाराम उर्फ मोतीराम जाति मीना उम्र 26 साल निवासी सांथा थाना महवा जिला दौसा को 299 सीआरपीसी में , तोरनसिंह पुत्र बाबूसिंह जाति गुर्जर निवासी नरहरपुर थाना भुसावर को स्थाई वारंट पर, अन्य वारन्टी में रेनू पुत्र भरोसी जाति कोली उम्र 22 साल निवासी रोत थाना महवा जिला दौसा, सोनू पुत्र भरोसी जाति कोली थाना महवा जिला दौसा, मुकेश पुत्र पूरन कोली उम्र 43 साल निवासी कहार मौहल्ला भुसावर , महेन्द्र पुत्र कलुआराम जाति कोली उम्र 35 साल निवासी कहार मौहल्ला भुसावर, अवैध मदिरा के साथ थाना क्षेत्र के घाटरी गांव निवासी भूरी सिंह पुत्र अतर सिंह जाति जाट, सट्टे की खाई वाली करते हुए 2270 रुपए में सट्टा उपकरण राजेंद्र पुत्र रामकिशन सैनी निवासी मुण्डयारा भुसावर को, शांति भंग के आरोप में लोकेश पुत्र राजेंद्र जाति जाटव निवासी नरहरपुर थाना भुसावर ,महेश पुत्र उदय सिंह जाति जाट निवासी दीवली थाना खेडली मोड, हिमांशु पुत्र हेमंत कुमार जाति ब्राह्मण निवासी दीवली थाना खेड़ली मोड़ एवं मदिरा पान कर मोटरसाइकिल चलाने के आरोप में गजेंद्र पुत्र सोहनलाल जाति माली निवासी बल्लभगढ़ थाना भुसावर को गिरफ्तार किया है जिन्हें सक्षम न्यायालय में पेश किया गया।

## ध्वनि प्रदूषण के विरुद्ध पुलिस उपाधीक्षक का अभियान जारी

### पांच वाहनों से हटवाए ध्वनि विस्तारक यंत्र, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षाएं हैं जारी

बढ़ता राजस्थान




**बयाना/भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल ) ।** डिप्टी एसपी कृष्ण राज जांगिड के निर्देश पर बयाना पुलिस ने बाहनों पर ऊंची आवाज में बजने वाले पांच वाहनों से (डेक) म्यूजिक सिस्टमों को हटवाकर बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया।

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं को लेकर बच्चों की पढ़ाई में हो रहे व्यवधान को देखते हुए पांच वाहनों पर सख्त कार्रवाई की गई है। ऐसे वाहन जिन पर खुले में म्यूजिक सिस्टम लगे हुए हैं। और ऊंची ऊंची आवाजों में फिल्मी गाने व रसिया बजाते हुए तेज रफ्तार से जाते हैं। जिसकी वजह से ध्वनि प्रदूषण उत्पन्न होता है। और स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे व अस्पताल में इलाज कर रहे मरीजों को ध्वनि प्रदूषण के कारण काफी परेशानीयों का सामना करना पड़ता है। डिप्टी एसपी कृष्ण राज जांगिड़ ने बताया कि ऐसे वाहनों की काफी दिनों से शिकायते भी आ रही थी। पुलिस कार्यवाही के दौरान पांच बाहनों से म्यूजिक सिस्टमों को खोलकर जब्त किया गया है। और आगे कार्रवाई जारी रहेगी।

# उपभोक्ता जागृति सप्ताह के दौरान संगोष्ठी का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय ) ।** मिलावटी भोजन के कारण नौजवानों में होने वाले मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभावों पर पडता है, यह कहना हैएमएसजे कॉलेज के प्रोफेसर व संगोष्ठी के विशिष्ट वक्ता अनिल नागर का। नागर उपभोक्ता जागृति सप्ताह के दौरान आयोजित संगोष्ठी में अपना उद्बोधन दे रहे थे नागर ने गहरी चिंता व्यक्त कर शुद्ध एवं सात्विक भोजन समय पर किये जाने का आग्रह किया । व्यवसायियों से नैतिकता से व्यापार करने तथा ज्यादा बचत के चक्कर में मिलावटी सामग्री बेचकर मासूम लोगों के जीवन से खिलवाड न करने की अपील की। सवेरा संस्था के निदेशक अनिल गोयल द्वारा गुणवत्तापूर्ण वस्तुओं के उपयोग पर सर्तक रहने की आवश्यतका पर बल देते हुए अपने विचार प्रतिपादित किये। राज्य सरकार द्वारा विश्व उपभोक्ता दिवस 15 मार्च से आयोजन उपभोक्ता जागृति सप्ताह के रूप में किया जा रहा है।कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को खाद्य पदार्थों में मिलावट, परीक्षण एवं विधिक प्रावधान पर संभाग स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अग्रवाल धर्मशाला में मिलावट की रोकथाम, परीक्षण एवं विधिक प्रावधान के संबंध में प्रशिक्षण कैम्प का आयोजन भी किया गया। संगोष्ठी का शुभारंभ जिला रसद अधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा किया गया जिसमें संगोष्ठी के विषय के बारे में बताया तथा उपभोक्ता जागृति सप्ताह के दौरान आयोजित किये गये तथा आगामी दिवसों में किये जाने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। कवि जय सारस्वत द्वारा टिकाउ जीवन शैली के गुणवत्तापूर्ण वस्तुओं के उपयोग पर प्रकाश डालते हुए शुद्धता की जांच हेतु उपलब्ध विकल्पों के संबंध में जानकारी दी गयी। संगोष्ठी में मोहन गुर्जर द्वारा मिलावट करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने हेतु तथा सख्त नीति निर्धारण करने हेतु कहा विचार रखे तथा एफएसएसएआई ट्रेनर गौरव श्रीवास्तव द्वारा अपना प्रिजेंटेशन दिया गया जिसके माध्यम से उन्होंने मिलावट के विरूद्ध किस प्रकार से बचा जाये तथा मिलावटी सामग्री खरीद के पश्चात की जा सकने वाली कार्यवाही के संबंध में बताया। उन्होंने उपभोक्ताओं व व्यवसायियों के अधिकारों तथा जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से बताया तथा प्रत्येक व्यवसायी को फूड लाईसेंस लेने हेतु आग्रह भी किया। अधिवक्ता मुरारीलाल शर्मा ने विधिक प्रावधानों, अधिवक्ता मानवेन्द्र सिंह ने विधिक सेवा प्राधिकारण द्वारा जांच की गुणवत्ता पर व उमंग संस्थान के निदेशक शुभनेश पाराशर व अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के रितेश शर्मा ने अपने विचार प्रकट किये गये। संगोष्ठी का संचालन एनजीओ सवेरा समिति संस्थान के अनिल गोयल एवं कवि जय सारस्वत द्वारा किया गया। संभाग स्तरीय संगोष्ठी में संभागीय उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी, विधिक माप विज्ञान अधिकारी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, प्रवर्तन अधिकारी, प्रवर्तन निरीक्षक सामाजिक कार्यकर्ता, डीलर्स, पेट्रोल पम्प संचालक, ट्रांसपोटर्स, एनजीओ सवेरा समिति व उमंग के सदस्य, एवं जिला रसद कार्यालय स्टॉफ आदि उपस्थित रहे। अन्त में संभागीय उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी संजीव शर्मा द्वारा समस्त वक्ताओं व आगुन्तकों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# अखिल भारतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर भामसं ने दिया धरना, सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ (नि.स.)।** भारतीय मजदूर संघ की गुवाहाटी में हुई अखिल भारतीय कार्यसमिति बैठक के 18 मार्च को जिला स्तर पर धरना प्रदर्शन करने के लिये गये प्रस्तावानुसार चित्तौड़गढ़ मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन कर भामसं की 158वीं कार्यसमिति के मांग पत्र का प्रधानमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

मंगलवार को बड़ी संख्या में भामसं के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्री चौराहे पर धरना प्रदर्शन किया जिसकी अध्यक्षता जिला कार्यकारी अध्यक्ष कमलेश तिवारी ने की। मुख्य वक्ता वरिष्ठ पदाधिकारी बलदेव मौड़ रहे। संचालन भामसं जिलामंत्री सागरमल टांक ने किया। इसके पश्चात् जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जिसमें वेतन का 50 प्रतिशत व महंगाई राहत पेंशन का भुगतान करने, ईपीएस 95 की न्यूनम पेंशन 5 हजार करने, ईपीएफ की वेतन सीमा 15 से बढ़ाकर 30 हजार रुपये व ईएसआईसी की वेतन सीमा 21 से बढ़ाकर 42 हजार करने, सार्वजनिक सम्पति की बिक्री पर तत्काल रोक लगाने, बीमा, वित्तीय क्षेत्र में 100 प्रतिशत विदेशी निवेश पर रोक लगाने, स्कीम वर्कर्स को सरकारी कर्मचारियों के समान वेतन एवं सामाजिक सुरक्षा दिये जाने एवं असंगठितक्षेत्र हेतु पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराने की मांग की गई। इस दौरान रतनलाल शर्मा, निर्मला कुमावत, जिला उपाध्यक्ष मनीष पुरी गोस्वामी, ममता जोशी, सीता वैष्णव, पीयूष जोशी, जोगेन्द्र सिंह होड़ा, आदित्य सीमेन्ट केओमसिंह, रामप्रसाद सुखवाल, विद्युत से तुलसीराम शर्मा, चरणसिंह, महेन्द्र मीणा, मंगलसिंह, योगेश सुखवाल, बिड़ला सीमेन्ट से मंजीतसिंह, जयदेव नाथ सहित भामस की सभी यूनियन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# जिला कलक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक

## बजट घोषणाओं के प्रभावी व त्वरित क्रियान्वयन करने सहित विभागीय कार्यों की समीक्षा कर बेहतर प्रगति के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,( अमित शर्मा )।** जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। जिला कलक्टर ने विभागीय कार्यो व योजनाओं की प्रगति की विभागवार समीक्षा करते हुए ई-फाइल व ई-डाक की पेंडेंसी कम करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग, नगर विकास न्यास, पंचायती राज के ज्यादा लंबित प्रकरणों पर संबंधित अधिकारियों को स्वयं के स्तर पर समीक्षा कर ई-फाइल व ई-डाक के प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कहा कि विभागीय अधिकारी स्वयं के विभागों में बेहतर कार्य करने वाले अधीनस्थ कार्मिकों के सम्मान हेतु मुख्य निष्पादन संकेतक मानकों के अनुसार छटनी करें जिससे कि बेहतर कार्य करने वाले कार्मिकों को सम्मानित किया जा सके।जिला कलेक्टर ने बजट घोषणा के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु भूमि का चिन्हीकरण व आवंटन हेतु प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएचईडी को जल जीवन मिशन के शत प्रतिशत कनेक्शन करने, विद्युत विभाग को आदर्श सोलर ग्राम का प्रस्ताव तैयार करने, पीडब्ल्यूडी को



क्षतिग्रस्त आंगनबाड़ियों की मरम्मत के प्रस्ताव तैयार करवाने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने एनजीटी के आदेश अनुसार सीएसआर गतिविधियों हेतु प्राप्त बजट के तहत गुलाबपुरा में विभिन्न कार्यों के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए जिससे कि समय पर शुरू करवाया जा सके। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से विभाग के कार्यों में आ रही समस्याओं की जानकारी ली व त्वरित समाधान किया। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर सिटी प्रतिभा देवतिया, नगर विकास न्यास के ओएसडी चिमन लाल, जिला सांख्यिकी अधिकारी सोनल राज सहित समस्त विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

# टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान : जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रखे प्रभावशाली विचार

### भावना सालवी रही प्रथम, अब राज्य स्तर पर लेगी भाग

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान को गति देने और समाज में टीबी व तंबाकू के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से जिला क्षय रोग निवारण केंद्र में जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न ब्लॉकों से चयनित विद्यार्थियों ने भाग लिया और टीबी के दुष्प्रभावों, तंबाकू सेवन के खतरों, बीमारी के कारणों, लक्षणों और बचाव के उपायों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस दौरान प्रतियोगिता में श्रेष्ठ रहे विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।



**प्रतियोगिता में भावना सालवी रही प्रथम, अब राज्य स्तर पर लेगी भाग :** प्रतियोगिता में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, साथलियास, सहाड़ा की छात्रा भावना सालवी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। अब वह 20 मार्च 2025 को जयपुर स्थित होटल गणगौर, एमआई रोड में आयोजित राज्य स्तरीय आयोजन में भीलवाड़ा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सी. पी. गोस्वामी ने कहा, कि युवाओं की भागीदारी और संकल्प ही देश को टीबी मुक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ अपने विचार रखते हुए टीबी मुक्त समाज के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि टीबी एक गंभीर बीमारी है, लेकिन समय पर उपचार से इसे पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। विद्यार्थियों ने आमजन से तंबाकू छोड़ने, बीमारी के प्रति जागरूक रहने और समय पर जांच व इलाज कराने की अपील की। जिला क्षय रोग नियंत्रण अधिकारी डॉ. प्रदीप कटारिया ने बताया कि टीबी उन्मूलन के लिए सामाजिक सहभागिता बेहद जरूरी है।

उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों में टीबी की जांच व इलाज नि:शुल्क उपलब्ध है और लोग बिना झिझक स्वास्थ्य केंद्रों पर जाकर उपचार कराएं। इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों ने स्वस्थ भारत के निर्माण के लिए अपना योगदान देने का संकल्प लिया। उन्होंने अपने परिवार, मित्रों और समुदाय को भी इस विषय पर जागरूक करने का प्रण लिया।

#### सभी विकास योजनाओं का सही एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें

# जिला कलक्टर ने बजट घोषणाओं और योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ (रेखा खाबिया)।** जिला कलक्टर आलोक रंजन की अध्यक्षता में जिला ग्रामीण विकास अभिकरण सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में बजट घोषणाओं और विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की स्थिति की जानकारी ली गई। जिला कलक्टर ने अवैध कनेक्शन पर प्रभावी कार्रवाई करने और नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल योजना की प्रगति पर भी चर्चा की गई। अजमेर विद्युत वितरण निगम के अधिकारियों से पीएम सूर्य घर योजना, कृषि कनेक्शन और आंगनवाड़ी केंद्रों पर विद्युत कनेक्शन की स्थिति की जानकारी ली गई। साथ ही, निगम की बकाया राशि के बारे में जानकारी प्राप्त की और विद्युत आपूर्ति संबंधित समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए गए।

जिला कलक्टर ने स्वास्थ्य विभाग से जिले में मौसमी बीमारियों की स्थिति की जानकारी ली और सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत मिलावटखोरी पर सख्त कार्रवाई करने को भी कहा गया।

इसके अलावा, रसद विभाग से खाद्य सुरक्षा योजना में लाभार्थियों के नामांकन की स्थिति की समीक्षा की गई और पेंशन सत्यापन, पालनहार योजना जैसी सामाजिक कल्याण योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई। सहकारिता विभाग से अल्पकालीन फसली ऋण, एफपीओ, गोदामों के निर्माण और किसान सम्मान निधि योजना की स्थिति की जानकारी ली गई।

बैठक के अंत में जिला कलक्टर ने सभी विभागों से अपने कार्यों को प्राथमिकता देने और निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए समन्वय स्थापित कर कार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी विकास योजनाओं का सही एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रभात गौतम, अतिरिक्त जिला कलक्टर (भू.अ.) रामचंद्र खटीक, नगर विकास न्यास के सचिव कैलाश चंद्र गुर्जर, आयुक्त नगर परिषद रामकिशोर मेहता, मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी ताराचंद गुप्ता, कोषाधिकारी दिग्विजय सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# दस दिवसीय शोध पद्धति पर राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, ( अमित शर्मा )।** संगम विश्वविद्यालय, भीलवाड़ा में आईसीएसएसआर प्रायोजित दश दिवसीय शोध पद्धति पर प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि विधि आयोग के पूर्व सदस्य प्रोफेसर आनंद पालीवाल थे जिन्होंने वासुदेव कुटुंबकम् व सर्वे भवंतु सुखिन: के आदर्श को आधार मानते हुए शोध कार्य को बढ़ावा देने पर जोर दिया । कार्यक्रम की अतिथि प्रोफेसर अमरेंद्र पानी सह निदेशक शोध एआईयू ने युवा वर्ग को शैक्षणिक कार्य में आगे बढ़ते हुए शोध के नए आयाम के बारे में जानकारी प्रदान करी ।कार्यक्रम अतिथि डॉ राजकुमार चतुर्वेदी प्राचार्य एमएलवी कॉलेज भीलवाड़ा ने स्थानीय स्थल पर शोध को जोर देते हुए कहा कि हमें संस्कृति से जुड़कर शोध के आयाम को बढ़ावा देना चाहिए। संगम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर करुणेश सक्सेना ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए समाज में ज्ञान व शोध की उत्कृष्टता को समझाया। उप कुलपति प्रोफेसर मानस रंजन पाणिग्रही ने आज के समय की शोध की जटिलताओं को सरल भाषा में समझाया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर राजीव मेहता ने कार्यशाला के सफल संचालन के लिए शुभकामनाएं। प्रदान की ।कार्यशाला के उपनिदेशक व अधिष्ठाता प्रबंध संकाय डॉ मुकेश कुमार शर्मा ने 10 दिवसीय शोध कार्यशाला की रूपरेखा से अवगत कराया और स्वागत उद्बोधन किया। कार्यशाला के निदेशक डा तनुजा सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ कल्पना बदलानी व डॉ नेहा सभरवाल ने किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ सुरभि बिरला, डॉ संदीप चौरसिया, डॉ नेहा अजमेरा, सुभाष चौधरी, किशन टॉक, मिनहाजुल करीम, कृष्ण नवल, डा साहिल और संगम विश्वविद्यालय के अन्य शिक्षक गण उपस्थित थे।

# सिसोदिया के नेतृत्व में कार्यकर्ताओ ने डबोक हवाई अड्डे पर पहुँच काँग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा का स्वागत किया



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ (नि.स.)।** युवा नेता , पीसीसी सदस्य प्रमोद सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में काँग्रेस चित्तौड़गढ़ के सैंकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने उदयपुर डबोक हवाई अड्डे पर पहुँच कर काँग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द सिह डोटासरा का स्वागत अभिनंदन किया। जिला काँग्रेस सचिव दिनेश चन्द्र गुर्जर ने बताया कि पीसीसी सदस्य प्रमोद सिह सिसोदिया के नेतृत्व में प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द सिह डोटासरा का मेवाड़ी पगड़ी पहना कर सभी कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर स्वागत किया । प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द सिह डोटासरा ने चित्तौड़गढ़ में काँग्रेस संगठन को मजबूत करने का संदेश दिया ।इस दौरान पीसीसी सदस्य प्रमोद सिंह सिसोदिया के साथ एनएसयूआई प्रदेश महासचिव संजय सैन,अजय लोठ, बाबु गुर्जर ,शोएब अली ,गोटू अली ,सिकन्दर खान,शाकिर शेख,प्रदेश सहसचिव खुमेंद्र गुर्जर,युवक कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष नितिन वर्मा, महेंद्र छापरवाल अल्प संख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष इम्तियाज़ लोहार,लक्ष्मीनारायण कुमावत,मनीष शर्मा चंदेरिया,,नसीर खान,गोटू अली, शौकीन पुरबिया ,राजवीर गुर्जर,जय प्रकाश रेगर,प्रदीप लोठ,रोहित गोराना , मनीष सेन,फतह लाल प्रजापत ,नवाब खान एवं सैंकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# प्रतापनगर थाने के बाहर हिंदू संगठनों का प्रदर्शन, रिपोर्ट दर्ज होने के बाद शांत हुआ मामला



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** होलिका दहन से एक दिन पूर्व गौवंश अवशेष मिलने के मामले में रिपोर्ट दर्ज न होने और परिवादी के साथ अभद्र व्यवहार किए जाने को लेकर सोमवार देर रात प्रतापनगर थाना क्षेत्र में विवाद गहरा गया। इस घटना से आक्रोशित होकर बड़ी संख्या में हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता थाने के बाहर एकत्र हुए और विरोध प्रदर्शन किया।

**तीन घंटे तक चला प्रदर्शन, पुलिस पर लगाए आरोप :** हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं का आरोप था कि रिपोर्ट देने के बावजूद पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया, बल्कि परिवादी को थाने बुलाकर उसके साथ गलत व्यवहार किया। इसको लेकर कार्यकर्ताओं ने प्रतापनगर थाने के बाहर करीब तीन घंटे तक धरना दिया और विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने हनुमान चालीसा का पाठ भी किया।

**रिपोर्ट दर्ज करने और निष्पक्ष जांच के आश्वासन के बाद माने कार्यकर्ता :** थाने के बाहर बढ़ते तनाव को देखते हुए पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू करने का आश्वासन दिया। थाना प्रभारी सुरजीत ठोलिया ने बताया कि गौवंश अवशेष प्रकरण को लेकर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और इसमें निष्पक्ष जांच की जाएगी।

**विहिप ने लगाया पुलिस पर लापरवाही का आरोप :** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के विजय ओझा ने कहा कि होलिका दहन से पहले गौवंश अवशेष मिलने से लोगों में आक्रोश था, लेकिन होली के बाद रिपोर्ट देने के बावजूद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। परिवादी को बुलाकर उसके साथ दुर्व्यवहार किया गया, जिससे कार्यकर्ताओं में गुस्सा था। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर मामले में उचित कार्रवाई नहीं हुई, तो संगठन आगे भी प्रदर्शन करेगा।

### प्रदर्शन के बाद शांत हुआ मामला

करीब तीन घंटे के धरने और विरोध प्रदर्शन के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया, जिसके बाद कार्यकर्ताओं ने धरना समाप्त किया। अब पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई की बात कह रही है।

# राजस्थान पुलिस की विभिन्न मांगों को लेकर दस्तक संस्था ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नाम पर सौंपा जिला कलेक्टर को ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, ( अमित शर्मा )।** 18 मार्च को दस्तक संस्था भीलवाड़ा ने राजस्थान पुलिसकर्मियों की विभिन्न मांगों को लेकर जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू को ज्ञापन सौंपा । संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट कुणाल ओझा ने बताया कि होली का त्यौहार पूरे राजस्थान में बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया लेकिन राजस्थान पुलिस के जवान इस वर्ष होली नही खेल सकें। जब समाचार पत्रों के माध्यम से पता चला की राजस्थान सरकार के स्तर पर इनकी विभिन्न मांगे विभागीय पदोन्नति, वेतन विसंगतिया, साप्ताहिक अवकाश, जोखिम भत्ता, वर्दी भत्ता, मैस भत्ता सहित अन्य मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा ।अध्यक्ष कुणाल ओझा ने कहा कि पुलिस हमारे समाज की मजबूत कड़ी है, जो हमारे त्यौहार को खुशहाल बनाते है, आज उनकी मांगे भी सरकार पूरी नही कर रही है। मंगलवार को इसी मांग को लेकर दस्तक संस्था के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री ने नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा ज्ञापन देने वालों में धर्मवीर सिंह कानावत, नवरत्न जैन, नोनिहाल सिंह गौड़, उदय लाल बोराणा, शोभाग



मल कुमावत, शरद शुक्ला, रोशन सालवी, धर्मेन्द्र तिवाड़ी, नरेन्द्र गुर्जर, सत्यवीर सिंह, रतन चौधरी, आरिफ बागवान, लोकेश खोईवाल, सुरेश जाट, अंकित शर्मा, आरिफ काजी, नारायण गुर्जर, हेमन्त पहाड़िया, सूरज प्रजापत, हितेन्द्र सिंह, दीपक जाट, गौरव पारीक, अनिल गुर्जर, अनिल धाकड़, ऋषभ मेहता, रिंकू कँवर, प्रकाश सरगरा समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे ।

# फाग महोत्सव में कपासन के भक्तगण परंपरागत गैर नृत्य का लुत्फ उठा रहे

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स.)।** क्षेत्र में रंगोत्सव पर्व एवं फाग महोत्सव के उपलक्ष्य में परंपरागत गैर नृत्य का श्रद्धालुओं एवं भक्तों द्वारा उत्साहपूर्वक आयोजन किया जा रहा है।जिसमे भक्तगणों द्वारा ठाकुरजी को पालकी में झुला झुलाकर धार्मिक गीत एवं भजनों पर उत्साहपूर्वक गैर नृत्य किया जा रहा है। जानकारी अनुसार फाग महोत्सव एवं रंगों का पर्व होली प्रारंभ होने के साथ ही होली संबंधी परंपरागत नृत्य,कार्यक्रम एवं विविध व्यंजनों का दौर शुरू हो जाता है।यहां नगर कपासन के मध्य स्थित श्री चारभुजानाथ मंदिर प्रांगण में भक्तगणों द्वारा परंपरागत गैर नृत्य का आयोजन किया जा रहा है।जिसमे नगरवासियों द्वारा बढ़चढकर भाग लेते हुवे फाग महोत्सव एवं रंगो के पर्व होली का आनंद उठाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत श्री चारभुजा मंदिर प्रांगण में प्रतिदिन भक्तगणों द्वारा ठाकुरजी को पालकी में विराजित कर झुला झुलाया जाता है। साथ ही ठाकुरजी की भक्ति से ओतप्रोत गीत एवं भजनों पर रात्रि 8.30 बजे से गैर नृत्य प्रारंभ किया जाता है। जिसका भक्तों द्वारा झूमते नाचते लुत्फ उठाया जा रहा है।नगर में श्री चारभुजानाथ मंदिर प्रांगण में होली के अवसर पर उक्त पारंपरिक गैर नृत्य का आयोजन प्रतिवर्ष की भांति धुलंडी से प्रारंभ होकर रंगपंचमी तक गैर नृत्य का आयोजन किया जाता है।



# रक्तदान का जज्बा 20 किलोमीटर दूर से आकर किया जन्मदिन पर रक्तदान


बढ़ता राजस्थान

**झालरापाटन (नि.स.)।** कई युवा जो हर पीड़ित की मदद के लिए तत्पर रहते हैं। कहते हैं- रक्तदान जीवनदान है। अपना खून देकर किसी की जिंदगी बचाने से बड़ा पुण्य का काम कोई दूसरा नहीं। ऐसा ही पुण्य काम असनावर निवासी अशोक जैन के सुपुत्र ऋषभ जैन ने किया है । अपने जन्मदिन पर 20 किमी दूर से स्वैच्छिक रक्तदान के लिए रवाना होते है ऐसे में टीम मंजुश्री संस्थान के अजय मोमिया का कॉल आता है कि एसआरजी अस्पताल में रक्त की जरूरत के लिए एक मरीज परेशान हो रहा है ऐसे में ऋषभ ने 45 वर्षीय मरीज साजिद खान के लिए रक्तदान कर अपने जन्मदिन पर जीवन दान देकर महान कार्य किया है, ऋषभ ने बताया कि समय समय पर अपने मित्रो को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करते रहते है।

# अंत समय पर समझाइश से संपन्न हुआ नेत्रदान

## घोर दु:ख में बेटे बेटियों ने संपन्न कराया पिता का नेत्रदान

बढ़ता राजस्थान



**झालावाड़ (नि.स.)।** मंगलवार सुबह, पुरानी धान मंडी, रामपुरा निवासी सत्यनारायण मित्तल (नमक वाले) का हृदयाघात से आकस्मिक निधन हुआ । सूचना मिलते ही शाइन इंडिया फाउंडेशन के सदस्यों ने सत्यनारायण की पत्नि गायत्री ,बेटे शानू,बेटियां मोनिका,श्वेता,अंतिमा से सत्यनारायण जी के नेत्रदान करवाने की समझाइश की । सत्यनारायण जी धार्मिक आस्था रखने वाले, विनम्र स्वभाव,और काफी मिलनसार व्यक्ति थे । प्रतिदिन की मथुराधीश जी मंदिर जाना,श्रीनाथजी दर्शन और गौ सेवा के बिना उनके दिन की शुरुआत नहीं होती थी । उनके इसी तरह के स्वभाव के कारण,घोर दु:ख की घटना होने पर भी,परिवार के सभी सदस्यों ने नेत्रदान के बारे में सुनते ही स्वीकृति दे दी। दीपेश की सूचना पर शाइन इंडिया फाउंडेशन की टीम के सदस्यों ने निवास स्थान पर परिवार के सभी सदस्यों के बीच में नेत्रदान की प्रक्रिया को संपन्न किया नेत्रदान प्रक्रिया के दौरान सत्यनारायण के भाई माणक चंद,चंदालाल, जगदीश,दामाद, अग्रसेन,डिंपल,मनीष, सहित सभी नाती पोते मौजूद थे ।

# सत्तापक्ष के पार्षद मंगतसिंह मोनू पर फर्जी पट्टा बनवाने का आरोप

## नगर परिषद ने किया निरस्त, विधायक व सभापति के नजदीकी बताये गये

बढ़ता राजस्थान


**ब्यावर, ( विष्णु दत्त धीमान )।** ब्यावर नगर परिषद ने भाजपा के पूर्व पार्षद व पार्षद दल के मुख्य सचेतक मंगल सिंह मोनू द्वारा कथित तौर पर फर्जी तरीके से बनवाए गए पट्टे को निरस्त कर दिया है। यह मामला चांग गेट स्थित ऐतिहासिक परकोटा दीवार पर अतिक्रमण से जुड़ा है, जहां पूर्व पार्षद ने अपने रसूख का इस्तेमाल कर फर्जी पट्टा बनवा लिया था। हालांकि, मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के बावजूद पट्टा जारी हो गया, जिससे नगर परिषद प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं।


### मामला कैसे खुला?

पूर्व युवक कांग्रेस अध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा के अनुसार, मंगल सिंह मोनू ने 22 नवंबर 2017 को विवादित भूमि की रजिस्ट्री करवाई थी। बाद में इस रजिस्ट्री को फर्जी बताते हुए कुछ लोगों ने 15 अक्टूबर 2018 को ब्यावर पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने धारा 420 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

### चौंकाने वाली बात

मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के बावजूद नगर परिषद ने 9 दिसंबर 2022 को इस विवादित भूमि का पट्टा मंगल सिंह मोनू को जारी कर दिया।


नगर परिषद, ब्यावर
69-क पट्टा-विलेख (फ्री होल्ड)
आवासीय-पट्टा
क्रमांक/ 154
दिनांक 9/12/2022


कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर
Tel No. 01462-258665, 257509 Email Add. npbeawar@gmail.com
क्रमांक:/69ए/2022-23/354 दिनांक-24/01/2022
श्री मंगत सिंह पुत्र सगत सिंह,
किशन गंज ब्यावर।
मो.नं. 7877844444
विषय:- 69 ए के तहत जारी पट्टे को निरस्त करने बाबत्।
अतः आपको जरिये पत्र सूचित किया जाता है आपका जारी पट्टा क्रमांक 154 दिनांक 09.12.2022 तुरन्त प्रभाव से निरस्त किया जाता है।
सूचित रहें।
आयुक्त
नगर परिषद ब्यावर
क्रमांक:/69ए/2022-23/358 दिनांक-24/01/2022
प्रतिलिपि:- सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।
आयुक्त
नगर परिषद ब्यावर

जब इस मामले की जानकारी आरटीआई के जरिए सामने आई, तो पूर्व युवक कांग्रेस अध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा ने उच्चाधिकारियों तक शिकायत पहुंचाई। इसके बाद नगर परिषद ने आनन-फानन में पट्टे को निरस्त कर अपना पल्ला झाड़ने का प्रयास किया।

### अतिक्रमण व संरक्षण का मामला

पूर्व पार्षद ने अपने राजनीतिक रसूख और करीबी संबंधों का गलत फायदा उठाकर इस ऐतिहासिक धरोहर पर अतिक्रमण किया। इस फर्जी पट्टे पर हस्ताक्षर करने वाले पूर्व सभापति नरेश कनौजिया भी विधायक शंकर सिंह रावत के करीबी बताए जाते हैं।

### विधायक पर भी सवाल

विधायक शंकर सिंह रावत ने विधानसभा में ब्यावर क्षेत्र में फर्जी पट्टों और भूमाफिया गैंग्स पर कार्रवाई न होने का मुद्दा उठाया था। लेकिन उनके ही करीबी पार्षद द्वारा किए गए इस फर्जीवाड़े से पूरे मामले पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### भूमाफिया गैंग पर शिकंजा कब ?

ब्यावर शहर में भूमाफिया गैंग्स की सक्रियता और प्रशासनिक संरक्षण को लेकर अब सवाल उठने लगे हैं। शहरवासी उम्मीद कर रहे हैं कि इस मामले की गहराई से जांच कर दोषियों को सजा दिलाई जाए और ऐतिहासिक धरोहरों को अतिक्रमण से बचाया जाए।

### शहरवासियों को इंतजार

अब शहरवासी इस पूरे मामले में फर्जीवाड़े में शामिल अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। नगर परिषद प्रशासन ने पट्टा निरस्त कर भले ही अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने की कोशिश की हो, लेकिन सवाल यह है कि जब मामला न्यायालय में विचाराधीन था तो फिर पट्टा जारी कैसे हो गया?

# मेंहदीपुर बालाजी मंदिर ट्रस्ट ने सामाजिक सरोकार निभाते हुए बोलेरो कार करौली पुलिस को सुपुर्द की



बढ़ता राजस्थान

**मेंहदीपुर बालाजी ( भरत सिंह )।** मेंहदीपुर बालाजी मंदिर ट्रस्ट ने सामाजिक सरोकार निभाते हुए एक नई बोलेरो कार करौली पुलिस को सुपुर्द की है । सिद्दपीठ के मंहत डॉ नरेशपुरी महाराज के सानिध्य में मंगलवार को विधिवत पूजन के बाद मंदिर पदाधिकारियों ने करौली पुलिस को बोलरो कार भेंट की है ।वही टोडाभीम बालाजी चौकी प्रभारी सुगन सिंह को कार की चाबी सौंपी है । पुलिस अधिकारियों ने मंहत डॉ नरेशपुरी महाराज को साधुवाद दिया ।इससे पूर्व दौसा पुलिस को भी एक बोलेरो कैपर कार भेंट की है । ग़ौरतलब है कि मेहंदीपुर बालाजी मंदिर ट्रस्ट समय समय पर सामाजिक सरोकार निभाने में हमेशा अग्रणी रहा है ।धार्मिक , समाजिक सहित अनेकों परोपकारी कार्य मे मेहंदीपुर बालाजी मंदिर ट्रस्ट का अहम योगदान रहता आया है ।

# प्रशिक्षण लेने वाले व्यक्तियों ने पहली बार सीखा सी .पी.आर. देना

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** राजसमंद भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी ज़िला शाखा द्वारा प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण शिविर के दूसरे बैच में प्रशिक्षणर्थियों को प्रशिक्षण के दौरान डॉक्टर राष्ट्र सेना आजाद ने सी. पी.आर.देने की प्रक्रिया लाइव डेमो किया प्रशिक्षणर्थियों ने पहली बार सी.पी.आर. देकर व्यक्ति को होश में लाने की प्रक्रिया को बहुत ही बारीकी से समझाया । मानद सचिव बृजलाल कुमावत ने बताया कि राज्य शाखा के चेयर मेन राजेश कृष्ण बिरला जनरल सेक्रेटरी जगदीश जिंदल के निर्देशानुसार जिला शाखा द्वारा चेयर मेन कुलदीप शर्मा की पहल पर प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण शिविर के दूसरे बैच में 30 व्यक्तियों ने आपातकालीन सेवाओं के साथ रक्तदान ,बर्न केस ,एवं सी. पी. आर. के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। शिविर का अवलोकन संयुक्त निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग डॉक्टर प्रकाश चंद्र शर्मा ने किया । शिविर में 30 व्यक्ति प्रशिक्षण ले रहे हैं। डॉक्टर शर्मा ने बताया कि यह रेटक्रॉस सोसाइटी आम व्यक्तियों को सी.पी.आर. एवं प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दे रही है यह रेडक्रॉस की बहुत ही अच्छी पहल है ।आपातकालीन सेवाओं को आमजन तक पहुंचा कर सेवाओं का लाभ चिकित्सा सेवाओं में अहम भूमिका रहती हैं।

# विराट धर्मसभा एवं शोभायात्रा के निमित पहला निमंत्रण मंशापूर्ण गणपति के चरणों में अर्पित


## क्षेत्र की 81 जातियों व उपजातियों के साथ समाजिक स्तर पर निरंतर बैठके जारी



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** हिन्दू नववर्ष समारोह समिति राजसमंद द्वारा 30 मार्च रविवार को बालकृष्ण स्टेडियम कांकरोली में प्रात: 11 बजे विराट धर्मसभा एवं भव्य शोभायात्रा के कार्यक्रम का आयोजन लेकर समिति सदस्यों द्वारा राजसमन्द के सभी आराध्य देवी देवताओ को निमंत्रण प्रदान किये गए। समिति के प्रचार प्रसार प्रमुख ने बताया कि इस अवसर पर सभी सदस्यों ने मंशापूर्ण गणेश मंदिर गणेश चौक, बड़ा चारभुजानाथ मंदिर सदर बाजार, कालाजी गोराजी मंदिर कलालवाटी, आवरीमाता मंदिर किशोर नगर, चौमुखा महादेव मंदिर जलचक्की कांकरोली, इमली वाले बालाजी, बावड़ी वाले बालाजी, सूंदर बालाजी, भेरूजी बावजी जावद, राठासेनमाता कांकरोली, अन्नपूर्णामाता राजनगर, द्वारकाधीश मंदिर जाकर सभी से इस कार्यक्रम को सफल बनाने व सभी सनातनियो के एकजुट होने की प्रार्थना की समिति द्वारा वृहद स्तर पर कार्यक्रम की तैयारी शुरू की जा चुकी है। इसी क्रम में समस्त सामाजिक संगठनों व जाती बिरादरियों के साथ ट्रस्ट व मंडलो को भी निमंत्रण दिया जाएगा। शोभायात्रा में 21000 मंगल कलश, पूज्य सन्तों व महंतो का सानिध्य, देवी देवताओं व महापुरुषों की झाँकिया, हाथी, ऊँट, घोड़े से सुसज्जित डीजे दल के साथ शोभायात्रा, तीन किलोमीटर लंबी ऑयल पेंट रंगोली, मातृशक्ति का डांडिया रास, युवाशक्ति, सज्जनशक्ति के साथ सम्पूर्ण हिन्दू समाज शोभायात्रा में शामिल होगा।

# आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय महुपुरा में वार्षिक उत्सव मनाया



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( नि.स. )।** आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय महुपुरा रावतभाटा द्वारा संचालित वाल्मीकि सरस्वती संस्कार केंद्र में वार्षिक उत्सव किया गया इसमें मुख्य अतिथि रौनक चौधरी भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष रहे, कार्यक्रम अध्यक्ष राजेंद्र दशोरा भाजपा नगर अध्यक्ष रावतभाटा,विशिष्ट अतिथि यशवंत सेन भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष, इंद्रपाल तोमर विद्यालय समिति के माननीय उपाध्यक्ष, सतीश जी गौतम विद्या भारती कोटा जिला सचिव उपस्थित रहे । अतिथि परिचय विद्यालय के सहायक प्रधानाचार्य मधुसूदन शर्मा द्वारा करवाया गया एवं कार्यक्रम परिचय सीमा साहू द्वारा करवाया गया। वार्षिक उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

चैत्रीय नवरात्र में नवदुर्गा महोत्सव को लेकर पार्षदों की बैठक

## सर्वसम्मति से अमर सिंह पोसवाल को अध्यक्ष बनाने पर बनी सहमति

# पूर्व विधायक गिर्राज मलिंगा की मौजूदगी में हुई बैठक, मलिंगा का किया जोरदार स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के संत नगर रोड स्थित एक निजी मैरिजहोम में नगर पालिका के पार्षदों की सोमवार की रात बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान पार्षदों ने पूर्व विधायक गिर्राज मलिंगा की मौजूदगी में सर्वसम्मति से आगामी क्षेत्रीय नवरात्र महोत्सव को लेकर मेला अध्यक्ष बनाये जाने को लेकर चर्चा की गई। जिसमें वार्ड 18 के पार्षद अमर सिंह पोषवाल को मेला अध्यक्ष बनाने पर सहमति बनी है। अंतिम मोहर नगर पालिका बोर्ड की आगामी बैठक में लगेगी।

बैठक के दौरान पार्षद अमर सिंह पोसवाल ने बताया कि सभी पार्षदों ने एकमत होकर पूर्ण सहमति से जो निर्णय लिया है वह उन्हें स्वीकार है। उनका प्रयास रहेगा कि इस बार मिला दिव्य और भव्य रूप से आयोजित हो। शहरवासी और ग्रामीण क्षेत्र से आए लोग मेले का आनंद ले सकें। मेले में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक प्रोग्राम अच्छे स्तर के हो इसका पूरा प्रयास किया जाएगा।



मेला बैठक के दौरान पूर्व विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा का सभी पार्षदों और बारह भाई मेला कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा जोरदार स्वागत किया। उनको करीब ढाई सौ फीट का साफा बांधा गया। इस दौरान बारह भाई मेला कमेटी के अध्यक्ष रामवीर पोसवाल,महामंत्री पवन चंसौरिया,पूर्व अध्यक्ष सतीश प्रजापति के साथ सुरेश चंद्र लाला, दिनेश ट्रांसपोर्ट,पार्षद प्रवीण सिंघल,बाइस चेयरमेन अहमद जमा खां,नासिर खां,गयाप्रसाद कुशवाह,सुदामा कंसल,सुरजीत गुर्जर,जसवंत सिंह सहित तमाम पार्षद मौजूद रहे।

# 24 श्रेणी पालीवाल समाज का प्रथम फागोत्सव, डीजे की बजाय मौखिक भजनों पर थिरकी महिलाएं

## ठाकुर जी को फूलों की होली खेलाने के बाद महिलाओं ने मनाया फागोत्सव



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** राजसमंद में 24 श्रेणी पालीवाल समाज कांकरोली की महिला मंडल द्वारा प्रथम होली फागोत्सव मनाया गया। इस महोत्सव में सभी महिलाएं पारंपरिक वस्त्र पहनकर पहुंची और मौखिक भजनो की धुनौ पर नाचते गाते फूलों की होली खेली। इस मौके पर पहले ठाकुर जी को फूलों से फाग खेलाया गया और उसके बाद महिलाओं ने भी राजस्थानी और होली गीतों के अलावा भजनों की धुन पर जमकर ठुमके लगाए। कार्यक्रम में अधिक से अधिक महिलाओं की सहभागिता के चलते आंशिक रकम सो रुपए प्रति महिला शुल्क रखा गया। कार्यक्रम की समाप्ति पर महिला मण्डल द्वारा स्नेहभोज का कार्यक्रम रखा गया। पहली बार आयोजित हुए इस सफल कार्यक्रम के बाद महिला मंडल ने तय किया है कि आगे भी इस तरह के सामाजिक आयोजन किये जाते रहेंगे ताकि समाज की महिलाओं में एकरूपता रहे और आपसी प्रेम और सौहार्द बढे। आपको बता दे राजसमंद जिला मुख्यालय पर मूल निवास करने वाले समाज में पालीवाल समाज काफी वृहद स्तर पर है। जिसमें आए दिन कभी महिलाओं के तो कभी पुरुषों के सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन होते रहते हैं। लेकिन होली फाग उत्सव का यह आयोजन प्रथम बार प्रयास किया गया है।

# बीज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष सहित एमपी से आये भाजपा नेताओं का स्वागत

## बसेड़ी रोड स्थित सहकारिता प्रकोष्ठ के कार्यालय पर हुआ कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** बीजेपी के सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला कार्यालय बसेड़ी रोड़ पर मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के मध्य प्रदेश के बीज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा जिला प्रभारी महेंद्र सिंह यादव के साथ राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा हरिकेश मेवाफरोश एवं भाजपा जिला कार्यालय मंत्री ग्वालियर महानगर जड़ेंल सिंह गुर्जर के साथ समाज सेवी रामू यादव,सोनू यादव का बाड़ी आगमन पर साफा एवं माला पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस दौरान सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला कार्यालय पर अपने उद्बोधन में एमपी बीज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लगातार आमजन से जुड़ी समस्याओं के समाधान में लगी है। पार्टी का वर्चस्प लगातार बढ़ रहा है। उसके कार्यकर्ता की मेहनत के बदौलत ही आज पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है। जिसमें सबसे अधिक सदस्यों की संख्या है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पूरे विश्व में मान बढ़ रहा है ।जो देश के लिए गौरव की बात है। हमें इसी एकजुटता से आगे बढ़ना है और आमजन की समस्याओं का ध्यान रखते हुए उसका समाधान करना है। स्वागत कार्यक्रम के दौरान भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा पूर्व जिलाध्यक्ष अजय सिंह परमार उर्फ बॉबी परमार, किसान मोर्चा के महामंत्री संतोष शर्मा,बिजौली मंडल अध्यक्ष रविन्द्र सिंह गुर्जर,सिंगोरई पूर्व सरपंच बालकिशन बंसल,नगर पालिका पार्षद हरिदेव शर्मा, शुभम मंगल सहित दर्जनों भाजपाई मौजूद रहे।



# साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

## योजनाओं की प्रगति एवं राजस्व वसूली पर विस्तृत चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णु दत्त धीमान )।** जिला कलेक्टर डॉ. महेंद्र खडगावत की अध्यक्षता में मंगलवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में प्रशासनिक कार्यों की प्रगति, योजनाओं के कार्यान्वयन और लंबित मामलों के निस्तारण पर गहन चर्चा की गई।

### प्रशासनिक कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा

बैठक की शुरुआत पूर्व समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों की समीक्षा से हुई, जिसमें अधिकारियों से अब तक की प्रगति रिपोर्ट ली गई। संपर्क पोर्टल पर लंबित मामलों को शीघ्र निपटाने के निर्देश दिए गए, ताकि जनता को त्वरित समाधान मिल सके। ई-फाइल प्रणाली की स्थिति पर चर्चा करते हुए डिजिटल प्रशासन को अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया।

### राजस्व वसूली एवं बजट घोषणाओं की समीक्षा

बैठक के दौरान राजस्व वसूली की स्थिति की भी समीक्षा की गई। जिला कलेक्टर ने राजस्व अर्जन से जुड़े अधिकारियों से लक्ष्य प्राप्ति की अद्यतन रिपोर्ट ली और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए कि बकाया राजस्व की शीघ्र वसूली सुनिश्चित की जाए और लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण हो। जिला कलेक्टर डॉ. महेंद्र खडगावत ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने विभागों से संबंधित अद्यतन रिपोर्ट के साथ बैठक में उपस्थित रहें और प्रशासनिक कार्यों को दक्षता एवं पारदर्शिता के साथ संचालित करें। उन्होंने विशेष रूप से लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने प्रशासनिक कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए अपने सुझाव भी प्रस्तुत किए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर मोहनलाल खटनावलिया, उपखंड अधिकारी दिव्यांश सिंह सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## राजाखेड़ा में यूथ कांग्रेस नेता की हत्या का मामला

# एक आरोपी को मध्यप्रदेश से किया गिरफ्तार, इंदौर से पकड़ा

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** राजाखेड़ा में यूथ कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह की हत्या के मामले में पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने फरार चल रहे एक आरोपी तपेंद्र सिंह को मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया है।

राजाखेड़ा थाना पुलिस ने बताया-11 मार्च को भूपेंद्र सिंह पंचायत समिति के गेट पर खड़े थे। इसी दौरान देवी सिंह उर्फ देवा, तपेंद्र, रंजीत और 4-5 अज्ञात लोगों ने उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। गंभीर हालत में भूपेंद्र को आगरा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अगले दिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। थानाधिकारी रामकिशन यादव के नेतृत्व में टीम ने साइबर सेल की मदद से आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस ने तपेंद्र सिंह (27) को गिरफ्तार कर लिया है। तपेंद्र घटना के बाद अपने साथियों के साथ इंदौर भाग गया था। वहां से उसके साथी अलग-अलग दिशाओं में चले गए और वह अपनी बहन के पास चला गया।

पुलिस अधीक्षक ने इंदौर एसपी से संपर्क किया। चंदननगर पुलिस ने आरोपी को वहां से पकड़ लिया। अभी भी देवी सिंह उर्फ देवा, रंजीत, रामनरेश उर्फ नरेशऔर विजयपाल फरार हैं। पुलिस इन आरोपियों की तलाश में जुटी है।

### मामूली बात पर मृतक और आरोपी पक्ष के देवा के बीच हुई थी कहासुनी

पुलिस ने बताया कि 2 मार्च को मृतक पक्ष और आरोपी देवी सिंह उर्फ देवा के मध्य छोटी-मोटी बात पर कहासुनी हो गई थी। इसी कहासुनी में दूसरे दिन एक बार फिर कहासुनी होकर झगड़ा हो गया। जिससे देवी सिंह उर्फ देवा के सिर में चोट आ गई। जिसका प्रकरण थाने पर दर्ज है। इसके बाद आरोपियों ने भूपेंद्र सिंह के साथ पंचायत समिति राजाखेड़ा के गेट पर मारपीट कर दी। गंभीर चोटों के कारण भूपेंद्र सिंह की इलाज के दौरान मौत हो गई।



# फार्मासिस्ट भर्ती 2023 की अंतिम चयन सूची जारी करने की मांग, विधायक कोठारी ने लिखा पत्र

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** शहर विधायक अशोक कोठारी ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखकर फार्मासिस्ट भर्ती 2023 की अंतिम चयन सूची जारी करने की मांग की है। मीडिया प्रभारी पंकज आडवाणी ने बताया कि राजस्थान फार्मासिस्ट एसोसिएशन भीलवाड़ा द्वारा अवगत करवाया गया था कि फार्मासिस्ट भर्ती 2023 की अंतरिम चयन सूची जारी हो चुकी है, लेकिन आज दिनांक तक अंतिम चयन सूची जारी नहीं हो पाई है, जिससे कि राजस्थान के फार्मासिस्ट नियुक्ति के इंतजार में है। विधायक कोठारी ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखकर मांग की है कि जल्द अंतिम चयन सूची जारी कर जरूरतमंद फार्मासिस्टों को रोजगार उपलब्ध करवाया जाए।

# कॉम्बिनेशन स्किन पर लगाएं हल्दी के ये फेस पैक, स्किन बनेगी ग्लोइंग

स्किन कई टाइप की होती है। कुछ लोगों की सेंसिटिव स्किन होती है, तो कुछ लोगों की ड्राय और ऑयली। इसके अलावा कुछ लोगों की कॉम्बिनेशन स्किन होती है। सभी स्किन टाइप को प्रॉपर केयर की जरूरत होती है। सभी स्किन टाइप पर फेस पैक लगाना जरूरी होता है। लेकिन आज हम आपको हल्दी से बने कुछ ऐसे फेस पैक के बारे में बताने जा रहे हैं, जो कॉम्बिनेशन स्किन के लिए फायदेमंद होता है।

## कॉम्बिनेशन स्किन क्या है

कॉम्बिनेशन स्किन ड्राय और ऑयली स्किन से मिलकर बनी होती है। इसमें त्वचा का कुछ हिस्सा ड्राय तो कुछ हिस्सा ऑयली रहता है। कॉम्बिनेशन स्किन में चेहरे का टी जोन एरिया रूखा रहता है, यू जोन एरिया ऑयली रहता है। इसलिए कॉन्बिनेशन स्किन पर ऐसे प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करना चाहिए, जो ऑयली और ड्राय स्किन दोनों कॉम्बिनेशन स्किन ड्राय और ऑयली या तैलीय त्वचा से मिलकर बनी होती है। इसमें त्वचा का कुछ हिस्सा ड्राय तो कुछ हिस्सा ऑयली रहता है। कॉम्बिनेशन स्किन में चेहरे का टी जोन एरिया ड्राय और यू जोन एरिया ऑयली रहता है। ऐसे में आपको ऐसे प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करना होता है, आपकी त्वचा को सुरक्षित रखें।

## हल्दी और नींबू का फेस पैक

नींबू और हल्दी का फेस पैक कॉम्बिनेशन स्किन के लिए काफी फायदेमंद होता है। नींबू त्वचा से एक्सट्रा ऑयल निकालता है। साथ ही त्वचा एक्सफोलिएट भी होती है। हल्दी और नींबू फेस पैक से स्किन एकसार बनती है। हल्दी और नींबू का फेस पैक बनाने के लिए 2 चम्मच बेसन लें, इसमें आधा चम्मच हल्दी और नींबू का रस निचोड़ लें। आप चाहें तो इसमें एलोवेरा भी मिला सकते हैं। नींबू त्वचा के एक्सट्रा ऑयल को निकालेगा, जबकि एलोवेरा स्किन को



मॉयश्चराइज करेगा। बेहतर रिजल्ट के लिए आप हल्द और नींबू फेस पैक को हफ्ते में 2 दिन लगा सकते हैं।

## हल्दी और शहद फेस पैक

हल्दी और शहद फेस पैक सभी स्किन टाइप के लिए लाभकारी होता है। शहद त्वचा को आराम देता है, त्वचा को मॉयश्चराइज करता है। इस फेस पैक को बनाने के लिए आप एक बाउल में एक चुटकी हल्दी पाउडर डालें, इसमें शहद और दूध भी मिलाएं। इस फेस पैक को अपने चेहरे पर लगाएं, 10 मिनट बाद धो दें। दूध त्वचा को पोषण देता है, शहद स्किन को नमी प्रदान करता है। इसके अलावा हल्दी और शहद का फेस पैक लगाने से टैन, पिग्मेंट्शन जैसी समस्याएं भी ठीक होती है। हल्दी फेस पैक रूखी और ऑयली दोनों स्किन टाइप के लिए सही होती है। बहुत अच्छा विकल्प है। तरीका: एक चुटकी हल्दी पाउडर लें एक चम्मच दूध लें एक चम्मच शहद डालें सभी को एक बाउल में मिला लें लागू करें और इसे 10 मिनट तक बैठने दें धोकर मॉइस्चराइज करें।



## हल्दी और नीम फेस पैक

हल्दी और नीम फेस पैक त्वचा की कई समस्याओं को दूर करता है। हल्दी फेस पैक और नीम दोनों में एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण होते हैं। ये दोनों त्वचा को संक्रमण से छुटकारा दिलाने और मुहांसों का इलाज करने में कारगर माने जाते हैं। अगर आपकी कॉम्बिनेशन स्किन है, तो भी आप हल्दी और नीम फेस पैक अप्लाई कर सकते हैं। हल्दी और नीम फेस पैक बनाने के लिए आप सबसे पहले नीम का पेस्ट बना लें। इसमें चुटकी भर हल्दी मिला लें। अब इसे अपने चेहरे और गर्दन पर लगाएं। 20 मिनट बाद चेहरे को अच्छी तरह से धो लें। लेकिन अगर आपकी स्किन सेंसिटिव है, तो आपको हल्दी और नीम फेस पैक लगाने से पहले पैच टेस्ट जरूर लेना चाहिए। क्योंकि नीम में सैलिसिलिक एसिड होता है, जो संवेदनशील त्वचा को नुकसान पहुंचा सकता है।

# वजन कम करने के लिए नींबू और गुड़ का इस्तेमाल करें





आजकल की सुस्त जीवनशैली और खान-पान की गलत आदतों के कारण मोटापे की समस्या आम हो गई है। बच्चे से लेकर बूढ़े तक इस बीमारी का शिकार हैं। मोटापा ना सिर्फ देखने में बुरा लगता है बल्कि अपने साथ कई अन्य बीमारियां भी लेकर आता है। यदि आप अपने बढ़े हुए वजन से परेशान हैं तो इसके लिए आपको अपनी जीवनशैली और खान-पान की आदतों में कुछ बदलाव करने होंगे। वेट लॉस के लिए लोग कई चीजों को अपनी डाइट से बाहर करते हैं तो कई चीजों को अपनी डाइट में शामिल भी करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि कुछ ऐसी चीजें भी होती हैं जिन्हें साथ में खाने से आसानी से वजन कम करने में मदद मिलती है।

**गुड़ और नींबू की ड्रिंक :** आपने वेट लॉस के लिए जीरा पानी या सौंफ के पानी के बारे में तो जरूर सुना होगा। लेकिन आज हम आपको गुड़ और नींबू से बनी ड्रिंक के बारे में बताने जा रहे हैं। ये दोनों ही चीजें आपको किचन में आसानी से मिल जाएंगी। इस ड्रिंक को रोजाना पीने से आपके शरीर में जमा टॉक्सिंस बाहर निकालने में मदद मिलेगी और शरीर में जमा चर्बी भी आसानी से कम हो जाएगी।

**गुड़ और नींबू के फायदे :** गुड़ में एंटी ऑक्सीडेंट, जिंक और सिलेनियम जैसे पोषक तत्व मौजूद होते हैं जिससे शरीर को पोषण मिलता है और इम्युनिटी मजबूत होती है। वहीं, इसमें मौजूद प्रोटीन और फाइबर से मेटाबॉलिज्म बढ़ाने में मदद मिलती है और वजन तेजी से कम होता है। वहीं, नींबू में विटामिन सी और पॉलीफेनॉल एंटी ऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं जो वजन कम करने में मदद करते हैं।

# गर्मियों में सिर पर लगाएं ये तेल, सिर को ठंडा रखने के अलावा मिलते हैं कई फायदे

गर्मियों के दिनों में बाहरी वातावरण काफी गर्म हो जाता है। साथ ही प्रदूषण और पसीने के कारण भी आपकी स्किन खराब हो जाती है। आपके बाल रूखे, बेजान और दोमुंहे हो जाते हैं। साथ ही पसीने के कारण बाल अधिक झड़ने लगते हैं। ऐसे में आपको एक ऐसे हेयर ऑयल की जरूरत होती है, जो बालों और स्कैल्प को पोषण प्रदान करें। हालांकि तमाम लोग इसके लिए कई तरह के प्रोडक्ट्स इस्तेमाल करते हैं लेकिन बालों के लिए ऑयलिंग सबसे जरूरी है और सही तेल चुनना आपके लिए बेहद जरूरी है क्योंकि गर्मियों में ये आपके सिर की गर्मी बढ़ा सकता है। यह बालों को अधिक भारी और तैलीय बनाने की जगह हल्का और मुलायम बनाता है। इसे लगाने के बाद आप बालों को धो सकते हैं।

## बादाम तेल बालों को बनाए मजबूत

विटामिन ई के गुणों से भरपूर बादाम का तेल बालों के लिए बेहतरीन क्लींजिंग एजेंट होता है। जो बालों से गंदगी साफ कर इन्हें पोषण देने में मदद करता है। यह काफी लाइट वेट होता है और बालों को घना और मजबूत बनाने के लिए भी यह काफी अच्छा होता है। इसे आप रात में लगाकर सो सकते हैं और सुबह उठकर शैम्पू से बाल धो सकते हैं।

## जोजोबा ऑयल बालों के लिए फायदेमंद

जोजोबा ऑयल आपके बालों को रूखा, बेजान और डैमेज होने से बचाता है। इसमें एंटी-बैक्टीरियल गुण बालों की सभी समस्याओं से निजात दिलाने में कारगर होता है। इसके एंटीइंफ्लेमेटरी गुण स्कैल्प की त्वचा





को पोषण प्रदान करता है और खुजली को भी कम करने में मददगार साबित हो सकता है। इसके अलावा आपके बाल जोजोबा तेल को पूरी तरह से सोख लेते हैं और बाल ऑयली नजर नहीं आते हैं।

**नारियल तेल :** नारियल तेल हर मौसम में बालों के लिए अच्छा होता है। यह लाइट वेट के साथ बालों को रिपेयर करने में भी मदद करता है। यह स्कैल्प को पोषण प्रदान कर बालों को जड़ों से मजबूत बनाता है और उन्हें मुलायम बनाए रखता है। नारियल तेल में विटामिन्स, मिनरल्स, कैल्शियम, मैग्नीशियम और एंटीबैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं, जो डैंड्रफ कम करने में मदद करता है।

**एवोकाडो ऑयल :** एवोकाडो ऑयल में विटामिन ए, बी, डी और विटामिन ई के साथ-साथ आयरन, एमिनो एसिड और फॉलिक एसिड भी पाए जाते हैं। यह बालों को धूप और प्रदूषण से प्रोटेक्ट करने में मदद करता है। साथ ही यह बालों को नैचुरल साइन और कंडीशनर का काम करता है। इसकी मदद से बाल पतले नहीं होते हैं।

## ऑलिव ऑयल

स्वास्थ्य के लिए जैतून का तेल बहुत फायदेमंद होता है। यह बालों का झड़ना कम करता है। यह रूखे बालों को टूटने और सफेद होने से भी रोकता है। अगर आपके बाल घुंघराले हैं, तो उस स्थिति में भी जैतून का तेल बहुत फायदेमंद है।

# शरीर में फाइबर की कमी होने पर दिखते हैं ये लक्षण, कम फाइबर खाने से होने वाली समस्याएं...



**शरीर में संतुलित मात्रा में पोषक तत्वों की आपूर्ति होने से न सिर्फ शरीर हेल्दी रहता है बल्कि कई बीमारियों से बचाव भी होता है। यही कारण है कि आपको हमेशा संतुलित खानपान की सलाह दी जाती है। आज के समय में मॉडर्न लाइफस्टाइल की वजह से लोगों की सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है। खानपान और लाइफस्टाइल में गड़बड़ी के कारण मोटापा, कमजोरी, डायबिटीज और ह्रदय से जुड़ी बीमारियों का खतरा रहता है। भोजन में पर्याप्त फाइबर की मात्रा न होने से भी आपको कई गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। द लानसेट द्वारा प्रकाशित एक मेडिकल जर्नल में भी इस बात की पुष्टि की गयी है कि शरीर में डाइटरी फाइबर की कमी होने से आपको कई गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। दरअसल फाइबर एक तरह का कार्बोहाइड्रेट ही होता है जो पेट में आसानी से नहीं पचता है। ये कार्ब्स छोटे-छोटे कणों में टूट कर शुगर के रूप में परिवर्तित हो जाते हैं। शरीर में फाइबर की कमी होने पर शरीर में कई लक्षण दिखाई देते हैं।**

## शरीर में फाइबर की कमी के लक्षण

शरीर में फाइबर की संतुलित मात्रा होने से आपका पाचन तंत्र दुरुस्त रहता है। इसके अलावा कब्ज, पेट में गैस बनने की समस्या भी फाइबर की कमी से होती है। दरअसल शरीर में फाइबर की मात्रा की माप करने के लिए अभी तक वैज्ञानिकों के पास कोई तरीका नहीं है लेकिन इसकी कमी होने पर आपके शरीर में दिखाई देने वाले लक्षणों से ही पहचान की जाती है।

## कब्ज की समस्या

आहार में फाइबर की कम मात्रा लेने की वजह से सबसे पहले आपको कब्ज की समस्या होती है। कब्ज होने पर आपको मलत्याग करने में परेशानी होती है और पेट में गड़बड़ी में बनी रहती है। कब्ज होने के कुछ प्रमुख कारणों में से एक यह भी है कि आपके आहार में फाइबर की कमी है। अगर आपको भी कब्ज की समस्या बनी रहती है तो सबसे पहले डॉक्टर की सलाह लेकर फाइबर की अच्छी मात्रा वाले खाद्य पदार्थों का सेवन करना चाहिए।

## ब्लड शुगर स्तर में बदलाव

शरीर में फाइबर की कमी होने पर ब्लड शुगर के स्तर में उतार-चढ़ाव देखने को मिलता है। डायबिटीज के मरीजों में वजन बढ़ने की सबसे प्रमुख वजह डाइट में फाइबर की कमी होती है। जब आप पर्याप्त मात्रा में फाइबर की प्रचुर मात्रा वाले खाद्य पदार्थों का सेवन करते हैं तो इससे आपका वजन भी संतुलित रहता है और ब्लड शुगर का स्तर भी ठीक रहता है।

## वजन बढना

शरीर में फाइबर की कमी होने पर वजन अचानक बढना शुरू हो जाता है। जब आप फाइबर युक्त आहार का सेवन करते हैं तो इससे आपका पेट काफी समय तक भरा रहता है। चूंकि फाइबर युक्त आहार को पचाने में थोड़ा अधिक समय लगता है इसलिए आपको बार-बार भूख नहीं लगती है। और यही कारण है कि वजन कम करने वाले लोगों को फाइबर युक्त आहार का सेवन करने की सलाह दी जाती है।

## पाचन तंत्र का कमजोर होना

शरीर में या आहार में फाइबर की कमी होने पर पेट से जुड़ी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। इसकी वजह से आपको पाचन तंत्र में गड़बड़ी का सामना करना पड़ सकता है। फाइबर की कमी होने पर दस्त की समस्या भी हो सकती है। इसलिए पाचन तंत्र के कमजोर होने पर आपको फाइबर युक्त आहार का सेवन करना चाहिए।

## जी मिचलाने की समस्या

फाइबर की कमी होने पर आपको जी मिचलाने की समस्या हो सकती है। इसकी वजह से आपको मतली या उल्टी की शिकायत भी हो सकती है। चूंकि ज्यादातर हाई कैलोरी और हाई प्रोटीन फूड्स का सेवन करने से यह समस्या हो सकती है। इसकी वजह से आपको थकान का सामना भी करना पड़ सकता है। इसलिए आपकी डाइट में कार्ब्स और फाइबर का होना जरूरी है।

# क्या आपको भी आते हैं सोते समय झटके?

## इस समस्या का कारण, लक्षण और इलाज



क्या आपने कभी सोते हुए ऐसा महसूस किया है कि आप अचानक से नीचे गिर रहे हैं। नींद के दौरान कई लोगों को झटके लगने और गिरने जैसा महसूस होता है। इसकी वजह से आपकी नींद भी खराब हो सकती है और कई बार आप बहुत ज्यादा परेशान हो जाते हैं। इस समस्या के कारण आपको कई बार ऐसा लगता है कि आप सोते समय बेड से नीचे गिर गये हैं या अचानक झटके आ रहे हैं। अगस ऐसा है तो आप हाइपनिक जर्क या स्लीप स्टार्टर की समस्या के शिकार हैं। हाइपनिक जर्क की समस्या के कारण आपको नींद से जुड़ी परेशानी के अलावा कई अन्य समस्याएं भी हो सकती हैं। इसकी वजह से आपकी नींद खराब हो सकती है और मानसिक तनाव भी झेलना पड़ सकता है। यह समस्या सिर्फ सोते समय ही होती है।



### क्या है हाइपनिक जर्क की समस्या?

नींद के दौरान झटका लगने की समस्या को ही मेडिकल की भाषा में हाइपनिक जर्क कहते हैं। यह समस्या आपको नींद में होने पर होती है। हल्की नींद में होने पर आपको ये झटके आते हैं। दरअसल ये झटके उस समय पर आते हैं जब आप न तो पूरी तरह से सो रहे होते हैं और न ही पूरी तरह से जग रहे होते हैं। आमतौर पर इस समस्या में आपकी हार्ट रेट कम होने लगती है और सांसे भी धीरे चलती हैं। अवध हॉस्पिटल के पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ एस के मेहरा कहते हैं कि कुछ लोग हाइपनिक जर्क को नर्वस सिस्टम से जुड़ी समस्या मानते हैं। लेकिन अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं हुई है, कि यह एक नर्वस सिस्टम से जुड़ी समस्या है। एक शोध के मुताबिक लगभग 60 प्रतिशत से ज्यादा लोग हाइपनिक जर्क की समस्या से जूझते हैं लेकिन इनमें से ज्यादातर लोगों को इस बारे में पता ही नहीं चलता है। जब तक इसकी वजह से नींद न खराब हो तब तक इसके बारे में पता चलना मुश्किल हो जाता है।

### क्यों होती है हाइपनिक जर्क की समस्या?

नींद में झटके महसूस होने की समस्या के बारे में अभी तक कोई रिसर्च नहीं हुई है। इसके बारे में कई अध्ययन सामने आये हैं जिसमें ये कहा गया है कि उलझन या सोते समय होने वाली परेशानियों की वजह से ही ये समस्या होती है। इसके पीछे आपकी लाइफस्टाइल से जुड़े कुछ कारण भी जिम्मेदार माने जाते हैं। हालांकि इसके बारे में कुछ सटीक कहना मुश्किल है लेकिन ये माना जाता है कि हाइपनिक जर्क की समस्या इन कारणों से हो सकती है।

- स्ट्रेस, चिंता और थकान आदि के कारण नींद के दौरान झटके आना।
- कैफीन के अधिक सेवन की वजह से हाइपनिक जर्क की समस्या।
- नींद की कमी की वजह से नींद के दौरान झटके महसूस करना।
- कैल्शियम, मैग्नीशियम या आयरन की कमी की वजह से।
- सोते समय गलत पोश्चर या मसल्स में ऐंठन के कारण।
- कुछ दवाओं के सेवन की वजह से।

### हाइपनिक जर्क के लक्षण

हाइपनिक जर्क की समस्या में आपको नींद के दौरान झटके लगते हैं। इसकी वजह से आप अचानक नींद के बीच चौंक कर उठ सकते हैं। कुछ एक्सपर्ट्स यह मानते हैं कि यह पूरी तरह से एक सामान्य समस्या है लेकिन अगर इसकी वजह से आपको बेचैनी या घबराहट महसूस हो रही है तो आपको डॉक्टर से संपर्क जरूर करना चाहिए। हाइपनिक जर्क की समस्या में आपको ये लक्षण दिखाई दे सकते हैं।

- नींद के दौरान चौंक कर उठना।
- नींद के दौरान झटके महसूस करना।
- नींद पूरी न होना।

### सोते समय झटके आने का इलाज और बचाव

सोते समय झटके आना या हाइपनिक जर्क की समस्या का अभी तक कोई सटीक कारण या इसके बारे में सटीक जानकारी नहीं है। इसी वजह से इस समस्या का कोई भी इलाज नहीं है। हाइपनिक जर्क की समस्या होने पर बचाव के लिए आपको इन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

- रोजाना पर्याप्त नींद लें और एक ही समय पर सोयें और उठें।
- सोने से पहले एक्सरसाइज करने से बचें।
- पर्याप्त मात्रा में कैल्शियम और मैग्नीशियम का सेवन करें।
- आयरन की पर्याप्त मात्रा में डाइट शामिल करें।
- कैफीन का सेवन कम करें।
- बहुत ज्यादा हैवी एक्सरसाइज न करें।
- तनाव से बचें।

दैनिक
बढ़ता राजस्थान
www.badhatarajasthan.in
RNI NO. RAJHIN/2010/35060



सोच का ही फर्क होता है, वरना समस्याएँ आपको कमजोर नहीं मजबूत बनाने आती हैं।

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



अपील पर क्या बोला सुप्रीम कोर्ट

## मतदान का रिकॉर्ड रखने वाले फॉर्म को सार्वजनिक किया जाए?

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग (ईसीआई) की इस दलील पर गौर किया कि वह मतदान केंद्रवार मतदाता मतदान के आंकड़ों को अपनी वेबसाइट पर अपलोड करने की मांग पर विचार-विमर्श करने को तैयार है और याचिकाकर्ताओं से 10 दिनों के भीतर चुनाव आयोग के समक्ष अपना पक्ष रखने को कहा। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ क्रमशः टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा और एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स द्वारा 2019 में दायर दो जनहित याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। जनहित याचिकाओं में चुनाव आयोग को लोकसभा और विधानसभा चुनावों में मतदान समाप्त होने के 48 घंटे के भीतर मतदान केंद्रवार मतदाता मतदान डेटा अपनी वेबसाइट पर अपलोड करने का निर्देश देने की मांग की गई है।

चुनाव आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार उनसे मिलकर शिकायत पर चर्चा करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अब नए मुख्य चुनाव आयुक्त हैं। याचिकाकर्ता उनसे मिल सकते हैं और इस पर चर्चा की जा सकती है। तब सीजेआई ने कहा कि इस बीच, चुनाव आयोग के वकील ने कहा है कि याचिकाकर्ता (एनजीओ और सांसद) चुनाव आयोग के समक्ष एक अभ्यावेदन दायर कर सकते हैं और चुनाव आयोग उनकी सुनवाई करेगा और इस बारे में पहले से सूचित करेगा।

## डोटासरा बोले-सरकार किरोड़ीलाल मीणा को हटा नहीं सकी : वे फोन टेपिंग, बजरी पर खुलकर बोलते, अनुशासनहीनता के नोटिस का असर नहीं

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने मंगलवार को सरकार पर जमकर निशाना साधा। उदयपुर में उन्होंने कहा- ये (बीजेपी) ड्रामा पार्टी है। सरकार में ब्यूरोक्रेसी हावी है,जहां पर मंत्रियों की सुनी नहीं जा रही है। सरकार अपनी पार्टी के केबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा को न तो चुप करा पा रही। न ही पार्टी से हटा पा रही। अनुशासनहीनता के नोटिस का भी कोई असर नहीं है। इस दौरान डोटासरा ने कहा- मेरा घर हमेशा नाथी का बाड़ा बना रहे। पीसीसी चीफ ने उदयपुर के सर्किट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसके बाद सिटी पैलेस में अरविंद सिंह मेवाड़ के निधन पर संवेदना जताने गए। उनके साथ पूर्व विधानसभा स्पीकर डॉ. सीपी जोशी भी थे।

### जनता किरोड़ी की बात को गंभीरता से नहीं लेती

सर्किट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए डोटासरा ने किरोड़ी लाल मीणा पर कहा- जयपुर में अक्षय पात्र चौराहे पर सीएम रूट लाइन पर ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले एएसआई सुरेंद्र कुमार की पत्नी को सहायता देने की मांग को लेकर केबिनेट मंत्री डीजीपी के घर जाकर गेट पर खड़ा होकर टक-टक करते है। ये गोविंद डोटासरा नहीं करता है। पहले ही कह देते कि गेट खुला रखना, मैं आ रहा हूं। उन्होंने कहा- जनता अब किरोड़ी की बात को गंभीरता से नहीं लेती है। एक केबिनेट मंत्री को सरकार चुप नहीं करा सकती या छुटटी नहीं कर सकती। उनको अनुशासनहीनता का नोटिस दिया। उसके बाद भी वे एएसआई के परिवार को न्याय की बात हो, फोन टेपिंग हो या बजरी पर बोल रहे हैं।

## विधायक बालमुकुंदाचार्य के बयान पर डिप्टी सीएम बोले : हम अभद्र भाषा का प्रयोग नहीं करते, संस्कार और संस्कृति से रहने वाले लोग हैं

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर।** राजस्थान के उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा मंगलवार को जोधपुर आए। उन्होंने कहा- हम लोग अभद्र भाषा का प्रयोग नहीं करते है। हम लोग संस्कार और संस्कृति से रहने वाले लोग हैं। डिप्टी सीएम ने ये बात हवामहल (जयपुर) विधायक बालमुकुंदाचार्य के लाउडस्पीकर के शोर से कान और माइग्रेन की बीमारियां हो रही है, के बयान पर कहीं। बालमुकुंदाचार्य ने जयपुर में बीजेपी विधि प्रकोष्ठ के होली मिलन समारोह में ये बात कहीं थी।

### किरोड़ीलाल मीणा गलत बोल रहें

एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए किरोड़ी लाल मीणा को सरकार में तवज्जो नहीं मिलने पर बोले- भारतीय जनता पार्टी एक परिवार की तरह है। मीणा हमारे वरिष्ठ नेता है। वे जो बात कह रहे हैं, सब गलत है।

### प्रदेश की 200 विधानसभा में बिना भेदभाव के काम

खींवसर विधायक रेवंतराम डागा के सीएम को लिखे पत्र पर बोले- ऐसा कुछ नहीं है। सरकार राजस्थान की 200 विधानसभा में बिना किसी भेदभाव के काम करवा रही है। बता दें कि खींवसर विधायक रेवंत राम दंगा ने बीते दिनों मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखा था, जिसमें लिखा था कि खींवसर में उनके काम नहीं हो रहे। हनुमान बेनीवाल के काम हो रहे हैं।

### प्रदेशवासियों को महंगाई से राहत दी

डीपीसी चौराहे पाल बाईपास में भाजपा कार्यकर्ताओं के होली स्नेह मिलन समारोह में कहा- डबल इंजन की सरकार 'विकसित-भारत, विकसित-राजस्थान' के निर्माण लिए कटिबद्ध होकर काम कर रही है। उन्होंने कहा हर वर्ग के उत्थान व कल्याण के लिए प्रदेश सरकार ने कई कदम उठाए है।

# जयपुर में हथियार लेकर घूम रहे 4 बदमाश गिरफ्तार

## 5 देशी पिस्टल और 375 गोलियां मिलीं; तीन आरोपियों ने एक ही व्यक्ति से खरीदे हथियार

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** जयपुर में चार बदमाशों को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया गया है। बदमाशों से 5 देशी पिस्टल, एक बाहर बोर बंदी और 373 गोलियां (7.65 एमएम) और 2 बाहर बोर जिंदा कारतूस बरामद की है। सभी बदमाशों को अलग-अलग जगह हुई कार्रवाई में गिरफ्तार किया गया। डीसीपी वेस्ट अमित कुमार ने बताया- डीएसटी और करधनी थाना पुलिस ने हथियार सप्लाई करने वाले संदिग्धों के खिलाफ अभियान चला रखा है। इस दौरान तीन संदिग्धों को डिटेन कर पूछताछ की। इसके बाद पुलिस ने चार एफआईआर दर्ज चार बदमाशों को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया। इन बदमाशों के पास से पुलिस टीम को बड़ी संख्या में हथियार और कारतूस मिले हैं। हथियारों के संबंध में बदमाशों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है।

### पहली कार्रवाई

डीएसटी टीम के कॉन्स्टेबल कोमल सिंह ने टेलीफोन कर करधनी थाने को सूचना दी। थाने को बताया- मेरे मुखबिर की सूचना है कि बैनाड़ रोड ममता होटल के आगे सड़क पर एक व्यक्ति खड़ा है। उसके हाथ में काले रंग के कपड़े की थैली है। उसमें अवैध हथियार हो सकते हैं। सूचना मिलने पर एसआई चमन लाल तुरन्त मौके पर पहुंचे। आरोपी ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ा। युवक ने अपना नाम उत्तम सिंह भदोरिया (22) पुत्र थानेदार सिंह राजपूत बताया। जो मध्यप्रदेश के भिंड जेले के गांव हीरालालपुरा का रहने वाला है। जयपुर के झोटवाड़ा में निवारू पुलिया के साथ प्लाट नंबर 61 शिव नगर में रह रहा है। टीम ने आरोप के थैले से तीन देशी पिस्टल, 50 जिंदा कारतूस, एक 12 बोर बंदूक मय दो जिंदा कारतूस बरामद की। आरोपी ने हथियार मध्य प्रदेश से लेकर आना बताया।

### दूसरी कार्रवाई

करधनी थाने के हेड कॉन्स्टेबल शक्ति राज सिंह को सूचना मिली कि एक लड़का डीमार्ट से करधनी सेंट्रल पार्क की तरफ घूम रहा है। इसके पास अवैध हथियार हो सकता है। इस पर शक्ति राज मौके पर पहुंचे। युवक को पकड़ा। युवक ने खुद का नाम उत्सव कुमावत (20) पुत्र तरुण कुमावत बताया। जो जयपुर के चौमूं जिले के गांव रामपुरा डाबरी का रहने वाला है। अभी झोटवाड़ा के प्रेम नगर में प्लॉट नंबर डी 130 में रह रहा है। आरोपी की जेब से 13 जिंदा कारतूस मिले। आरोपी ने बताया- वह यह कारतूस उत्तम सिंह भदोरिया से लेकर आया। इसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया।

### तीसरी कार्रवाई

करधनी थाने के एएसआई धर्मेन्द्र सिंह को सूचना मिली की राव इंटरनेशनल स्कूल के आगे आर्मी एरिया में एक व्यक्ति अवैध हथियार और कारतूस के साथ घूम रहा है। इस पर धर्मेन्द्र सिंह मौके पर पहुंचे। युवक ने खुद का नाम धर्म प्रताप सिंह जादौन (38) मोहन सिंह बताया। जो करौली के मदन मोहन मंदिर के पास रहता है। जयपुर में निवारू रोड स्थित अर्जुन पथ पर प्लाट नंबर 145 ए गोविंद नगर 11 में रहता है। युवक के कैरी बैग में एक देशी पिस्टल और 8 सफेद प्लास्टिक में 300 जिंदा कारतूस मिले। इन हथियार और जिंदा कारतूस को उत्तम सिंह भदोरिया से लेना बताया। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार किया।

### चौथी कार्रवाई

करधनी थाने के हेड कॉन्स्टेबल कैलाश चंद को सूचना मिली की 206 बीघा में पार्क के पास एक लड़का खड़ा है। युवक के पास अवैध हथियार हो सकते हैं। इस पर कैलाश टीम के साथ मौके पर पहुंचा। युवक को पकड़ा। युवक ने खुद का नाम नेत्रपाल सिंह सैन (21) पुत्र खेमसिंह बताया। जो उत्तरप्रदेश के मथुरा स्थित हंसराज कॉलोनी गोर्वधन चौराहा का रहने वाला है। जयपुर में करणी नगर स्थित ज्ञानजी फार्म के पास रह रहा है। आरोपी के पास एक पिस्टल छुपाई मिली। पेंट की पीछे की जेब में एक प्लास्टिक पैकिट में कुल 10 जिन्दा कारतूस मिले। अवैध हथियार व जिन्दा कारतूस उत्तम सिंह भदोरिया से लेना बताया। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया गया।

## 2 दिन बाद फिर बारिश की संभावना

### ठंडी हवा के कारण तापमान गिरा, माउंटआबू में अब भी 10 डिग्री टेम्परेचर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** वेस्टर्न डिस्टर्बेंस से हुई बारिश-ओलावृष्टि और उत्तर भारत से चली हवा से राजस्थान में एक बार फिर से सुबह-शाम की हल्की ठंड हो गई।

मौसम विशेषज्ञों ने राज्य में अगले दो दिन इसी तरह का मौसम बने रहने की संभावना जताई है। मौसम केंद्र के अनुसार 20 मार्च से राज्य में एक नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के एक्टिव होने और उसके प्रभाव से उत्तर-पूर्वी राजस्थान के शहरों में फिर बादल छाने और कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है।

अधिकतम तापमान में भी गिरावट-सिरोही, फतेहपुर, नागौर, पिलानी, हनुमानगढ़ समेत कुछ शहरों में रात का न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से नीचे और राज्य के सभी शहरों में दिन का अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ।

पिछले 24 घंटे के दौरान राजस्थान में सबसे अधिक तापमान बाड़मेर में 35.5 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ, जो यहां के औसत तापमान से एक डिग्री सेल्सियस कम दर्ज हुआ। राज्य के शहरों में दिन के तापमान में गिरावट होने से लोगों को दिन की गर्मी से राहत रही।

# राम मंदिर में रामदरबार का सिंहासन बनकर तैयार

## मकराना के सफेद पत्थर से बना गर्भगृह



बढ़ता राजस्थान

**अयोध्या ( एजेंसी )।** अयोध्या में रामनवमी से पहले ट्रस्ट ने भव्य राम मंदिर की 8 नई तस्वीरें जारी की हैं। इसमें फर्स्ट फ्लोर पर राम दरबार की स्थापना के लिए सफेद संगमरमर का सिंहासन बनकर तैयार हो गया है।

ग्राउंड फ्लोर की ही तरह फर्स्ट फ्लोर पर सिंहासन बनाया गया है। गर्भगृह में भव्य नक्काशी की गई है। सामने मंडपम बनाया गया है। इसके खंभों में भी नक्काशी की गई है, जो कि जयपुर के पिंक सैंड स्टोन से बनाया गया है।

राम जन्मभूमि परिसर में राम मंदिर के अलावा 14 और मंदिर बन रहे हैं। इनमें मूर्तियों की स्थापना के लिए अभी शुभ तिथि 30 अप्रैल (अक्षय तृतीया) और प्राण प्रतिष्ठा 5 जून (गंगा दशहरा) को तय हुई है। हालांकि ट्रस्ट की मुहर लगना अभी बाकी है।

### 30 अप्रैल से पहले मूर्तियां जयपुर से आ जाएंगी

राम दरबार की सभी मूर्तियां राजस्थान के जयपुर में तैयार हो रही हैं। 30 अप्रैल से पहले सभी मूर्तियां यहां पहुंच जाएंगी। राम मंदिर के फर्स्ट फ्लोर पर राम दरबार की स्थापना की जानी है, जबकि परकोटे में 6 मंदिर बन रहे हैं। इनमें भगवान सूर्य, गणेश, हनुमान, शिव, माता भगवती और माता अन्नपूर्णा की मूर्ति स्थापित होंगी। इसके अलावा, सप्त मंडपम में 7 मंदिर बन रहे हैं। इनमें महर्षि वाल्मीकि, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि अगस्त्य, महर्षि वशिष्ठ, निषादराज, अहिल्या और शबरी की मूर्ति स्थापित होंगी।

### ज्योतिषाचार्यों और ट्रस्ट की देर शाम हुई बैठक

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने सोमवार देर शाम को ज्योतिषाचार्यों के साथ मूर्तियों की स्थापना, प्राण प्रतिष्ठा के मुहूर्त और तिथि पर कारसेवक पुरम में बैठक की। ज्योतिषाचार्यों के साथ ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और निर्माण प्रभारी गोपाल राव भी रहे। अभी तय हुआ कि मूर्तियों की स्थापना के लिए अक्षय तृतीया (30 अप्रैल) और प्राण प्रतिष्ठा के लिए गंगा दशहरा (5 जून) की तिथि सबसे अच्छी है। प्राण प्रतिष्ठा के शुभ मुहूर्त को लेकर ट्रस्ट अंतिम मुहर लगाएगा।

# औरंगजेब मकबरे को लेकर झड़प के बाद महल में भारी पुलिस बल तैनात; 15 गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र के नागपुर में सोमवार रात को हिंसा भड़क उठी, जब यह अफवाह फैली कि औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग को लेकर एक दक्षिणपंथी समूह द्वारा किए जा रहे विरोध प्रदर्शन के दौरान एक पवित्र पुस्तक को जला दिया गया। बढ़ते तनाव के कारण भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत नागपुर के कई हिस्सों में कर्फ्यू लागू कर दिया गया है। कर्फ्यू कोतवाली, गणेशपेठ, तहसील, लकड़गंज, पचपावली, शांतिनगर, सक्करदरा, नंदनवन, इमामवाड़ा, यशोधरानगर और कपिलनगर पुलिस स्टेशनों के क्षेत्राधिकार पर लागू होता है।

पीटीआई के अनुसार, शाम करीब साढ़े सात बजे महल के चिटनिस पार्क इलाके में झड़पें हुईं, जिसमें पुलिस पर पत्थर फेंके गए, जिसमें छह नागरिक और तीन अधिकारी घायल हो गए। बाद में यह हिंसा कोतवाली और गणेशपेठ तक फैल गई और शाम को यह और भी तेज हो गई। करीब 1,000 लोग बड़े पैमाने पर पथराव, तोड़फोड़ और आगजनी में शामिल थे, जिसमें कई वाहन और घर क्षतिग्रस्त हो गए।

समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार नागपुर पुलिस आयुक्त के अनुसार, हिंसा रात 8 से 8:30 बजे के बीच चरम पर थी, जिसके बाद सुरक्षा बलों को हस्तक्षेप करना पड़ा। हिंसा नागपुर के हंसपुरी इलाके में फैल गई, जहां अज्ञात लोगों ने दुकानों में तोड़फोड़ की, वाहनों को आग लगा दी और महल में पहले हुई झड़प के बाद पत्थरबाजी की, जिससे तनाव बढ़ गया था।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# अमेरिकी अरबपति के बेंगलुरु स्थित एनजीओ पर ईडी की रेड

## एफईएमए उल्लंघन का आरोप; जॉर्ज सोरोस पीएम मोदी को अलोकतांत्रिक कह चुके

बढ़ता राजस्थान

**बेंगलुरु ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री मोदी को अलोकतांत्रिक कहने वाले अमेरिकी अरबपति जॉर्ज सोरोस से जुड़े एनजीओ पर रेड हुई है। बेंगलुरु स्थित जॉर्ज सोरोस फाउंडेशन, ओपन सोरोस फाउंडेशन और एमनेस्टी इंटरनेशनल के दफ्तरों पर ईडी ने छापा मारा।

एजेंसी ने एमनेस्टी और ह्यूमन राइट्स वॉच के पूर्व-वर्तमान कर्मचारियों के घरों की भी तलाशी ली। रिपोर्ट्स के मुताबिक ईडी की कार्रवाई विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम के उल्लंघन को लेकर हुई। छापे को लेकर ओएसएफ की तरफ से फिलहाल आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।




एमनेस्टी इंटरनेशनल ने दिसंबर 2020 में ही भारत में अपनी एक्टिविटी बंद कर दी थी। संस्था के बैंक खाते अवैध विदेशी फंडिंग के आरोप के चलते फ्रीज भी किए गए थे।

एमनेस्टी और ह्यूमन राइट्स वॉच पर ओपन सोरोस फाउंडेशन से फंडिंग मिलने का आरोप है। इस मामले में सीबीआई इनके खिलाफ चार्जशीट फाइल कर चुकी है। अब ईडी इसकी जांच कर रही है।

### प्रधानमंत्री मोदी के विरोधी रहे हैं जॉर्ज सोरोस

जॉर्ज सोरोस का जन्म 12 अगस्त, 1930 को हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में हुआ था। जॉर्ज पर दुनिया के कई देशों की राजनीति और समाज को प्रभावित करने का एजेंडा चलाने का आरोप है। सोरोस की संस्था 'ओपन सोसाइटी फाउंडेशन' ने 1999 में पहली बार भारत में एंट्री की। 2014 में इसने भारत में दवा, न्याय व्यवस्था को बेहतर बनाने और विकलांग लोगों को मदद करने वाली संस्थाओं को फंड देना शुरू किया। 2016 में भारत सरकार ने देश में इस संस्था के जरिए होने वाली फंडिंग पर रोक लगा दी। अगस्त 2023 में जॉर्ज का म्यूनिख सिक्योरिटी काउंसिल में दिया बयान बेहद चर्चा में रहा।